▸▸ वर्ष 73 ▸▸ अंक 215 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 04 मई, 2026
▸▸ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2083
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

साहस का मतलब है–
डर से पूरी तरह कांपते
हुए भी आगे बढ़ जाना।
- जॉन वेन

**चुनाव परिणाम आजः सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना, 11 बजे से मिलने लगेंगे रुझान**

# आज ईवीएम से निकलेगी पांच राज्यों में अगली सरकार की सियासी तस्वीर

**कोलकाता/चेन्नई/ गुवाहाटी-तिरुवनंतपुरम/ पुडुचेरी जेएनएन।** सोमवार को पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों के नतीजों के साथ ही इन राज्यों में नई सरकार की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। सुबह 8 बजे से शुरू होने वाली मतगणना के साथ ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि इन राज्यों में किस दल या गठबंधन को जनता ने सत्ता की जिम्मेदारी सौंपी है।

इस बार के चुनाव कई मायनों में खास हैं। जहां पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच कड़ा मुकाबला है, वहीं तमिलनाडु और पुडुचेरी में नए राजनीतिक समीकरण बनते दिख रहे हैं। केरल में सत्ता परिवर्तन की परंपरा फिर चर्चा में है, जबकि असम में हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा 'हैट्रिक' का दावा कर रही है।

एग्जिट पोल के अनुमान भले ही कुछ संकेत दे रहे हों, लेकिन अंतिम फैसला मतगणना के बाद ही सामने आएगा। यह चुनाव परिणाम न सिर्फ इन राज्यों की राजनीतिक दिशा तय करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति और आने वाले लोकसभा चुनावों पर भी असर डाल सकते हैं।

इस बार के चुनाव सिर्फ राज्यों की सरकार तय करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें आगामी लोकसभा चुनावों से पहले बड़े राजनीतिक संकेत के तौर पर भी देखा जा रहा है। 8 बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) खोली जाएंगी। सुबह 9.30 बजे तक शुरुआती रुझान आने लगेंगे, जबकि दोपहर तक तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी। शाम तक सभी राज्यों के अंतिम परिणाम घोषित होने की संभावना है। मतगणना के लिए व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की गई है। बंगाल में ही 432 काउंटिंग ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं।



### पश्चिम बंगालः भाजपा और टीएमसी के बीच सीधी टक्कर




पश्चिम बंगाल में मुकाबला सत्तारूढ़ तृणमूल और भाजपा के बीच है। ममता बनर्जी चौथी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही हैं, वहीं भाजपा सत्ता में आने के लिए पूरी ताकत झोंके हुए हैं। हाल के दिनों में यहां सियासी तनाव चरम पर है। फालता में चुनावी अनियमितताओं के चलते पुनर्मतदान का आदेश दिया गया है। जबकि मतगणना से पहले सुरक्षा और पारदर्शिता को लेकर आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हैं। कहीं काउंटिंग ड्यूटी की जानकारी लीक होने का आरोप लगा, तो कहीं स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा को लेकर विवाद हुआ।

### तमिलनाडुः डीएमके बनाम विपक्ष, टीवीके ने दिलचस्प बनाया मुकाबला



तमिलनाडु में सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) दोबारा सत्ता में लौटने की कोशिश में है, जबकि विपक्षी दल उसे कड़ी चुनौती दे रहे हैं। इस बार चुनाव की सबसे बड़ी खासियत अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) का मैदान में उतरना रहा। एग्जिट पोल के बाद संभावित 'हंग असेंबली' की आशंका के बीच टीवीके ने अपने विधायकों को एकजुट रखने के लिए 'रिसॉर्ट पॉलिटिक्स' की तैयारी तक कर ली है, जिससे राज्य की राजनीति और रोचक हो गई है।

### असमः भाजपा को 'हैट्रिक' की उम्मीद



असम में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बीच है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने का दावा कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस वापसी को लेकर आश्वस्त दिख रही है। राज्य की 126 सीटों पर 722 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### केरलमः क्या हो पाएगा सत्ता परिवर्तन



केरल में मुकाबला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच है। एग्जिट पोल में यूडीएफ को बढ़त के संकेत हैं। ऐसा होता है, तो यह केरल की पारंपरिक राजनीतिक व्यवस्था की वापसी होगी, जिसमें हर पांच साल में सत्ता बदलती रही है।

### पुडुचेरीः त्रिकोणीय मुकाबला और एनडीए की चुनौती



पुडुचेरी में इस बार मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। सत्ताधारी एनडीए गठबंधन (एआईएनआरसी और भाजपा) अपनी सरकार बचाने की कोशिश में हैं, जबकि कांग्रेस-डीएमके गठबंधन वापसी के लिए प्रयासरत है। यहां भी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है, खासकर युवा वोटरों में इसका असर देखा गया है।

### एग्जिट पोलः कहां किसका पलड़ा भारी

- पश्चिम बंगाल में टीएमसी और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर
- तमिलनाडु में डीएमके गठबंधन को बढ़त
- केरल में सत्ता परिवर्तन के संकेत
- असम में भाजपा सरकार की संभावना
- पुडुचेरी में एनडीए को बढ़त

### चार बड़े सवालः जिनके आज मिलेंगे जवाब

- क्या बंगाल में भाजपा ममता बनर्जी के शासन का अंत कर पाएगी?
- क्या तमिलनाडु में डीएमके सत्ता बचा पाएगी?
- क्या केरल में सत्ता परिवर्तन का पुराना चक्र लौटेगा?
- क्या असम में भाजपा 'हैट्रिक' लगाएगी?

***इन सभी सवालों के जवाब अब बस कुछ ही घंटों दूर हैं, जब ईवीएम से जनता का अंतिम फैसला निकलेगा।***

**उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में इकोनॉमिक कॉरिडोर का भूमिपूजन**

# प्रदेश के विकास में किसानों की भागीदारी अहमः सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में औद्योगिक, शहरी और आर्थिक विकास की नई गतिविधियों से प्रगति के नए द्वार खुल रहे हैं। इसमें किसानों की भी भागीदारी है, जो हमें हमारे लक्ष्यों की ओर तेजी से ले जा रही है। मुख्यमंत्री रविवार को उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजना इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का ग्राम नैनोद में भूमिपूजन के उपरांत अपना संबोधन दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेट्रोपॉलिटिन सिटी के अंतर्गत दो नए एयरपोर्ट इंदौर और उज्जैन में विकसित किए जाएंगे। इससे युवा, किसान, महिला और गरीब सहित सभी वर्गों के विकास से जुड़े व्यापक हित साकार होंगे। कॉरिडोर से रोजगार के करीब 6 लाख नए अवसर सृजित होंगे। इसमें 5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और 1 लाख अप्रत्यक्ष, रोजगार सृजित होंगे। इंदौर के 17 गांवों के किसानों का जीवन बदल जाएगा। उन्होंने कहा, विकास एक क्रमिक प्रक्रिया है। प्रदेश में अधिकाधिक औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के जरिए उत्पादन गतिविधियों का विस्तार और निर्यात वृद्धि हमारा प्रमुख लक्ष्य है। हम उद्योग-धंधों को बढ़ावा देकर प्रदेश के औद्योगिक विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह कॉरिडोर सच्चे अर्थों में नये मध्यप्रदेश के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। यह कॉरिडोर यहां की नई संभावनाओं, नए सपनों और नए अवसरों का गेट-वे है।

डॉ. यादव ने कहा कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण में सड़क, परिवहन और औद्योगिक ढांचे को मजबूत किया जाएगा। कॉरिडोर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए मध्यप्रदेश को एक आकर्षक गंतव्य बनाएगा तथा बेहतर कनेक्टिविटी के साथ आधुनिक अधोसंरचनाओं से लैस यह क्षेत्र जल्द ही देश के प्रमुख इंडस्ट्रियल हब के रूप में अपनी पहचान बनायेगा।



### 6 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस पर तेजी से काम

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 1700 किमी लंबे 6 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट पर तेजी से काम जारी है। प्रदेश में 3 हजार 368 किमी लंबे 6 बड़े एक्सप्रेस-वे, प्रगति पथ और 48 नए इंडस्ट्रियल पार्क भी विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 5 ग्रीनफ़ील्ड कॉरिडोर्स बनाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना में किसानों के हितों को केंद्र में रखते हुए 60 प्रतिशत विकसित भूमि वापस देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इससे अब वे विकास प्रक्रिया में भागीदार भी बन रहे हैं। आज यदि हमारा मध्यप्रदेश उद्योगों के उजालों से रोशन हो रहा है, तो इसमें किसानों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने अपनी पुश्तैनी जमीनें सरकार को दीं। हमने किसानों की बात सुनी। उनका समर्थन पाया और उन्हें इस कॉरिडोर के निर्माण में भागीदार भी बनाया। कॉरिडोर निर्माण में करीब 650 करोड़ रुपये के विकसित प्लॉट किसानों को दिए गए। इससे वे भी विकास के इस महायज्ञ में भागीदार बने।

### देश की सर्वश्रेष्ठ परियोजना बनेगी

इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना देश की सर्वश्रेष्ठ योजनाओं में शामिल होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष प्रयासों से आकार ले रही यह परियोजना प्रदेश के विकास का मजबूत आधार बनेगी। यह कॉरिडोर प्रदेश के विकास को नई दिशा देगा और औद्योगिक विस्तार का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। औद्योगिकीकरण के लिए सरकार ने हमेशा किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा है। किसानों को उनकी संतुष्टि के अनुसार उचित मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसकी जमीन के बदले ऐसा मुआवजा मिलना चाहिए कि वह बेहतर विकल्प प्राप्त कर सके। इस योजना के तहत लाभान्वित किसानों को इतना लाभ मिला है कि वे आर्थिक रूप से सशक्त हुए हैं।



म्युचुअल फ़ंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें.

# कलेक्टर ने नैनपुर कृषि उपज मंडी का किया निरीक्षण

## किसानों और व्यापारियों से किया सीधा संवाद

जागरण मंडला



कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने रविवार को नैनपुर भ्रमण के दौरान कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंडी परिसर में किसानों की फसल खरीद, रखरखाव और शेड की सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। मंडी सचिव से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि नैनपुर मंडी में विस्तार की पर्याप्त संभावनाएं हैं। वर्तमान में डी श्रेणी की यह मंडी है, जिसे सी श्रेणी में अपग्रेड करने के लिए जरूरी मानकों को पूरा करने के प्रयास किए जाएं, ताकि किसानों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

कलेक्टर श्री धोटे ने मंडी परिसर में ही किसानों के साथ चौपाल लगाकर सीधा संवाद किया। किसानों ने चमकविहीन गेहूं के उपार्जन, स्लॉट बुकिंग में आ रही दिक्कत, उर्वरक वितरण की ई-टोकन व्यवस्था, फसल बीमा, सहकारी समितियों की कर्ज वसूली और पराली प्रबंधन से जुड़ी समस्याएं रखीं। कलेक्टर ने किसानों को आश्वस्त किया कि शासन के निर्धारित मानकों के अनुसार ही सभी उपार्जन केंद्रों में गेहूं की खरीद की जा रही है। स्लॉट बुकिंग को लेकर उन्होंने कहा कि किसान परेशान न हों, जिनकी फसल का उपार्जन हो चुका है उन्हें शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। फसल बीमा को लेकर कलेक्टर श्री धोटे ने बताया कि आगामी समय में नैनपुर में विशेष कैंप लगाकर किसानों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके बाद कलेक्टर श्री धोटे ने नैनपुर के अनाज व्यापारियों से भी चर्चा की। मंडी परिसर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तार से बातचीत हुई। कलेक्टर ने कहा कि मंडी का उन्नयन होने से व्यापारी और किसान दोनों को लाभ होगा।निरीक्षण के दौरान एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर, तहसीलदार, डीएसओ, डीएम नान, डीएम वेयरहाउसिंग, जेएसओ, मंडी सचिव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस की नई पहल : एसपी अगम जैन ने गांव में किया रात्रि विश्राम, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद



**छतरपुर।** जिले में पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल सामने आई है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने ओरछा रोड क्षेत्र अंतर्गत महेवा ग्राम पंचायत के मुकरबा गांव में पहुंचकर रात्रि विश्राम किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया।

इस दौरान उनके साथ एडिशनल एसपी आदित्य पटले भी मौजूद रहे। वहीं जिले के सभी थाना प्रभारी और एसडीओपी ने भी अपने-अपने क्षेत्रों के चयनित गांवों में पहुंचकर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया और रात्रि विश्राम किया। एसपी अगम जैन ने पूर्व में ही निर्देश दिए थे कि प्रत्येक थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के एक गांव को चिन्हित कर वहां जाकर शाम को ग्रामीणों से संवाद करें और उनकी समस्याओं को सुनते हुए मौके पर समाधान का प्रयास करें। मुकरबा गांव में आयोजित जनसंवाद के दौरान एसपी ने ग्रामीणों की पुलिस से जुड़ी समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए अपनी समस्याएं खुलकर अधिकारियों के सामने रखीं।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए दो युवक हालत गंभीर, झांसी मेडिकल रेफर

**छतरपुर।** जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां 11 हजार केवी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए। घटना वार्ड नंबर 11 स्थित कालका मैरिज हाउस के पीछे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शब्बीर खान (16) और साहिल खान (18) सुबह करीब 10 बजे अपने मकान की छत पर गए थे, तभी छत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन के संपर्क में आ गए। करंट लगते ही दोनों युवक बुरी तरह झुलस गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन तुरंत उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। उनका आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते मकानों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन निकाली गई है, जिससे लगातार हादसों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से लाइन हटाने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

# बक्सवाहा में स्वास्थ्य सेवाएं फेल- 3 घंटे तक नहीं मिली एम्बुलेंस, घायलों को निजी वाहनों से भेजना पड़ा



**बक्सवाहा।** क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की लचर हालत एक बार फिर उजागर हो गई, जब सड़क हादसे में घायल युवकों को समय पर एम्बुलेंस सुविधा तक उपलब्ध नहीं हो सकी। शुक्रवार को बम्होरी-सागर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास शाम करीब साढ़े 5 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सवाहा पहुंचाया गया, लेकिन यहां भी उन्हें पर्याप्त उपचार नहीं मिल सका। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद तीनों की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया। रेफर के बाद एम्बुलेंस के लिए परिजनों को करीब 3 घंटे तक इंतजार करना पड़ा, लेकिन 108 एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। इस दौरान परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। आखिरकार मजबूरी में घायलों को निजी वाहनों के जरिए सागर ले जाया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बक्सवाहा में यह समस्या नई नहीं है। अक्सर हादसों के बाद घायलों को न तो समय पर इलाज मिल पाता है और न ही एम्बुलेंस सुविधा। पहले मरीजों को रेफर कर दिया जाता है और फिर घंटों तक इंतजार कराया जाता है।

# एमिनेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में प्राचार्य संगोष्ठी का हुआ भव्य आयोजन



**रीवा।** रीवा हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर द्वारा संचालित एमिनेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को प्राचार्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि केपी तिवारी सेवानिवृत्ति जेडी लोक शिक्षण रीवा, विशिष्ट अतिथि संजय रावत एडीईओ रीवा, विशिष्ट अतिथि रामराज प्रसाद मिश्रा डीईओ रीवा, विशिष्ट अतिथि महेश कुमार तिवारी प्राचार्य एवं संभागीय अधिकारी रीवा, विशिष्ट अतिथि राजेश मिश्रा एडीईओ रीवा, विशिष्ट अतिथि पंकज नाथ मिश्रा प्राध्यापक, विशिष्ट अतिथि बी.एल. दीपांकर बी.ई.ओ. रीवा उपस्थित रहे। एमिनेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के संचालक शिवेंद्र शुक्ला एवं उपसंचालक सहर्ष शुक्ला भी उपस्थित रहे। इस प्राचार्य संगोष्ठी में अनेक अनेक शासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्य शैलेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, नागेंद्र सिंह प्रवीण कुमार द्विवेदी, धर्मराज सिंह, सुभाष त्रिपाठी, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, साहिल परवेज, प्रवीण कुमार मिश्रा, कार्यक्रम में उपस्थित रहे। एमिनेंस कॉलेज आफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉक्टर कौशलेश मिश्रा ने महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। केपी तिवारी ने कहा कि एमिनेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन एक अभूतपूर्व प्रयास है, जहां विद्यार्थियों को सैद्धांतिक के साथ-साथ कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक पुष्पेंद्र मिश्रा, नर्सिंग के व्याख्याता लालू प्रसाद मांझी, लाइब्रेरियन वैष्णवी मिश्रा, एवं रुपाली शुक्ला का योगदान रहा। ऋतुराज पटेल, राम जी पांडे एवं अन्य कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

# शराब दुकान पर हमला, पत्थर-लाठियों से तोडफ़ोड़, दो आरोपी हिरासत में

**छतरपुर।** जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र में शराब दुकान पर हुए हमले से इलाके में हड़कंप मच गया। अज्ञात हमलावरों ने दुकान पर पत्थरों और लाठियों से हमला करते हुए जमकर तोडफ़ोड़ की। इस दौरान दुकान के बाहर खड़ी चारपहिया वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है और तनाव की स्थिति बनी हुई है। मामले में कन्हैया, दिलीप, मनीष, शिवा, दीपेश और बुडु यादव सहित अन्य लोगों के खिलाफ दुकान में घुसकर तोडफ़ोड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। घटना का सीसीटीव्ही फुटेज और हमलावरों की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों कन्हैया और बुद्धु यादव को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में पहले से चल रहे विवाद के चलते यह घटना सामने आई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीसी अरुण कुमार सोनी ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस में मामला दर्ज कर लिया है और दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है।

## लूट मामले में फरार चल पांचवें आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**लवकुशनगर।** थाना लवकुश नगर पुलिस ने महोबा रोड पर अनाज व्यापारी से हुई लूट की घटना में फरार चल रहे पांचवें अंतरराज्यीय आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी पर 3000 का इनाम घोषित था और वह कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। जानकारी के अनुसार, 18 मार्च 2026 को अनाज व्यापारी विनय शिवहरे अपने साथी इल्लु गुप्ता के साथ महोबा मंडी से अनाज बेचकर लौट रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने रास्ते में उन्हें रोककर लूटपाट की और मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 3000 का इनाम घोषित किया गया था तथा विशेष टीम गठित कर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जिनमें राज वर्मा अहिरवार, अयान खान, बबलू कुशवाहा उर्फ डेंजर और महेंद्र कुशवाहा शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटी गई रकम में से 90,000 नगद, दो आईफोन, 12 बोर का देसी कट्टा, कारतूस और एक पल्सर मोटरसाइकिल सहित लगभग 3 लाख की संपत्ति बरामद की गई थी।

# जेएनसीटी कॉलेज में शुरू होंगे बी.टेक एआई-एमएल और एआई-डीएस जैसे अत्याधुनिक कोर्स



**रीवा।** विंध्य क्षेत्र के शैक्षणिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। शहर के प्रतिष्ठित संस्थान जवाहरलाल नेहरू कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी ( जेएनसीटी ) को ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एक्सटेंशन ऑफ अप्रूवल जारी कर दिया है। इस मंजूरी के साथ ही जेएनसीटी रीवा का पहला ऐसा संस्थान बन गया है, जहां छात्र अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे भविष्य के विषयों की पढ़ाई कर सकेंगे। रीवा में पहली बार बड़े शहरों जैसी हाई-टेक शिक्षा अब घर के पास अब तक विंध्य क्षेत्र के छात्रों को और मशीन लर्निंग जैसी एडवांस ब्रांच के लिए महानगरों का रुख करना पड़ता था,लेकिन जेएनसीटी को मिली नई मान्यताओं के बाद अब स्थानीय स्तर पर ही ग्लोबल स्टैंडर्ड की शिक्षा उपलब्ध होगी। एआईसीटीई ने कॉलेज को इन नई शाखाओं के लिए हरी झंडी दी है बी.टेक एआई-एमएल 60 सीटें (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग)बी.टेक एआई-डीएस 60 सीटें (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस)डिप्लोमा माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग 60 सीटें, डिप्लोमा कंप्यूटर साइंस 60 सीटें।

**इंडस्ट्री डिमांड को देखते हुए लिया गया निर्णय :** विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान दौर में इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा मांग डेटा साइंटिस्ट और एआई एक्सपर्ट्स की है। साथ ही, विंध्य क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए माइनिंग डिप्लोमा की शुरुआत भी रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी।

## कलेक्टर श्री धोटे के नेतृत्व में सामाजिक सरोकार

### जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया हैंडलर ने किया रक्तदान

**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के कुशल नेतृत्व एवं सहायक संचालक श्री राहुल वासनिक के मार्गदर्शन में जिला जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ सोशल मीडिया हैंडलर श्री हिमांशु यादव ने रक्तदान कर मानवता की सेवा की मिसाल पेश की है ऑफिस के कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के प्रति सजगता दिखाते हुए श्री यादव ने जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुँचकर रक्तदान किया।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री धोटे के निर्देशन में जिले में 'रक्तदान-जीवनदान' अभियान को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि आपात स्थिति में किसी भी जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके।सहायक संचालक श्री वासनिक ने श्री यादव के इस स्वैच्छिक निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि विभाग के युवा कर्मचारियों का यह उत्साह समाज के अन्य वर्गों के लिए भी प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवक न केवल प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं, बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर भी मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता दे रहे हैं। रक्तदान के पश्चात श्री यादव ने कहा कि कलेक्टर श्री धोटे, सहायक संचालक श्री वासनिक और श्री योगेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में उन्हें सदैव जनसेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नियमित रूप से रक्तदान करें, क्योंकि यह न केवल स्वास्थ्य के लिए बेहतर है बल्कि किसी का जीवन बचाने का सबसे सशक्त माध्यम भी है। इस दौरान श्री कृष्णा साहू, श्री देवेंद्र चौधरी उपस्थित थे।

# कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने उचित मूल्य दुकान का किया औचक निरीक्षण

## वितरण पंजी रोज अपडेट करने के निर्देश



**जागरण मंडला।** नैनपुर भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने रविवार को ग्राम मक्के स्थित उचित मूल्य की दुकान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वितरण पंजी की जांच करते हुए निर्देश दिए कि ग्राम के सभी कार्डधारकों के नाम पंजी में अंकित किए जाएं और दैनिक आधार पर अपडेट किया जाए। दुकान परिसर में साफ-सफाई की स्थिति ठीक न मिलने पर कलेक्टर श्री धोटे ने नाराजगी जताई और तत्काल स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री धोटे ने सेल्समेन से मासिक उठाव के विरुद्ध राशन वितरण की जानकारी ली। केंद्र में 100 प्रतिशत वितरण होने पर उन्होंने सेल्समेन को बधाई दी और कहा कि हर माह निर्धारित समय पर राशन वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित कार्डधारकों से भी फीडबैक लिया। इस दौरान एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर, तहसीलदार नैनपुर, जेएसओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# क्षेत्र के लोगों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं : मंत्री संपतिया उईके

## अंजनिया में 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण

जागरण मंडला



अंजनिया में रविवार को नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते और बिछिया विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा ने विधिवत पूजन कर 30 बिस्तरों वाले इस केंद्र को क्षेत्र की जनता को समर्पित किया।समारोह में मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से अंजनिया और आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि कभी यहां छोटा सा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुआ करता था, तब प्रसव के दौरान महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी होती थी। आज इतना अच्छा भवन स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उपलब्ध होने पर खुशी हो रही है। मंत्री उईके ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लोगों के स्वास्थ्य और बच्चों की शिक्षा को लेकर हमेशा चिंतित रहते हैं। आज ही जिले में दो नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी लोकार्पण हुआ है। मंडला जिला मुख्यालय में मेडिकल कॉलेज बन रहा है, जो जनजातीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने अंजनिया तिराहे पर ओवर ब्रिज, नगर परिषद और मटियारी डैम की नहरों की मरम्मत पर भी सार्थक पहल का आश्वासन दिया।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार अच्छा काम कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में एमबीबीएस की सीटें एक लाख तक पहुंच गई हैं, वहीं पीजी की सीटें 12 हजार 500 से बढ़कर 25 हजार हो गई हैं। उन्होंने कहा कि पहले पूरे प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज थे, अब इनकी संख्या 25 हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के सरकार के प्रयास सफल हो रहे हैं।विधायक श्री पट्टा ने कहा कि यह केंद्र अंजनिया के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बशर्ते यहां चिकित्सकों की पदस्थापना हो। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सुव्यवस्थित संचालन की उम्मीद जताई।इससे पहले अतिथियों ने नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया। मेल वार्ड, फीमेल वार्ड, रैंप, लेबर रूम, माइनर ओटी, ऑपरेशन थिएटर, लैब, एनआरसी और ओपीडी कक्षों का जायजा लिया। कार्यक्रम में श्री प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामप्यारी झारिया, जनपद सदस्य श्री परमानंद चौधरी, श्री महेंद्र पटेल, श्री पारुल पाण्डेय, सरपंच श्रीमती नीतू मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे, सहायक कलेक्टर श्री शैलेंद्र चौधरी, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव, सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती, ईई पीआईयू श्री पारस सिंह समेत संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

## मंडला एसपी रजत सकलेचा का छतरपुर तबादला

# राजेश रघुवंशी बने नए एसपी, अधिकारियों के तबादले से कानून व्यवस्था को चुनौती




**जागरण मंडला।** मध्यप्रदेश शासन ने शनिवार देर रात भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के तबादले किए। जारी सूची के अनुसार, मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा का स्थानांतरण कर उन्हें छतरपुर जिले की कमान सौंपी गई है। वहीं, राजेश रघुवंशी को मंडला जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।2016 बैच के आईपीएस अधिकारी रजत सकलेचा ने 28 मार्च 2023 को मंडला एसपी का पदभार संभाला था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने नक्सल उन्मूलन अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इसके अतिरिक्त, नवंबर 2025 में मंडला शहर स्थित आयुषी ज्वेलर्स में हुई डकैती और गोलीकांड की घटना का त्वरित खुलासा कर उन्होंने प्रदेशभर में सुर्खियां बटोरी थीं। पुलिस टीम ने विभिन्न राज्यों में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिसकी व्यापक सराहना हुई थी।

**जिले में नए एसपी बने राजेश रघुवंशी :** मंडला के नए एसपी राजेश रघुवंशी 1998 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। भारत सरकार की ओर से 24 दिसंबर 2025 को जारी अधिसूचना के तहत उन्हें आईपीएस अवार्ड किया गया था। इससे पहले वे खंडवा जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ थे।अब मंडला जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना, अपराधों पर नियंत्रण और नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना नए एसपी राजेश रघुवंशी के समक्ष प्रमुख चुनौतियां होंगी।

वर्ष 73 अंक 215 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 04 मई, 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

हम यह प्रार्थना न करें कि हमें खतरों से बचाया जाए, बल्कि यह करें कि उनका सामना करते समय हम निर्भय रहें।
- रवीन्द्र नाथ टैगोर

## ऑफ बीट

### एआई को बनाया हमदर्द और कर ली खुदकुशी



AI जनरेटेड

*एक 36 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर एआई से गहरा भावनात्मक जुड़ाव बनने के बाद आत्महत्या कर ली। यह घटना एक ऐसे व्यक्ति से जुड़ी है जो पिछले कुछ समय से एआई चैटबॉट से लगातार बातचीत कर रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, उसने करीब 4,700 से ज्यादा मैसेज चैटबॉट के साथ साझा किए थे। वह अपनी निजी जिंदगी में कठिन दौर से गुजर रहा था और पत्नी से अलग होने के बाद मानसिक रूप से परेशान था। उसने एआई का सहारा लेना शुरू किया। शुरुआत में वह एआई का इस्तेमाल सामान्य कामों के लिए करता था। लेकिन धीरे-धीरे व्यक्तिगत और भावनात्मक बातें करने लगा।*

## आईपीएल में आज

**मुंबई बनाम लखनऊ**
समय : रात 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम: कोलकाता ने हैदराबाद को 7 विकेट से हराया।**

## संक्षिप्त खबरें

### राघव व तीन अन्य सांसद कल राष्ट्रपति से मिलेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा 5 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। उन्हें राष्ट्रपति से मिलने का समय मिल गया है और यह बैठक सुबह 10.40 बजे निर्धारित है। इस दौरान उनके साथ तीन अन्य सांसद भी मौजूद रहेंगे। इस मुलाकात में चड्ढा पंजाब की राजनीति से जुड़े अहम मुद्दों को उठाने वाले हैं। उनका आरोप है कि राज्य सरकार प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है और राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाया जा रहा है। खासतौर पर उन्होंने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सांसदों के खिलाफ कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही है।



### कांग्रेस विधायक 6 साल के लिए अयोग्य घोषित

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक विधानसभा ने कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी को अयोग्य घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई भाजपा नेता योगेशगौड़ा गौदर की हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद की गई है। विधानसभा की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि कुलकर्णी को 15 अप्रैल से ही अयोग्य माना जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, यह अयोग्यता उनकी रिहाई के बाद भी छह सालों तक जारी रहेगी, जब तक कि किसी उच्च न्यायालय द्वारा रोक नहीं लगाई जाती। इस फैसले के बाद धारवाड़ विस सीट रिक्त घोषित हो गई है। 15 जून 2016 को भाजपा जिला पंचायत सदस्य योगेशगौड़ा गौदर की हत्या कर दी गई थी।



### दुनिया का पहला ऑप्टोसार सैटेलाइट लॉन्च: पहला ऐसा उपग्रह है, जिसमें ईओ और एसएआर दोनों सेंसर एक ही प्लेटफॉर्म पर

# भारत के सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बेंगलुरु स्थित स्पेस स्टार्टअप गैलेक्सी आई ने रविवार को अपने पहले वाणिज्यिक उपग्रह 'दृष्टि' को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया। यह प्रक्षेपण अमेरिका के कैलिफोर्निया से स्पेस एक्स के शक्तिशाली फॉल्कन 9 रॉकेट के माध्यम से किया गया। खास बात यह है कि 'दृष्टि' को दुनिया का पहला 'ऑप्टोसार' उपग्रह बताया जा रहा है, जो पृथ्वी अवलोकन तकनीक में एक नई दिशा तय कर सकता है।

'दृष्टि' उपग्रह की सबसे बड़ी खासियत इसकी अत्याधुनिक 'ऑप्टोसार' तकनीक है। यह दुनिया का पहला ऐसा उपग्रह है, जिसमें इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल (ईओ) और सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर) दोनों सेंसर एक ही प्लेटफॉर्म पर एकीकृत किए गए हैं। सामान्य तौर पर ये दोनों तकनीकें अलग-अलग उपग्रहों में उपयोग होती हैं, लेकिन गैलेक्सआई ने इन्हें एक साथ जोड़कर एक नया मानक स्थापित किया है। ऑप्टिकल सेंसर पृथ्वी की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेते हैं, लेकिन ये बादलों, अंधेरे या खराब मौसम के कारण प्रभावित हो जाते हैं। वहीं, एसएआर तकनीक किसी भी मौसम में, दिन-रात, बादलों, धुएं या बारिश के पार भी स्पष्ट इमेजिंग कर सकती है। 'दृष्टि' में इन दोनों का संयोजन इसे बेहद शक्तिशाली और बहुआयामी बनाता है।

करीब 190 किलोग्राम वजनी 'दृष्टि' भारत का अब तक का सबसे बड़ा निजी तौर पर विकसित पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह हर परिस्थिति चाहे घना बादल हो, रात का अंधेरा या खराब मौसम में भी पृथ्वी की सतह की स्पष्ट तस्वीरें लेने में सक्षम है।

इसमें 'सिंकफ्यूज्ड ऑप्टोसार' पेलोड लगाया गया है, जो ऑप्टिकल और रडार डेटा को एक साथ जोड़कर अधिक सटीक और उपयोगी जानकारी प्रदान करता है। यह तकनीक भविष्य में रक्षा, कृषि, आपदा प्रबंधन और शहरी योजना जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है।

'दृष्टि' उपग्रह 1.5 मीटर तक की उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजिंग क्षमता रखता है। यह हर 7 से 10 दिनों के भीतर पृथ्वी के किसी भी हिस्से की दोबारा निगरानी कर सकता है। इसका मतलब है कि दुनिया के किसी भी क्षेत्र में हो रहे बदलावों को नियमित रूप से ट्रैक किया जा सकेगा।

### स्वदेशी स्टार्टअप गैलेक्सआई का कमाल: बादलों के पार भी देख सकेगा 'दृष्टि' उपग्रह

#### गैलेक्सआई ने कहा- यह दुनिया का पहला ऑप्टोसार सैटेलाइट है

इसे 'दुनिया का पहला ऑप्टोसार उपग्रह' बताते हुए, फर्म ने कहा कि यह प्रक्षेपण पृथ्वी अवलोकन प्रौद्योगिकियों की उन्नति में एक मील का पत्थर है और वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमताओं को मजबूत करता है। फर्म ने कहा '190 किलोग्राम वजनी, मिशन दृष्टि भारत का सबसे बड़ा निजी तौर पर विकसित पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। यह इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल (ईओ) और सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर को एक ही प्लेटफॉर्म में एकीकृत करता है।



#### मोदी बोले- गौरवशाली उपलब्धि



'मिशन दृष्टि' हमारी अंतरिक्ष यात्रा में बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के पहले ऑप्टोसार उपग्रह और भारत में सबसे बड़े निजी तौर पर निर्मित उपग्रह का सफल प्रक्षेपण नवाचार और राष्ट्र-निर्माण के लिए हमारे युवाओं के जुनून का एक प्रमाण है। गैलेक्सआई की पूरी टीम और इसके संस्थापकों को इस बड़ी कामयाबी पर बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं।
**- नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

#### आईआईटी मद्रास के छात्रों की पहल

गैलेक्सआई की शुरुआत आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों ने की थी। कंपनी के फाउंडर सुयश सिंह के मुताबिक, इस तकनीक को विकसित करना आसान नहीं था क्योंकि ऑप्टिकल और एसएआर सेंसर अलग-अलग तरीके से काम करते हैं और पृथ्वी को अलग-अलग एंगल से देखते हैं। इन्हें एक साथ सिंक करना ही सबसे बड़ी चुनौती थी, जिसे कंपनी ने अपने खास टेक्नोलॉजी स्टैक से हल किया।

**ईरान की चेतावनी:** हालात बिगड़े तो होर्मुज अमेरिकी सेना की 'कब्रगाह' बन जाएगा। | **ट्रंप की जवाबी धमकी:** ईरान ने कोई गलती की तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# ट्रंप बोले- अमेरिका फिर शुरू कर सकता है हमले

**तेहरान, वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच कूटनीतिक कोशिशें भी तेज हो गई हैं, लेकिन साथ ही भरोसे की कमी भी साफ नजर आ रही है। साथ ही दोनों के बीच जुबानी जंग भी तेज हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव पर संदेह जताते हुए कहा है कि तेहरान ने अब तक 'मानवता के खिलाफ अपने अपराधों की कीमत नहीं चुकाई है।'

ट्रंप ने तेहरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने कोई 'गलत कदम' उठाया, तो अमेरिका फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू कर सकता है।

ट्रंप ने साथ ही यह भी बताया कि वह ईरान की ओर से भेजे गए नए 14-सूत्रीय प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं, लेकिन इसके स्वीकार होने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि 'पिछले 47 वर्षों में ईरान ने जो किया है, उसके लिए उसने अभी तक पर्याप्त कीमत नहीं चुकाई है।'

दरअसल, ईरान ने पाकिस्तान की मध्यस्थता के जरिए अमेरिका को यह प्रस्ताव भेजा है। इसमें सभी मोर्चों पर संघर्ष खत्म करने, प्रतिबंध हटाने और होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए नया फ्रेमवर्क बनाने की बात शामिल है।

वहीं ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि अब अमेरिका को तय करना है कि वह बातचीत चाहता है या टकराव। उन्होंने साफ किया कि ईरान दोनों विकल्पों के लिए तैयार है।

### ईरान बोला- अमेरिका तय करे, बातचीत चाहिए या टकराव



#### ईरान का 14-सूत्रीय प्रस्ताव

***ईरानी मीडिया के अनुसार, यह प्रस्ताव अमेरिका के 9-सूत्रीय प्लान के जवाब में भेजा गया है। इसमें कई अहम मांगें शामिल हैं।***

- 30 दिनों के भीतर सभी विवादों का समाधान
- भविष्य में हमलों के खिलाफ सुरक्षा गारंटी
- मिडिल ईस्ट से अमेरिकी सैनिकों की वापसी
- ईरान की जमी हुई संपत्तियों को रिलीज करना
- आर्थिक प्रतिबंध हटाना और युद्ध का मुआवजा देना

***इसके अलावा, प्रस्ताव में होर्मुज के लिए नया मैकेनिज्म बनाने और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी खत्म करने की बात भी कही गई है।***

#### प्राथमिकताएं बदलीं

दिलचस्प बात यह है कि ईरान ने अपने नए प्रस्ताव में प्राथमिकताओं का क्रम भी बदला है। अब सबसे पहले युद्ध खत्म करने, फिर होर्मुज खोलने और उसके बाद परमाणु मुद्दे पर बातचीत की बात रखी गई है।

#### ईरान ने अमेरिका को बताया 'समुद्री लुटेरा'

ईरान के वरिष्ठ नेता मोहसिन रजाई, अमेरिका पर तीखा हमला करते हुए उसे 'दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री लुटेरा' बताया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के कमांडर रह चुके रजाई ने कहा कि अमेरिका ही ऐसा 'पाइरेट' है जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं और वह वैश्विक समुद्री मार्गों पर दबाव बनाता है। रजाई ने पिछले महीने इस्फहान प्रांत में अमेरिकी एफ-15ई फाइटर जेट गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि 'जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का अंजाम भी हो सकता है।'

### ईरान जंग के 2 महीने: दुनिया पर मंदी का खतरा

*अमेरिका और ईरान के बीच 28 फरवरी से शुरू हुआ संघर्ष अब दो महीने पूरा कर चुका है। शुरुआत में इसे 'छोटी और निर्णायक लड़ाई' बताया गया लेकिन अब इसके दूरगामी असर सामने आने लगे हैं।*

- अब तक ईरान में 3,600 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें करीब 1,700 आम नागरिक शामिल हैं। आर्थिक
- आईएमएफ के मुताबिक, अगर संघर्ष लंबा चला, तो वैश्विक विकास दर घटकर करीब 2 फीसदी तक पहुंच सकती है, जो मंदी का संकेत है। वहीं महंगाई दर 4.4 फीसदी तक बढ़ने का अनुमान है।
- अमेरिका अब तक करीब 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 95 लाख करोड़ रुपए) खर्च कर चुका है, जबकि अमेरिकी सरकार इससे कहीं कम आंकड़ा बता रही है।
- चीन और रूस को युद्ध का फायदा मिलता दिख रहा है। तेल और गैस की बढ़ती कीमतों से रूस की आय बढ़ी है, जबकि चीन ने अपने ऊर्जा भंडार और वैकल्पिक ऊर्जा रणनीति के चलते बेहतर स्थिति बनाई है।

# गोंडा में कुश्ती लड़ना मुश्किल, मुझे कुछ हुआ तो सरकार जिम्मेदार: रेसलर विनेश

### ओलंपियन ने कहा- बृजभूषण के शोषण की पीड़ित मैं भी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट ने एक बार फिर भारतीय कुश्ती जगत को झकझोरने वाला बयान दिया है। उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह पर गंभीर आरोप दोहराते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न के मामले में शिकायत करने वाली छह पीड़ितों में वह खुद भी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर साझा एक वीडियो में विनेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच होने वाले सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट में हिस्सा लेना उनके लिए बेहद मुश्किल होगा, क्योंकि यह वही जगह है जहां बृजभूषण का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में वह अपना 100 फीसदी प्रदर्शन नहीं कर पाएंगी।

विनेश ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अगर वह और उनकी टीम प्रतियोगिता में हिस्सा लेती है और किसी भी खिलाड़ी के साथ कोई गलत घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि टूर्नामेंट की पूरी व्यवस्था रेफरी की नियुक्ति से लेकर मैच के नतीजों तक बृजभूषण और उनके सहयोगियों के प्रभाव में हो सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और खेल मंत्रालय इस मामले में मूकदर्शक बने हुए हैं और खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे।

#### यह है मामला



करीब तीन साल पहले विनेश फोगाट समेत कई महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे और दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना भी दिया था। यह मामला फिलहाल कोर्ट में लंबित है और पीड़ितों की गवाही जारी है।

## हरदा: बुजुर्ग की थाने में जहर खाने से मौत

### विधायक और परिजनों ने दिया धरना

**जागरण, हरदा।** प्रदेश के हरदा जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के छिदगांव मेल में गौकशी के मामले में जांच के दौरान पूछताछ के लिए बुलाए गए बुजुर्ग व्यक्ति ने थाना परिसर में जहर खा लिया। जानकारी अनुसार शनिवार देर शाम पिपल्या कला के निवासी आदिवासी समुदाय के रामदास कोरकू ने पुलिस पूछताछ के दौरान थाना परिसर में जहर का सेवन कर लिया, जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिमरनी ले गए। यहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल हरदा लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने थाने में जहर खाने की बात से इनकार किया है। रामदास की मौत के बाद जिला अस्पताल में बवाल मच गया।

मालूम हो ये पूरा मामला 26 अप्रैल को टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम छिदगांवमेल में रेलवे ट्रैक पर गौवंश की ट्रेन से कटकर मौत से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए पांच टीमें गठित की हैं, जो संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।



#### न्यायिक जांच और जांच अधिकारी के निलंबन की मांग

मृतक के परिजन मामले की न्यायिक जांच और जांच अधिकारी को निलंबित करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। घटना की खबर लगते ही विभिन्न सामाजिक संगठन और विधायक आरके दोगने परिजनों के साथ जिला अस्पताल के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए हैं।

## दिल्ली: विवेक विहार में भीषण आग, 9 की मौत

### मृतकों में डेढ़ साल का बच्चा भी शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राजधानी दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में रविवार तड़के एक चार मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में 4 पुरुष, 4 महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल है। इस हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह करीब 3.47 बजे मिली। मौके पर तुरंत दमकल की कई गाड़ियां पहुंचीं और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह 8 बजे आग पर काबू पाया जा सका। राहत और बचाव अभियान के दौरान बिल्डिंग में फंसे 10 से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, शव अलग-अलग मंजिलों से बरामद हुए हैं। दूसरे फ्लोर पर एक ही परिवार के पांच सदस्य अरविंद जैन, अनीता जैन, निशांत जैन, आंचल जैन और उनका डेढ़ साल का बच्चा मृत पाए गए। तीसरे फ्लोर पर तीन अन्य लोगों और पहले फ्लोर पर एक महिला का शव मिला।



#### एसी में विस्फोट की आशंका

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि एयर कंडीशनर (एसी) में विस्फोट के कारण आग लगी, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। आग इतनी तेजी से फैली कि दूसरे फ्लोर से शुरू होकर तीसरे और चौथे फ्लोर तक पहुंच गई और छह फ्लैट पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

**रिसर्च** युद्ध के मैदान, आपदाओं के मलबे से निजी दुख तक हंसी मानव की सबसे शक्तिशाली प्रतिक्रिया

# मुश्किल पलों में हंसी है इंसान का सबसे बड़ा सहारा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया के सबसे कठिन पलों जैसे- अस्पताल के वार्ड, युद्ध के मैदान, आपदाओं के मलबे या निजी दुख के गहरे अंधेरे में भी इंसान हंसता है। यह हंसी अक्सर अजीब, कड़वी और कभी-कभी अनुचित लग सकती है, लेकिन यही हंसी मानव अस्तित्व की सबसे पुरानी और शक्तिशाली प्रतिक्रिया है। यह तथ्य एक रिसर्च में सामने आया, जिसमें दुख के बीच भी इंसान क्यों हंसते हैं, इस सवाल को केंद्र में रखा गया था।

विशेषज्ञों के अनुसार, जब हालात बेहद कठिन हो जाते हैं, तो हमारा दिमाग भावनात्मक दबाव को कम करने के लिए हास्य का सहारा लेता है। यह एक तरह का 'मेंटल सेफ्टी वाल्व' है, जो हमें टूटने से बचाता है। डॉक्टर सलोनी सेठ अग्रवाल के मुताबिक, हास्य हमें वास्तविकता से भागने नहीं देता, बल्कि उसे थोड़ा हल्का बना देता है ताकि हम उसे सह सकें।



हालांकि हर तरह की हंसी समान नहीं होती। 'डार्क ह्यूमर' यानी काले हास्य में व्यक्ति अपने दर्द को स्वीकार करते हुए भी हंसता है। जैसे कैंसर का मरीज अपने बाल झड़ने पर मजाक करे या सैनिक युद्ध के बीच व्यंग्य करे, यह इनकार नहीं, बल्कि दर्द से निपटने का तरीका है।

इसके विपरीत, 'डिनायल' यानी इनकार में हंसी का इस्तेमाल दर्द को छिपाने के लिए होता है। इसमें व्यक्ति समस्या को स्वीकार ही नहीं करता। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह फर्क बेहद अहम है, क्योंकि दबा हुआ दर्द समय के साथ और गहरा हो जाता है।

### मौजूदा डिजिटल दौर में 'मीम्स' बने नया सहारा

आज की युवा पीढ़ी, खासकर जेन जी, संकट से निपटने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेती है। जलवायु संकट, महामारी, आर्थिक अस्थिरता और सामाजिक तनाव के बीच यह पीढ़ी 'मीम्स' के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त करती है। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान इंटरनेट पर ऐसे मीम्स की बाढ़ आ गई थी, जो एक साथ मजेदार भी थे और दर्द को भी दर्शाते थे। 'इट्स फाइन' जैसे मीम्स पूरी पीढ़ी के मानसिक हालात का प्रतीक बन गए। यह हास्य सिर्फ मजाक नहीं, बल्कि सामूहिक संवाद का तरीका है।

#### हंसी का विज्ञान
**शरीर की प्राकृतिक दवा**

हंसी शारीरिक स्तर पर भी असर डालती है। जब हम हंसते हैं, तो शरीर में एंडोर्फिन रिलीज होते हैं, जो दर्द कम करने और खुशी बढ़ाने में मदद करते हैं। साथ ही तनाव हार्मोन-कॉर्टिसोल और एड्रेनालिन, कम होने लगते हैं। रिसर्च बताती है कि हंसी की उम्मीद से ही तनाव कम होने लगता है।

#### हंसी का विकास
**प्राचीन है ये विरासत**

वैज्ञानिक मानते हैं कि हंसी भाषा से भी पहले की चीज है। करीब एक करोड़ साल पहले से यह इंसानों और उनके पूर्वजों में मौजूद थी। इसका मुख्य काम था- समूह में भरोसा और जुड़ाव बनाना। एक साथ हंसने वाले लोग एक-दूसरे पर ज्यादा भरोसा करते हैं, संकट में यह कुंजी है।

#### खतरनाक भी है हंसी

विशेषज्ञों ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर कोई व्यक्ति हर स्थिति में सिर्फ हंसी का ही सहारा ले रहा है और अपने असली भावनाओं को दबा रहा है, तो यह 'स्माइलिंग डिप्रेशन' का संकेत हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि व्यक्ति अपने भीतर के दर्द को पहचानें और जरूरत पड़ने पर मदद लें।

# 15660 करोड़ में मित्तल परिवार ने खरीदी आरआर

### पूनावाला और मनोज बडाले की भी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जाने-माने उद्योगपति लक्ष्मी एन मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने अदार पूनावाला के साथ मिलकर 1.65 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,660 करोड़ रुपए) की बोली लगाकर राजस्थान रॉयल्स में सर्वाधिक हिस्सेदारी हासिल कर ली है। उन्होंने सोमानी-रॉब वाल्टन-शीला फोर्ड हैम्प के समूह के दौड़ से हटने के बाद यह सौदा किया। यह सौदा बीसीसीआई, सीसीआई, आईपीएल संचालन परिषद और अन्य लागू नियामक प्राधिकरणों के अनुमोदन सहित अन्य शर्तों के अधीन है। यह सौदा 2026 की तीसरी तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है।

इससे पहले सोमानी के नेतृत्व वाले अमेरिका स्थित समूह ने 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी, लेकिन कई मुद्दों के कारण यह उचित जांच प्रक्रिया में खरा नहीं उतर पाया। मित्तल परिवार के पास राजस्थान रॉयल्स का 75 प्रतिशत, जबकि पूनावाला के पास 18 प्रतिशत हिस्सा होगा। शेष लगभग सात प्रतिशत हिस्सेदारी मनोज बडाले सहित मौजूदा निवेशकों के पास रहेगी। राजस्थान रॉयल्स के बोर्ड में अब लक्ष्मी एन मित्तल, आदित्य मित्तल, वनिषा मित्तल भाटिया, अदार पूनावाला और बदाले शामिल होंगे। ताकि नए और पुराने प्रबंधन के बीच संतुलन बना रहे।



प्रेम चतुर मनुष्य के लिए नहीं, वह तो शिशु से सरल हृदयों की वस्तु है।
- जयशंकर प्रसाद



" राघव चड्ढा के आम आदमी पार्टी से अलग होने की चर्चाओं के बीच यह सवाल और भी प्रासंगिक हो गया है। हम अक्सर ऐसे मौकों पर बहुत आसान निष्कर्ष निकाल लेते हैं, कभी इसे अवसरवाद कह देते हैं, कभी संगठन की कमजोरी, और कभी एजेंसियों के डर का हवाला दे देते हैं।

# आखिर क्यों बिखरे आप के नेता?

● गुंजा कपूर ●

भारतीय राजनीति के हालिया घटनाक्रम को देखते हुए एक बात बार बार मन में आती है कि आखिर लोग किसी नेता के साथ क्यों जुड़ते हैं और कब उससे दूरी बना लेते हैं? राघव चड्ढा के आम आदमी पार्टी से अलग होने की चर्चाओं के बीच यह सवाल और भी प्रासंगिक हो गया है। हम अक्सर ऐसे मौकों पर बहुत आसान निष्कर्ष निकाल लेते हैं, इसे अवसरवाद, संगठन की कमजोरी, और कभी एजेंसियों के डर का नाम देते हैं। लेकिन सच तो यह है कि राजनीति को इस तरह समझना उसे बहुत संकीर्ण कर देगा। राजनीति दरअसल विश्वास और प्रेरणा की निरंतर प्रक्रिया है। 2024 के लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 240 सीटों पर आकर रुकी। यह पूर्ण बहुमत से कम था, लेकिन सरकार फिर भी बनी और विपक्ष ने भी अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन किया। ऐसे में यह उम्मीद की जा रही थी कि अब राजनीतिक आकर्षण बंटेगा, लोग अलग अलग दिशाओं में जाएंगे। पर जो हो रहा है, वह थोड़ा अलग है। विपक्ष से निकलने वाले लोग किसी दूसरे विपक्षी दल या एनडीए के घटक दल में जाने के बजाय भाजपा की ओर जा रहे हैं। यह केवल आंकड़ों का मामला नहीं है, यह उस भरोसे का संकेत है जो कहीं न कहीं बन रहा है।




## युवा नेता होना ही काफी नहीं...

विपक्ष में आज ऊर्जा की कमी नहीं है। राहुल गांधी हैं, अखिलेश यादव हैं, अभिषेक बनर्जी हैं, हेमंत सोरेन हैं, रेवंत रेड्डी हैं, के. कविता हैं, आदित्य ठाकरे हैं, राज ठाकरे हैं, सब अपेक्षाकृत युवा, सक्रिय और अपने अपने क्षेत्र में प्रभावी। फिर भी यदि प्रवाह एक ही दिशा में दिखता है, तो यह मानना पड़ेगा कि केवल युवा होना या पद पर होना पर्याप्त नहीं है। कुछ और है जो लोगों को खींचता है।

यह भी ठीक नहीं है कि हर बदलाव को केवल लाभ हानि के तराजू पर तौल दिया जाए। कपिल मिश्रा लंबे समय तक सक्रिय राजनीति में अपेक्षित भूमिका से दूर रहे, उसके बाद उन्हें जिम्मेदारी मिली। आर.पी.एन. सिंह जैसे नेताओं को भी तत्काल कोई बड़ी राजनीतिक उछाल नहीं मिली। जयवीर शेरगिल जैसे युवा चेहरे भी बिना किसी त्वरित लाभ के भाजपा में आए। फिर भी इन सबने दिशा बदली।

## अब बदल गए हैं मूल्य

यहां एक और बात समझनी जरूरी है। आज जो युवा राजनीति में आ रहे हैं, खासकर जो पढ़े लिखे हैं, उनके पास विकल्प हैं। वे चाहें तो अच्छी नौकरी कर सकते हैं, व्यवसाय कर सकते हैं, अपने लिए सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन बना सकते हैं। अगर वे राजनीति में आते हैं, तो इसलिए कि उन्हें लगता है कि यहां वे कुछ सार्थक कर पाएंगे। लेकिन अगर उन्हें बार बार समझौता करना पड़े, अपने मूल्यों से हटना पड़े, तो उनके लिए यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि फिर राजनीति में रहकर क्या हासिल करना है? ऐसे लोग बिना ज्यादा शोर किए वापस अपने रास्ते पर लौट जाते हैं। इसलिए शिक्षित और सक्षम युवाओं को साथ बनाए रखना किसी भी नेतृत्व के लिए सबसे कठिन परीक्षा होती है। यहीं पर नेतृत्व की असली कसौटी सामने आती है। युवाओं के साथ भी कुछ ऐसा ही होता है।

## आचरण और निर्णयों से नेतृत्व की पहचान

जनता या नेता को प्रेरित करने के लिए उनके जैसा दिखना या बोलना आवश्यक नहीं है। नेतृत्व अपने आचरण और निर्णयों से पहचाना जाता है। प्रेरणा केवल एक दल तक सीमित नहीं रही है। राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री बने, तो उनकी युवा ऊर्जा ने एक पूरी पीढ़ी को आकर्षित किया। इंदिरा गांधी ने 1971 में जिस दृढ़ता का परिचय दिया, उसने पूरे देश को, विशेषकर युवाओं को, उनके साथ खड़ा कर दिया। इतिहास बार बार यही बताता है कि जब नेतृत्व भरोसा और दिशा देता है, तो लोग साथ आते हैं। अरविंद केजरीवाल का उदाहरण भी इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। उन्होंने एक समय लोगों को यह भरोसा दिलाया कि राजनीति बदली जा सकती है और लोग उनके साथ जुड़ते चले गए। लेकिन प्रेरणा को बनाए रखना पड़ता है। जिस दिन यह कम होने लगती है, उसी दिन लोग दूरी बनाना शुरू कर देते हैं। इसलिए किसी भी राजनीतिक दल के लिए सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह उस प्रेरणा को निरंतर जीवित रखे, जो जनता और नेता, दोनों को उसके साथ जोड़े रखे।



" सभी की निगाहें पश्चिम बंगाल के नाटकीय और खतरनाक चुनावों पर हैं, जहां दीदी के अस्तित्व के अलावा बहुत कुछ दांव पर है।

# झालमुड़ी के लिए ढोकला पीछे छोड़ दिया....!

● शोभा डे ●

भले ही मेरी शादी चार दशक पहले एक खालिस बंगाली आदमी से हुई है, फिर भी मैं पूरी तरह बंगाली नहीं हो पाई हूं। झालमुड़ी एक मसालेदार, कुरकुरा स्ट्रीट फूड, जिसे पेपर कोन में कुशलता से मिलाते हुए अक्सर बातुनी विक्रेता ग्राहकों से पूछते हैं – कच्चे प्याज के साथ या बिना प्याज के ? – जीभ-झुनझुना देने वाले इस मिश्रण पर कट्टर कोलकातावासी उदारतापूर्वक सरसों का तेल छिड़कते हैं। हालांकि मैं मुंबई की कहीं अधिक जटिल और स्वादिष्ट भेलपुरी के प्रति वफादार हूं, जो स्ट्रीट फूड के मामले में नंबर वन है। तो, संकीर्ण होने में क्या गलत है? क्षमा करें, मैं महाराष्ट्रीयन हूं और इसीलिए भेल जीत गई।

किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ( जो पश्चिम बंगाल में चार प्रमुख राजनीतिक रैलियों को संबोधित करने के बाद बहुत भूखे थे), झारग्राम में चाय-नाश्ता के दौरान ढोकला देवड़ी, खांडवी, थेपला जैसे गुज्जू नाश्ते को प्राथमिकता दे रहे थे। लेकिन कोई नहीं! थोड़ी देर बाद ही वह झालमुड़ी स्टॉल के मालिक के पास जाने से पहले कैमरे के सही एंगल का इंतजार करते नजर आते है और फिर प्यार से कहते है, 'भाई, हमें आप का झालमुड़ी खिलाओ' भाई ने तुरंत सहमति दे दी।

जब कुशल स्टॉल मालिक ने पूछा, 'आप प्याज खाते हो? (क्या आप प्याज खाते हैं?) तो समर्थकों ने जमकर खुशी जताई, जिस पर हमारे मजाकिया पीएम ने जवाब दिया, 'हां, खाते हैं, दिमाग नहीं खाता, बस''

वाह ! बहुत बढ़िया। यह क्लिप वायरल हो गई क्योंकि प्रशंसकों ने कहा, 'मोदीजी इतने सुलभ हैं, वह बिल्कुल हमारे जैसे हैं!' झालमुड़ी के एक स्टॉल पर तुरंत संपर्क हुआ, जिसके लिए उन्होंने भुगतान किया। स्मार्ट टच।

लेकिन क्या यह वाकई पहले से तय नहीं था? सहज ही था ? जबकि, कई परतों की सुरक्षा मंजूरी के बिना प्रधानमंत्री के जीवन में ऐसा कुछ भी 'घटित' नहीं होता है। क्या झालमुड़ी बेचने वाला सचमुच एक सामान्य विक्रेता था? या जानबूझ कर तैनात किया गया एक गुप्त रॉ एजेंट, जिसने झालमुड़ी बनाने की कला में महारत हासिल करने में कई सप्ताह बिताए थे?

**हाई-स्टेक बंगाल चुनाव :** अब जब पीएम ने खुद को 'मोदी सरकार' नाम का सम्माननीय बंगाली घोषित कर दिया है, तो समर्थक उनके मुरीद हुए जा रहे हैं।

इस बीच, एक और प्रतिष्ठित सज्जन – जिनकी दाढ़ी सफेद है, बाल सफेद हो रहे हैं और प्रधानमंत्री की ही तरह सत्तर के दशक के हैं – जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान में शांत लेकिन जोरदार वापसी करने में व्यस्त हैं। आपका पुनः स्वागत है, प्रणव रॉय-आपकी बहुत याद आती है। प्रणव एक सम्मानित अनुभवी पत्रकार हैं, जो अपना सर्वश्रेष्ठ काम कर रहे हैं – अपने कान जमीन पर लगाना, स्थानीय लोगों का साक्षात्कार लेना, मतदाताओं के मूड की व्याख्या करना। जिसने 1980 के दशक में दूरदर्शन के लिए चुनाव कवरेज शुरू करते समय भारत को एक नए शब्द – चुनाव विज्ञान – से परिचित कराया था। एक अर्थशास्त्री के रूप में, रॉय ने भारतीय मतदाताओं को कुछ ऐसा दिया जिससे वे पूरी तरह से अपरिचित थे-डेटा-संचालित चुनाव विश्लेषण। 1988 में, उन्होंने अपनी पत्नी, राधिका के साथ एनडीटीवी की स्थापना की और साथ में उन्होंने एक प्रमुख समाचार नेटवर्क बनाया जिसने मीडिया व्यावसायिकता के लिए एक मानदंड स्थापित किया।

खैर, अब जब एनडीटीवी अब रॉय परिवार का नहीं है (इसका स्वामित्व गौतम अडानी के पास है), तो यह पूरी तरह से एक अलग कहानी है। सत्तानशीनों से परेशान और भयभीत, रॉय दंपत्ति पुराने सीबीआई मामलों से संबंधित अपने खिलाफ एलओसी (लुक आउट सर्कुलर) की बदनामी के साथ जी रहे थे। हाल ही में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2024 की क्लोजर रिपोर्ट के बाद एलओसी को रद्द कर दिया, जिससे रॉय को अपने डिजिटल चैनल डीकोडर के लिए अपने मोबाइल फोन पर नागरिकों का साक्षात्कार लेने का मौका मिला ।

इस सब के बीच, टीएमसी प्रवक्ता और सांसद सागरिका घोष को सुनना अच्छा लगता है क्योंकि वह नरेंद्र मोदी की भीड़ को लुभाने वाली रणनीति पर अपना गुस्सा व्यक्त करती हैं – पीएम पर बांग्ला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए, जो कि 'गहरी परंपरा' के साथ एक समृद्ध संस्कृति पर 'अपमान' का आरोप लगाते हैं, जिसके बारे में वह कुछ भी नहीं जानते हैं।

बहरहाल, सभी की निगाहें पश्चिम बंगाल के नाटकीय और अक्सर क्रूर चुनावों पर हैं, जहां दीदी के अस्तित्व के अलावा बहुत कुछ दांव पर है।

# रंगीन दौर मे ब्लैक एंड व्हाइट बनाई गई थी फिल्म खामोशी




इस फिल्म के 57 साल पूरे हो गए। ये फिल्म असित सेन ने डायरेक्ट की थी। खामोशी भी इतनी शानदार फिल्म बनी है।इस फिल्म के बारे मे एक और बड़ी रोचक बात है जो ज्यादातर लोग नहीं जानते। वो यह कि इस फिल्म में धर्मेंद्र होकर भी नहीं थे। जी हां, इस फिल्म में धर्मेंद्र ने काम किया है। लेकिन वो आपको आसानी से इस फिल्म में दिखाई नहीं देंगे। फिल्म में एक गीत है जिसके बोल हैं 'तुम पुकार लो तुम्हार इंतज़ार है।' उसमें धर्मेंद्र जी का साइड पोज़ नज़र आता है। और कोई सीन धरम जी का इस फिल्म में नहीं है। वैसे, फिल्म के क्रेडिट्स में धरम जी का नाम जरूर दिया गया है।

अगर आप ये फिल्म देखेंगे तो नोटिस करेंगे कि ये फिल्म ब्लैक एंड व्हाइट है। जबकी उस वक्त तक कलर फिल्में शूट करने की टैक्नोलोजी आ चुकी थी। तो फिर इसे क्यों ब्लैक एंड व्हाइट में शूट किया गया? ज़ाहिर है ये सवाल आपके मन में उठ रहा होगा। तो इसका जवाब ये है कि फिल्म की हीरोइन वहीदा रहमान ने डायरेक्टर असित सेन को सलाह दी थी कि इस फिल्म की कहानी के मुताबिक जिस तरह के शेड्स और लाइट्स चाहिए, उस हिसाब से तो इसे ब्लैक एंड व्हाइट में फिल्माया जाना चाहिए। असित सेन को भी वहीदा रहमान का ये आईडिया पसंद आया। और इस तरह खामोशी ब्लैक एंड व्हाइट में शूट हुई।

इस फिल्म का संगीत तैयार किया था हेमंत कुमार जी ने। और सभी गीत लिखे थे गुलज़ार साहब ने। इस फिल्म का गीत 'हमने देखी है इन आंखों की महकती खुशबू' बहुत पसंद किया गया था। ये गीत लता जी ने गाया था। फिल्म के मुख्य कलाकारों की बात करें तो नज़ीर हुसैन, ललिता पवार, इफ्तेख़ार, अनवल, स्नेहलता और देवेन वर्मा इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में नज़र आए हैं। वहीदा रहमान जी को इस फिल्म में उनके शानदार काम के लिए फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड का नॉमिनेशन मिला था। उस साल खिलौना फिल्म के लिए मुमताज़ को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड मिला था। यूं तो उसी साल राजेश खन्ना को भी बेस्ट एक्टर अवॉर्ड दिया गया था। लेकिन खामोशी के लिए नहीं, बल्कि सच्चा झूठा के लिए। हालांकि खामोशी की सिनेमैटोग्राफी के लिए कमल बोस जी को फिल्मफेयर बेस्ट सिनेमैटोग्राफी अवॉर्ड ज़रूर दिया गया था।

डायरेक्टर असित सेन चाहते थे कि वो इस फिल्म में देवानंद को कास्ट करें। लेकिन वहीदा रहमान नए लड़के राजेश खन्ना की काफी तारीफें सुन रही थी। उन्होंने असित सेन से गुज़ारिश कि राजेश खन्ना को इस फिल्म में कास्ट किया जाए। असित सेन जी ने वहीदा रहमान की बात मान ली। जबकी उस वक्त तक राजेश खन्ना की फिल्में बहुत अच्छा परफॉर्म नहीं कर रही थी। बस यही से राजेश खन्ना को लोगों ने नोटिस करना शुरू कर दिया। खामोशी ने राजेश खन्ना को एक संजीदा अभिनेता के रूप मे पहचान दिलाई ।

# कोशिकाओं में छिपा लंबी जिंदगी का रहस्य

● डाना जी स्मिथ ●



" माइटोकॉन्ड्रिया को कोशिकाओं का पावर हाउस यों ही नहीं कहा जाता। यह जागते और सोते वक्त भी हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने की जंग लड़ता रहता है। पर्याप्त नींद माइटोकॉन्ड्रिया की सफाई के लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि सोते वक्त ही माइटोकॉन्ड्रिया क्षतिग्रस्त हुए हिस्से को हटा पाते हैं।

पिछली गर्मियों में एक मशहूर व्यक्ति ने कहा था कि वह किसी व्यक्ति को देखकर बता सकते हैं कि उसे माइटोकॉन्ड्रिया संबंधी समस्याएं हैं। लंबी उम्र के लिए बाजार में उपलब्ध कई सप्लीमेंट्स के बारे में कहा जाता है कि वे माइटोकॉन्ड्रिया को बेहतर बनाते हैं। माइटोकॉन्ड्रिया का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक इससे हैरान होने के साथ उत्साहित भी हैं। आखिर माइटोकॉन्ड्रिया है क्या और क्या सचमुच उन्हें स्वस्थ बनाना और इस प्रक्रिया में अपनी जीवन-अवधि बढ़ाना संभव है?

दरअसल, माइटोकॉन्ड्रिया कोशिका के शक्तिगृह (पावर हाउस) होते हैं। वे खाए गए भोजन को एडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट (एटीपी) में बदलते हैं, जो कोशिकीय ऊर्जा का प्राथमिक रूप है। वैज्ञानिकों के अनुसार, माइटोकॉन्ड्रिया शरीर की दूसरी बुनियादी प्रक्रियाओं में भी शामिल होते हैं और प्रतिरक्षा तंत्र (इम्यून सिस्टम) के कामकाज में मदद करते हैं। ये ऐसे पेप्टाइड बनाते हैं, जो अंगों के बीच संदेश पहुंचाते हैं, और कोशिकाओं की साफ-सफाई के लिए भी जरूरी होते हैं।

उम्र बढ़ने के साथ, हमारी कोशिकाओं में माइटोकॉन्ड्रिया की संख्या और कार्यक्षमता कम होती जाती है। इसकी वजह यह है कि ऊर्जा बनाने की प्रक्रिया के दौरान, माइटोकॉन्ड्रिया एक विषैला सह-उत्पाद बनाते हैं, जिसे 'रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीशीज' (आरओएस) कहा जाता है। यह माइटोकॉन्ड्रिया और कोशिका के अन्य हिस्सों को नुकसान पहुंचा सकता है। उम्र बढ़ने के साथ आरओएस बनने की मात्रा भी बढ़ती जाती है। साथ ही, कोशिका का रीसाइक्लिंग सिस्टम (जो आरओएस से होने वाले नुकसान को ठीक करता और उसे हटाता है) कम असरदार हो जाता है।

## व्यवहार का असर माइटोकॉन्ड्रिया पर

विशेषज्ञों का कहना है कि आपका व्यवहार माइटोकॉन्ड्रिया और आपकी सेहत पर असर डालता है। कसरत करने से माइटोकॉन्ड्रिया का काम बेहतर होता है। आहार भी इसमें एक प्रमुख कारक है, क्योंकि हम जो खाना खाते हैं, वह एटीपी में बदल जाता है। इसलिए, फाइबर से भरपूर कार्बोहाइड्रेट और अच्छी गुणवत्ता वाले वसायुक्त आहार को प्राथमिकता दें-जैसे फलियां, साबुत अनाज, एवोकैडो और मछली आदि। कुछ सूक्ष्म पोषक तत्व, विशेष रूप से विटामिन बी और एंटीऑक्सीडेंट भी महत्वपूर्ण हैं। पर्याप्त नींद (रात में सात से आठ घंटे) माइटोकॉन्ड्रिया की सफाई के लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि सोते वक्त ही माइटोकॉन्ड्रिया क्षतिग्रस्त हुए हिस्से को हटा पाते हैं।

# क्या बॉलीवुड के 'राम' शम्बूक को नजरअंदाज कर रहे हैं ?

" ब्राह्मणों की रक्षा करने के लिए राम की प्रशंसा की जाती है। राजा का कर्तव्य धर्म की रक्षा करना है, और धर्म वर्ण व्यवस्था से निकटता से जुड़ा हुआ है।

● देवदत्त पटनायक ●

लगभग 2000 साल पहले रामायण और महाभारत का अंतिम लेखन पूर्ण हुआ था । ठीक उसी समय जब धर्म-शास्त्र को आकार दिया जा रहा था। महाभारत के अंदर एक रामायण है, जिसे रामोपाख्यान के नाम से जाना जाता है, जिसे मार्कंडेय ऋषि ने पांडवों को सुनाया था। इस कहानी में ब्राह्मण शिक्षकों की भूमिका सीमित है। राम की यह कहानी एक राजा और योद्धा के रूप में अधिक केंद्रित है, ब्राह्मणवादी व्यवस्था के रक्षक के रूप में कम।

लेकिन इसके कुछ समय बाद रचित वाल्मिकी रामायण में ब्राह्मण केंद्र में हैं। राम का जीवन ऋषियों द्वारा आकार दिया गया है: विश्वामित्र उन्हें अयोध्या से जंगल में ले जाते हैं, वशिष्ठ शाही पुजारी हैं, अगस्त्य उन्हें दिव्य हथियार प्रदान करते हैं, गौतम और अत्रि महाकाव्य के परिदृश्य में दिखाई देते हैं। ब्राह्मणों की रक्षा करने और उनकी जीवनशैली को कायम रखने के लिए राम की बार-बार प्रशंसा की जाती है। राजा का कर्तव्य धर्म की रक्षा करना है, और धर्म वर्ण व्यवस्था से निकटता से जुड़ा हुआ है।

सबसे अधिक परेशान करने वाला प्रसंग अंतिम ग्रंथ उत्तर रामायण में आता है। एक ब्राह्मण दुःखी होकर राम के पास आता है। उनके जवान बेटे की असामयिक मृत्यु हो गई है. वे कहते हैं, ऐसी मृत्यु तभी हो सकती है जब धर्म का उल्लंघन हो। एक राजा ब्रह्मांडीय व्यवस्था के लिए जिम्मेदार होता है। यदि कुछ अप्राकृतिक घटित हुआ है तो दोष शासक का है।

नारद ने राम को सूचित किया कि इसका कारण शम्बूक नाम का एक शूद्र है जो तपस्या कर रहा है। वर्ण आश्रम व्यवस्था में कहा जाता है कि कठोर तपस्या करना ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य का ही अधिकार है। यहाँ एक शूद्र संन्यासी बनने का प्रयास कर रहा है, वह सीमाएं लांघ रहा है। शूद्र के तप करने से व्यवस्था भंग हो सकती है।



हमें भगवद गीता की पंक्तियाँ याद आती हैं जिनमें कहा गया है कि दूसरे के कर्तव्य को अच्छी तरह से निभाने की तुलना में अपने स्वयं के कर्तव्य को अपूर्णता से निभाना बेहतर है।

राम जंगल में जाते हैं, शम्बूक को तपस्या करते हुए पाते हैं और उसका सिर काट देते हैं। उसी क्षण, मृत ब्राह्मण लड़का जीवित हो उठता है। इस हिंसा से ब्रह्मांडीय संतुलन बहाल होता है। संदेश स्पष्ट है: सामाजिक वर्ण व्यवस्था ब्रह्मांड को कायम रखती है।

जैन कवि विमलसूरी ने अपने पौमचरिया (300 ई.पू.) में कहानी को एक नया रूप दिया है। इसमे बताया गया है कि शम्बूक शूर्पणखा का पुत्र है। वह रावण को मारने के लिए विशेष शक्तिशाली तलवार प्राप्त करने के लिए तपस्या कर रहा है। लक्ष्मण को तलवार मिल जाती है, वह उसे लापरवाही से घुमाते हैं और गलती से शम्बूक को मार देते हैं। राम सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं हैं. जैन संस्करण मे इस विचार को स्थान नहीं दिया गया कि जाति का उल्लंघन ब्रह्मांडीय अव्यवस्था का कारण बनता है। मूल कहानी संस्कृत साहित्य में भी कायम है। लगभग 400 ई.पू. में रचित कालिदास के रघुवंश में, इस प्रसंग को दोबारा बताया गया है, धर्म-शास्त्र के अनुसार, जब कोई राजा किसी व्यक्ति पर प्रहार करता है, तो वह शुद्ध हो जाता है और स्वर्ग चला जाता है।

भवभूति के 8वीं शताब्दी के नाटक उत्तर रामचरित में कहानी अधिक परतों वाली हो जाती है। राम शंबूक की तलाश में जंगल में भटकते हैं। यह वही जंगल है जहां निर्वासित और गर्भवती सीता, वाल्मिकी के आश्रम में रहती हैं। सिर काटे जाने के बाद, शम्बूक एक दिव्य प्राणी के रूप में फिर से प्रकट होता है जो परिष्कृत संस्कृत बोलता है। वह राम और सीता के भावनात्मक पुनर्मिलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। यहाँ फिर से, मृत्यु आध्यात्मिक उत्थान में बदल जाती है।

पिछले हज़ार वर्षों में रचित कई क्षेत्रीय रामायणों में, इसे या तो सौम्य कर दिया गया है, या छोड़ दिया गया है, जैसा कि कंबन (1200 ईस्वी) और तुलसीदास (1500 ईस्वी) की रचनाओं में है। लोकरुचि अक्सर अधिक दयालु राम को पसंद करती हैं। 16वीं शताब्दी तक, आनंद रामायण में, कथा भक्ति धर्मशास्त्र में स्थानांतरित हो गई। शम्बूक का तर्क है कि वह मुक्ति चाहता है। राम ने उत्तर दिया कि आने वाले युग में मुक्ति जाति कर्तव्य पर निर्भर नहीं होगी। राम का नाम जपने से शूद्रों को भी मोक्ष मिल जायेगा। नागपुर के पास रामटेक में इसी प्रसंग से जुड़ा एक शिव मंदिर है। ऐसा कहा जाता है कि मारे जाने के बाद शम्बूक एक लिंग बन गया, जिसे धुएँ का देवता धूमेश्वर कहा गया। राम मंदिर के लिए पहाड़ी पर चढ़ने से पहले तीर्थयात्री पारंपरिक रूप से इस मंदिर के दर्शन करते हैं। आधुनिक लेखक सिनेमाई कहानियों मे शम्बूक प्रकरण से बचते हैं। टेलीविजन और सिनेमा पर रामायणों ने परंपरागत रूप से इस कहानी को नजरअंदाज कर दिया है। हालाँकि, कई प्रयासों के बावजूद, शम्बूक ने अनदेखा, अनसुना रहने से इंकार कर दिया। उनकी कहानी ख़त्म नहीं होगी, किसी न किसी रूप मे सामने आती रहेगी।

# फोर लेन सडकों के निर्माण का बढ़ रहा इंतजार

**जागरण शिथिलता**

## सांसद, विधायकों के प्रयासों से हो चुकी है घोषणाएं

## प्रशासनिक कार्यवाही के पेंच में फंसा है फोर लेन का कार्य



जागरण, सीधी

जिले की आधा दर्जन मुख्य सडकों का फोर लेन कार्य प्रशासनिक शिथिलता में फंसा हुआ है। उक्त मार्गों के फोर लेन निर्माण की घोषणा सांसद एवं विधायकों के प्रयासों से हो चुकी है। लेकिन फोर लेन सडकों के निर्माण के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं शुरू होने में काफी विलंब बना हुआ है। प्रशासनिक कार्यवाही के पेंच में फोर लेन सडकों का निर्माण कार्य फंसा हुआ है। बताते चलें कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-39 सीधी-रीवा के फोर लेन निर्माण की घोषणा के साथ ही आवश्यक कार्यवाही भी प्रारंभिक तौर पर शुरू की गई है। उक्त मार्ग में भू-अर्जन का कार्य भी शुरू होने वाला है। यह अवश्य है कि सडक के किनारे जिनकी भूमि है उनके द्वारा लगातार मुआवजा के लालच में अवैध निर्माण कार्य किए गये हैं। इसको लेकर जिम्मेदार अधिकारी भी पूरी तरह से निष्क्रिय बने रहे। अब ऐसे लोग बाद में हुए निर्माण कार्य का मुआवजा लेने ज्यादा सक्रिय हैं। इसी तरह संसद के बजट सत्र 2025-26 में सीधी-पटपरा, सीधी-टिकरी एवं सीधी-ब्यौहारी मार्ग का निर्माण फोर लेन के रूप में कराने की घोषणा की गई है। किंतु घोषणा के आगे अभी तक कोई कार्यवाही शुरू नहीं हो सकी। जानकारों का कहना है कि घोषणा के बाद धरातल पर मुख्य सड़कों के फोर लेन निर्माण को लेकर साल भर बाद भी कोई प्रगति नजर नहीं आ रही है। ऐसा आभाष होता है कि जो घोषणाएं की गई थी उसमें केंद्र स्तर से ही सुस्ती बनी हुई है। सीधी जिले में उक्त प्रमुख मार्गों का फोर लेन निर्माण कार्य हो जाने से आवागवन को लेकर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी। इसी वजह से इन प्रमुख मार्गों का फोर लेन सडक के निर्माण कार्य होने की घोषणा से लोगों में काफी खुशी बनी हुई थी। समय व्यतीत होने के बाद जब फोर लेन सडक निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही शुरू नहीं हुई तो इसको लेकर भी अब तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। यह माना जा रहा है कि फोर लेन सडक निर्माण के लिए कार्यवाही शुरू होने में अभी विलंब लगेगा। यदि जन प्रतिनिधियों द्वारा इस संबंध में आवश्यक पहल शुरू की जाए तो इसके सार्थक नतीजे सामने आ सकते हैं। इसके अलावा सरई-टिकरी एवं बहरी-हनुमना मार्ग के भी फोर लेन निर्माण को लेकर प्रशासनिक कार्यवाही कई सालों से मंथर गति से चल रही है। लेकिन इसको लेकर भी धरातल में कोई कार्य नहीं हो रहा है। यह दीगर बात है कि बहरी-हनुमना मार्ग के फोर लेन निर्माण को लेकर प्रारंभिक सर्वे का काम तीन वर्ष पूर्व किया गया था। इसके बाद से सडक निर्माण को लेकर जो कार्यवाही होनी चाहिए वह पूरी तरह से ठप्प है। फोर लेन सडक निर्माण के पूर्व प्रशासन को भू-अर्जन की कार्यवाही करनी पड़ती है। जब तक संबंधित मार्गों के लिए भू-अर्जन का कार्य शुरू नहीं होता कार्य की प्रगति सामने नहीं आएगी।

### फोर लेन सड़कों से कम होंगे सड़क हादसे

जिले की मुख्य सडकों का यदि फोर लेन निर्माण कार्य पूर्ण हो जाए तो वाहनों को आवागवन को लेकर जहां व्यवस्थित सुविधाएं मिलेंगी वहीं सडक़ हादसों की संख्या भी कम हो जाएगी। फोर लेन सडकों के निर्माण के दौरान सडकों में मोड़ एवं कठिन चढ़ाई को खत्म किया जाता है। जिससे वाहनों को तेज रफ्तार में निकलने के लिए सुविधाएं मिल सकती हैं। सीधी जिले में सीधी-पटपरा मार्ग में कठिन चढ़ाई के साथ ही अंधे मोड़ हैं। यह मार्ग अब वाहनों की आवाजाही के कारण काफी व्यस्त हो चुका है। मार्ग में आवश्यक सुविधाएं न होने के कारण सडक हादसे भी बढ़ रहे हैं। सीधी-पटपरा मार्ग मऊगंज से जुडने वाला मार्ग है। इस वजह से इसका फोर लेन निर्माण हो जाता है तो वाहनों की आवाजाही में काफी सुविधा मिलेगी। वहीं सीधी-ब्यौहारी मार्ग में भी वाहनों का दबाव काफी ज्यादा है। इस मार्ग का फोर लेन निर्माण हो जाए तो सडक हादसों की संख्या कम हो सकती है। सीधी-टिकरी मार्ग भी काफी व्यस्ततम मार्ग में सुमार है। इसका फोर लेन निर्माण हो जाने के बाद सडक हादसों की संख्या तो घटेगी ही साथ ही जंगलों के अंदर से गुजरने वाले मार्ग की सुविधा भी बढ़ेगी। इसी वजह से सीधी जिले के जिन प्रमुख मार्गों में वाहनों का आवागवन काफी ज्यादा है उनके फोर लेन निर्माण की मांग काफी अरसे से की जा रही थी। सांसद एवं विधायकों द्वारा इसी वजह से प्रमुख मार्गों के फोर लेन निर्माण के लिए बजट सत्र के पूर्व प्रस्ताव दिए गए थे। जिनके निर्माण के लिए बजट सत्र में स्वीकृति भी दी गई है। यह दीगर बात है कि अभी तक स्वीकृति के अलावा धरातल पर कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है।

## नेबूहा के भरखाइन तालाब में डूबने से दो नाबालिकों की मौत



जागरण, मझौली। मझौली थाना क्षेत्र के ग्राम नेबूहा में उसे समय मातम छा गया जब घर से भैंस चराने निकले साहू परिवार के दो नाबालिकों की तालाब में डूब जाने की खबर गांव में फैल गई। गांव का भरखाइन तालाब बच्चों को निगल गया। मिली जानकारी के अनुसार साहू परिवार के दो बच्चे शैलेंद्र पिता अनिल साहू उम्र 13 वर्ष, सिद्धांत उर्फ भूपेंद्र साहू पिता सूरजबली साहू निवासी ग्राम नेबूहा थाना मझौली जिला सीधी रोजाना की तरह भैंस चराने 3 मई की सुबह घर से निकले थे शरीर में ऊपर के कपड़े न होने से अनुमान लगाया जा रहा है कि नहाने के लिए तालाब में घुसे होंगे। जहां गहरे पानी में डूब जाने से मृत्यु हो गई। जैसे ही इसकी खबर लोगों को लगी क्षेत्र में मातम सा छा गया। मृतकों के घर चीख पुकार से गूंज उठा। जिसकी सूचना पुलिस थाना मझौली को दी गई मझौली पुलिस पंचनामा तैयार कर शव को पीएम उपरांत परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच विवेचना में जुटी हुई है।

## सीधी की बेटी ने बैंगलोर में लहराया परचम



जागरण, सीधी। जिले के ग्राम चिलरी कला की होनहार बेटी कुमारी आकृति शुक्ला ने कर्नाटक स्टेट बोर्ड की एसएसएलसी परीक्षा 2026 में 593/620 अंक व 95 प्रतिशत अर्जित कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बैंगलोर के नंदिनी लेआउट स्थित ज्ञानवाहिनी पब्लिक स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा आकृति ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल करते हुए सीधी जिले सहित पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। आकृति ग्राम चिलरी कला निवासी बब्बा मधुसूदन प्रसाद शुक्ला की पोती हैं। उनके पिता अनिल शुक्ला एवं माता श्रीमती विभा शुक्ला ने बेटी की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आकृति शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही है और उसने हमेशा बेहतर करने का लक्ष्य रखा। वहीं चाचा गजेन्द्र शुक्ला उर्फ राजू शुक्ला ने भी खुशी जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे परिवार और गांव के लिए गर्व का क्षण है। आकृति की इस सफलता से गांव चिलरी कला में जश्न का माहौल है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और बेटी की इस कामयाबी को पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया। ग्रामीणों ने कहा बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। आकृति की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि छोटे गांवों से निकलकर भी बड़े सपने साकार किए जा सकते हैं।

## बोलेरो ने बाइक सवारों को मारी ठोकर, एक की हालत गंभीर



जागरण, मझौली। सुबह-सुबह घर से बाइक सिखवाने निकले युवकों को बोलेरो वाहन चालक ने ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार जख्मी हो गए, जिसमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिसे जिला अस्पताल के लिए मझौली से रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आज 3 मई को सुबह सुरेश पिता अवध शरण सिंह उम्र लगभग 18 वर्ष, लक्ष्मी नारायण पिता धर्मराज सिंह उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी नगर परिषद मझौली वार्ड क्रमांक 1 सुबह-सुबह बाइक सीखने मझौली से करमाई रोड में निकले थे, तभी करमाई तरफ से आ रहा बोलेरो वाहन के ठोकर लग जाने से बाइक सहित दूर जा गिरे जहां से वाहन चालक वाहन लेकर भाग निकला पीछे तरफ से आ रहे खमचौरा विक्रेता शिवेंद्र सिंह एक अन्य बोलेरो वाहन से घायल युवकों को मझौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचवा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक सुदेश सिंह की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर कर एंबुलेंस की सहायता से भिजवाया गया है।

## महिला किसान चौपाल का हुआ आयोजन

जागरण, सीधी। जिले की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सशक्त पहचान दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा महिला किसान चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के किसान कल्याण वर्ष की परिकल्पना को साकार करते हुए आयोजित इस पहल ने जिले में महिला सशक्तिकरण और कृषि नवाचार को नई दिशा दी है। जिले की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है, जिसमें महिलाओं का योगदान 60 प्रतिशत से भी अधिक है। खेतों में बीज बोने से लेकर फसल कटाई, संरक्षण और विपणन तक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रहती है। इसी भूमिका को सम्मान और पहचान देने के लिए कुसमी विकासखंड के आदिवासी अंचल पोड़ी में यह विशेष चौपाल आयोजित की गई। कार्यक्रम में सांसद राजेश मिश्रा एवं विधायक धौह्नी कुंवर सिंह टेकाम द्वारा महिला कृषकों का पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## 7 वर्ष से लापता बालिका हुई दस्तयाब




जागरण, सीधी। जिला सीधी पुलिस को ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसमें वर्ष 2019 से लापता एक बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा इस दीर्घकालीन प्रकरण में लगातार प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस के अनुसार दिनांक 23 सितंबर 2019 को थाना कोतवाली में फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के घर से लापता होने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस पर धारा 363 भादवि के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान विभिन्न माध्यमों से लगातार तलाश की गई, किन्तु लंबे समय तक कोई ठोस सुराग प्राप्त नहीं हो सका। इसी क्रम में उप निरीक्षक विवेक द्विवेदी द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर सूचना के आधार पर बालिका के जिला ललितपुर उत्तर प्रदेश में होने की जानकारी प्राप्त की गई। पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए वहां पहुंचकर बालिका को सकुशल दस्तयाब कर जिला सीधी लाया गया। पूछताछ के दौरान बालिका द्वारा बताया गया कि वह माता-पिता की डांट से नाराज होकर घर छोड़कर चली गई थी तथा ललितपुर उप्र में रहकर मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही थी। बालिका को वैधानिक कार्यवाही उपरांत उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, उप निरीक्षक विवेक द्विवेदी, प्रधान आरक्षक रण बहादुर सिंह एवं महिला प्रधान आरक्षक ममता पाठक का सराहनीय योगदान रहा।

## पुलिस एवं नपा ने सूखा नाला में की संयुक्त सफाई



जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा तालाबों, नदियों, जलाशयों एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्जीवन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखते हुए जनसामान्य में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी क्रम में दिनांक 2 मई 2026 को पुलिस विभाग एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस लाइन स्थित सूखा नाला में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में रक्षित निरीक्षक, रक्षित केंद्र सीधी वीरेंद्र कुमरे के नेतृत्व में पुलिस बल एवं नगर पालिका के कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सफाई अभियान के दौरान नाले के आसपास फैली गंदगी को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया तथा आमजन को स्वच्छता बनाए रखने एवं जल स्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री कोरी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें तथा जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## सोशल मीडिया में ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन को प्रताड़ित और ब्लैकमेल करने वाले अपराधियों के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फोटो-वीडियो पोस्ट कर अनर्गल बातें लिखने और अवैध रूप से पैसों की मांग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली में आवेदक/फरियादी द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी कि एक व्यक्ति द्वारा इंस्टाग्राम/थ्रेड्स पर फरियादी की फोटो और वीडियो पोस्ट कर आपत्तिजनक व अशोभनीय टिप्पणियां की जा रही हैं। आरोपी द्वारा फरियादी की सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने की धमकी देकर लगातार अवैध पैसों की मांग की जा रही थी। फरियादी की रिपोर्ट पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली में धारा 296(1), 351(3), 308(8) बीएनएस एवं 67 आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्योंए साइबर सेल की मदद और आईपी एड्रेस की जांच कर आरोपी को चिन्हित किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी रवि केवट पिता विजय केवट उम्र 25 वर्ष निवासी डैनिहा थाना कोतवाली सीधी को घेराबंदी कर हिरासत में लिया जाकर आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया गया है, जिसमें उक्त आपत्तिजनक पोस्ट और चैट के साक्ष्य पाए गए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली, साइबर सेल टीम और थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## स्वच्छता व अतिक्रमण हटाओ अभियान, 6 पर जुर्माना



जागरण, सीधी। नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अतिक्रमण पर नियंत्रण के उद्देश्य से शनिवार 2 मई 2026 को डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री प्रिया पाठक के नेतृत्व में नगर पालिका की सफाई एवं अतिक्रमण टीम द्वारा संयुक्त विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गोल मार्केट क्षेत्र में दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के सामने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्हें समझाइश दी गई कि कचरा केवल नगर पालिका की निर्धारित कचरा गाड़ी में ही डालें, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट चौक से अस्पताल चौराहा तक सड़क किनारे बने फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। फुटपाथ पर रखे गए ढेले एवं अन्य अवरोध हटवाए गए, जिससे राहगीरों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध सख्त रुख अपनाते हुए कुल 6 व्यापारियों पर 1200 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। व्यापारियों को स्वच्छता एवं अतिक्रमण संबंधी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और अतिक्रमण से बचें।

# अवैध उत्खनन व परिवहन पर हुई कार्रवाई, 3 वाहन जब्त



जागरण, सीधी। कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं जिला खनिज अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज-पुलिस संयुक्त दल द्वारा गोपदबनास एवं बहरी तहसील अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में 2 एवं 3 मई 2026 को दिन और रात्रि में सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त तीन वाहनों को जब्त किया गया। ग्राम पिपरोहर, तहसील गोपदबनास से एक बिना नंबर डंपर (चेसिस क्रमांक एमएटी505243जे8डी 09120) को रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर जब्त कर थाना कोतवाली सीधी की अभिरक्षा में सौंपा गया। वहीं ग्राम डोल, तहसील बहरी स्थित गोपद नदी घाट पर अवैध उत्खनन करते हुए एक बिना नंबर स्वराज ट्रैक्टर (चेसिस क्रमांक डब्ल्यूव्हीटीके 35625095858) पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन को जब्त कर थाना बहरी में सुरक्षित खड़ा कराया गया। इसी क्षेत्र में एक अन्य डंपर (क्रमांक यूपी 64 टी 2380) को जांच के लिए रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक रेत खाली कर वाहन छोड़कर भाग गया। उक्त वाहन को भी जब्त कर थाना बहरी की अभिरक्षा में रखा गया है। संबंधित वाहन चालकों एवं स्वामियों के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही बिना नंबर वाहनों के उपयोग पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई हेतु जिला परिवहन अधिकारी को भी पत्र भेजा जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनिज विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है और जहां भी अवैध गतिविधियां पाई जाएंगी, वहां कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# हितग्राही मूलक योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: राजीव

## रामपुर जनपद के सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला



जागरण, सीधी

जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव तिवारी द्वारा जनपद सभागार में सरपंच, सचिव, उपयंत्री, ग्राम रोजगार सहायक व श्रम विभाग के पदाधिकारी के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित सभी ग्रामीण विकास विभाग के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। जल संवर्धन से संबंधित सभी कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश सीईओ राजीव तिवारी द्वारा दिए गए। समग्र मनरेगा के ई-केवाईसी में पिछड़े ग्राम पंचायत को जल्द से जल्द रैंकिंग में जिले और प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी के सहयोग के साथ पूरा करने के निर्देशित किए। ग्राम पंचायत में चल रहे सभी निर्माण कार्यों के संबंध में भी समीक्षा किए। जनपद सीईओ द्वारा निर्देश दिए किए गए कि निर्माण कार्य जो भी पुराने चल रहे हैं वह जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए अन्यथा ई-केवाईसी में पीछे चल रही ग्राम पंचायत के खिलाफ भी जल्द से जल्द कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी जो पंचायती केवाईसी में काम नहीं कर रहे हैं और वर्षो से निर्माण कार्य भी उनके अधूरे हैं। ग्राम पंचायत के पदाधिकारी समय पर हितग्राही मूलक योजना जैसे खाद्यान्न, पेंशन, समग्र में किसी भी प्रकार की शिकायत मिली तो बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजना की जानकारी दी जाए। हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिया जाए इसके लिए पंचायत के कर्मचारी ध्यान दें। इस समय कलेक्टर का दौरा कार्यक्रम चल रहा है। उनके क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसी भी कर्मचारी के खिलाफ अगर शिकायत मिली तो उन पर कार्यवाही निश्चित है। किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता से मिले फीडबैक के आधार पर ही उनके खिलाफ कार्यवाही तय होगी। सभी कर्मचारी ध्यान दें ग्राम पंचायत समय पर खुले और स्वच्छता एवं जल संवर्धन में विशेष ध्यान देकर ग्राम पंचायत का कार्य करें। सीईओ श्री तिवारी ने कहा कि जो पंचायत उत्कृष्ट कार्य करेंगी उन्हें जिला और प्रदेश स्तर से प्रोत्साहित किया जाएगा। आगे कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति जो पेंशन की पात्रता रखता हो, खाद्यान्न की पात्रता रखता हो, संबल कार्ड की पात्रता रखता हो या अन्य सरकार की संचालित सभी योजनाओं की पात्रता रखने के बाद भी योजना का लाभ नहीं पा रहा है उसे आपकी जिम्मेदारी है कि उसे ढूंढ के योजना का लाभ दिया जाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रम पदाधिकारी के साथ पंचायत विभाग के खण्ड पंचायत अधिकारी पशुपतिनाथ द्विवेदी, लेखाधिकारी संतोष मिश्रा, पीसीओ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, देवेंद्र पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, परमसुख पनाड़िया, सुजीत शुक्ला, सरपंच संघ के अध्यक्ष रजनी आशीष तिवारी सरपंच झगरी, सरपंच गुजरेड, सरपंच चोभरा दिग्विजय सिंह, सरपंच अगडाल, सरपंच गोरदाह, सरपंच बोकरो, सरपंच पेपखरा, सरपंच सतोहरी, सरपंच पोड़ी, सरपंच हनुमानगढ़, सरपंच पोस्ता समेत सभी पंचायत सचिव, उपयंत्री, रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## सैनिक सम्मान के साथ पुलिसकर्मी का अंतिम संस्कार

जागरण, सीधी। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर पुलिसकर्मी नंदलाल पटेल का शव आज उनके गृह ग्राम मिसिरगवां लाया गया, जहां सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। दरअसल नंदलाल पटेल 24 साल सेना में सेवा देने के पश्चात वर्ष 2011 में सेवानिवृत्त हुये थे। वर्ष 2012 में मप्र पुलिस विभाग में उनका चयन होने के पश्चात वह पुलिस लाइन रीवा में पदस्थ थे। वहां से उनकी ड्यूटी सिविल कोर्ट रीवा में लगी हुई थी यहां मुंशी की ड्यूटी कर रहे थे। 2 मई 2026 की दोपहर अचानक उनका स्वास्थ्य खराब हो गया। उन्हें जब अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में ही अंतिम सांसे ली। रीवा हास्पिटल में डॉक्टरों ने परीक्षण के पश्चात मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के पश्चात उनके पार्थिव शरीर को चुरहट तहसील अंतर्गत गृहग्राम मिसिरगवां में आज दोपहर 12:25 बजे लाया गया। उनके गृहग्राम मिसिरगवां में जिला सैनिक कल्याण सीधी का स्टाफ एवं रीवा के भूतपूर्व सैनिक संगठन के सैनिकों ने पहुंचकर पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया। विडम्बना यह थी कि मप्र पुलिस विभाग में पदस्थ रहे नंदलाल पटेल के अंतिम संस्कार में पुलिस की ओर से कोई नहीं पहुंचा।

# उमस भरी गर्मी के चलते बढ़ा बीमारियों का प्रकोप




## डॉक्टरों के पास मरीजों की उमड़ रही भीड़

## वायरल फीवर एवं पेट की बीमारियों का ज्यादा फैलाव



जागरण, सीधी

जिले में मौसम का मिजाज बदलने और बूंदाबादी के बाद कई दिनों से उमस भरी गर्मी का भारी प्रकोप बना हुआ है। उमस भरी गर्मी ने लोगों को पूरी तरह से बेहाल कर रखा है। उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कूलर का उपयोग भी करने को मजबूर हैं। वर्तमान में ऐसे हालात बने हुए हैं कि यदि थोड़ी सी भी लापरवाही हुई तो सर्द गरम की चपेट में लोग आसानी से आ जाते हैं। इसी के चलते काफी संख्या में लोग वायरल फीवर की चपेट में आकर डॉक्टरों के पास इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। वर्तमान में सबसे ज्यादा वायरल फीवर एवं पेट की बीमारियों से पीड़ित होकर लोग उपचार कराने के लिए डॉक्टरों के पास पहुंच रहे हैं। चर्चा के दौरान कुछ डॉक्टरों ने बताया कि वर्तमान में इस तरह का मौसम बना हुआ है कि थोड़ी सी लापरवाही भी लोगों को भारी पड़ सकती है। सर्दी एवं गर्मी का असर भी बना हुआ है। जिसके चलते लोग वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। खान-पान को लेकर भी इन दिनों काफी सावधान रहने की जरूरत है। बासी एवं प्रदूषित खाद्य सामग्री का उपयोग करना काफी भारी पड़ सकता है। वर्तमान में बने वातावरण के चलते लोगों को कम मात्रा में भोजन करना चाहिए तथा ताजा भोजन ही उपयोग में लेना चाहिए। बचा हुआ भोजन कुछ घंटे के अंदर ही प्रदूषित हो जाता है और उसका उपयोग करने में फूड प्वाइजनिंग की समस्या बढ़ जाती है। इस तरह की सावधानी बरतने की अपील स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार लोगों से की जा रही है कि वर्तमान में प्रदूषित एवं बासी भोजन का उपयोग कतई न करें। देखा यह जा रहा है कि पेट की बीमारियों से संबंधित जो भी मरीज आ रहे हैं उनमें फूड प्वाइजनिंग के लक्षण ज्यादा पाए जा रहे हैं। फूड प्वाइजनिंग के चलते उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या भी सीधी जिले में बढ़ रही है। इस तरह के मरीज शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से समान रूप से आ रहे हैं। पेट संबंधित तकलीफ होने पर लोगों को जल्द से जल्द अच्छे चिकित्सक के पास जाकर उपचार सुनिश्चित कराना चाहिए। यदि उपचार में ज्यादा बिलम्ब हुआ तो यह जानलेवा भी सावित हो सकता है। इसी वजह से मरीजों को तकलीफ होने पर तत्काल उपचार कराए। उधर मौसमी बीमारियों का कहर बरपने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्रों का संचालन मनमानी तौर पर किया जा रहा है। उप स्वास्थ्य केन्द्रों का प्रभार ऐसे कर्मचारियों को मिला हुआ है जो कि स्थानीय निवासी हैं। इस वजह से यह कर्मचारी समय पर न तो उप स्वास्थ्य केन्द्र को खोलते हैं और न ही मरीजों को प्राथमिक उपचार सुविधा उपलब्ध कराते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का हाल भी ज्यादा अच्छा नहीं है। सीधी जिले में कई ऐसे प्राथमिक केन्द्र संचालित हो रहे हैं जिनमें डॉक्टर नहीं मिलते। यह अवश्य है कि ग्रामीण मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्राथमिक उपचार सुविधाएं मुहैया हो रही हैं, इसी वजह से इन दिनों सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों की भीड़ बनी हुई है। इसके अलावा जिला अस्पताल सीधी में भी मौसमी बीमारियों की चपेट में आने वाले मरीजों की भीड़ करीब एक पखवाड़े से बनी हुई है।

### झोलाछाप डॉक्टरों की कट रही चांदी

मौसमी बीमारियों का प्रकोप बरपने से झोलाछाप डॉक्टरों की चांदी सबसे ज्यादा कट रही है। झोलाछाप डॉक्टरों के यहां मरीजों की भीड़ सुबह से लेकर देर शाम तक उमड़ रही है। यह अवश्य है कि अधिकांश झोलाछाप डॉक्टर मरीजों का उपचार करने के साथ ही उनसे ज्यादा से ज्यादा वसूली कर रहे हैं। उनके द्वारा वायरल फीवर से पीड़ित मरीजों की जांच के नाम पर ही हजारों रूपए ऐंठे जा रहे हैं। इसके अलावा वाटल एवं इंजेक्शन लगाने पर भी उनका बिल एक हजार रूपए से ज्यादा का बन जाता है। कुल मिलाकर वर्तमान में मरीजों की संख्या काफी ज्यादा बढ़ने से झोलाछाप डॉक्टरों की दुकान मरीजों की भीड़ से पूरी तरह से गुलजार है। झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा मरीजो को अपने यहां भर्ती करने की व्यवस्था भी बनाई गई है जिससे कुछ घंटे भर्ती करके इंजेक्शन एवं वाटल लगाने के बाद लम्बा चौड़ा बिल वसूला जा सके। झोलाछाप डॉक्टरों के गलत उपचार के चलते कुछ मरीजों की हालत सुधरने के वजाय और भी ज्यादा बिगड़ जाती है। जिसके बाद वह अपना उपचार कराने के लिए अन्य स्थानों में भटकने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

# राममनोहर लोहिया एवं बाल गंगाधर तिलक वार्ड में 55 लाख के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

जागरण, कटनी

शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राममनोहर लोहिया वार्ड के अहमद नगर क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जनसमस्याओं के समाधान हेतु विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य उमेंद्र ओमी अहिरवार सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 39 लाख 15 हजार रुपये की लागत से होने जा रहे विकास कार्य का भूमिपूजन स्थानीय वरिष्ठजनों के करकमलों से विधिवत संपन्न कराया गया। इन विकास कार्यों की श्रंखला में राममनोहर लोहिया वार्ड स्थित अहमद नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में सीसी नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ होगा। यह क्षेत्र लंबे समय से जल निकासी की समस्या से जूझ रहा था जहां बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति बन जाती थी। प्रस्तावित नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ एवं व्यवस्थित हो जाएगी जिससे विशेषकर बरसात के दौरान होने वाले जलभराव, गंदे पानी के जमाव एवं उससे उत्पन्न होने वाली असुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसके परिणामस्वरूप स्थानीय नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही क्षेत्र में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं आवागमन की स्थिति में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा स्थानीय नागरिकों ने महापौर एवं स्थानीय पार्षद उमेंद्र अहिरवार एवं समस्त जनप्रतिनिधियों का का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। क्षेत्रीय पार्षद श्री अहिरवार ने कहा कि इन कार्यों से क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं का समाधान होगा और वार्ड के विकास को एक नई दिशा मिलेगी।




### ट्रांसपोर्ट नगर में एप्रोच रोड निर्माण से क्षेत्र को मिलेगा नया आधार

इसी कड़ी में बाल गंगाधर तिलक वार्ड अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में एप्रोच रोड के डामरीकरण कार्य का भी शुभारंभ होगा। लगभग 15 लाख 91 हजार रुपए की लागत से होने वाले इस निर्माण कार्य से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी साथ ही जर्जर सड़क के कारण हो रही परेशानी से नागरिकों को निजात मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने महापौर श्रीमती सूरी सहित क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती वंदना राजकिशोर यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल योजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं है बल्कि प्रत्येक विकास कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कर नागरिकों तक उसका वास्तविक लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाती रहेगी। इस मौके पर एमआईसी सदस्यगण डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, सुरेन्द्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संजू गर्ग, डॉ सुनील द्विवेदी साहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे। क्षेत्रीय नागरिकों ने इन कार्यों के लिए महापौर श्रीमती सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एवं नगर निगम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।



# सेवानिवृत्त हुए तेजभान सिंह का कांग्रेस ने किया सम्मान

**जागरण, कटनी।** स्वास्थ्य विभाग में 18 अप्रैल 1983 को एसआई स्वच्छता निरीक्षक पद पर अपनी सेवाएं प्रारंभ करने वाले तेजभान सिंह ने 30 अप्रैल 2026 को 43 वर्षों की निष्कलंक, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला एडवोकेट ने तेजभान सिंह को पुष्पमाला, श्रीफल एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया और उनके दीर्घ सेवाकाल की सराहना की। अपने संबोधन में अमित शुक्ला ने कहा कि तेजभान सिंह ने अपने 43 वर्षों के कार्यकाल में पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनका कार्यकाल न केवल विभाग के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मठ और समर्पित कर्मचारी ही किसी भी व्यवस्था की मजबूती का आधार होते हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड अमित शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाटव, जितेन्द्र गुप्ता, अजय जैसवानी, उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, महामंत्री संजय गुप्ता, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष नारायण निषाद, दीपक केशरवानी, हर्षित मिश्रा एवं इखलाक अहमद सहित कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने तेजभान सिंह के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हुए उनके उत्कृष्ट सेवाकाल को नमन किया।

# इंदिरा गांधी वार्ड में 40 लाख से होंगे विकास कार्य, हुआ भूमिपूजन

### सड़क व नाली निर्माण से वार्ड वासियों को मिलेगी बड़ी राहत

**कटनी।** शहर के इंदिरा गांधी वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगभग 40 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड की कन्याओं एवं वरिष्ठ नागरिक त्रिवेणी परौहा के करकमलों से सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी तथा एमआईसी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। भूमिपूजन के साथ ही क्षेत्रवासियों को लंबे समय से अपेक्षित सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों की सौगात मिली। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता सहित स्थानीय जनों की मौजूदगी रही।

### विकास कार्यों से बदलेगी वार्ड की तस्वीर

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने अपने संबोधन में कहा कि ये विकास कार्य क्षेत्र के समग्र परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किए जाएं ताकि नागरिकों को शीघ्र इनका लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### सड़क निर्माण से आवागमन होगा सुगम

इन विकास कार्यों के अंतर्गत शिव मंदिर से राजू नायक होते हुए राजाराम पटेल तक लगभग 14.33 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और नागरिकों को खराब रास्तों से होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। वहीं कुठला क्षेत्र में मेन रोड से राधा मंदिर तक लगभग 4 लाख 78 हजार की लागत से नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। इससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या का समाधान होगा और क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनेगी। इसके साथ ही शिवाजी नगर क्षेत्र में अजय मलिक से श्री शैलेन्द्र के घर तक लगभग 16.62 लाख की लागत से सीसी नाली निर्माण कराया जाएगा जिससे जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी और गंदे पानी के जमाव की समस्या से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी।

### नागरिकों की भागीदारी से मिलेगा विकास को बल

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे जिन्होंने विकास कार्यों की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त की। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे निर्माण कार्यों में सहयोग करें और अपने क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं ताकि विकास कार्यों का अधिकतम लाभ सभी तक पहुंच सके।

# बच्चे करें टेक्नॉलोजी का सकारात्मक प्रयोग : डॉ आदित्य कुमार शर्मा

### सायना में शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह सम्पन्न, मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में गत दिवस पुरस्कार वितरण समारोह शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ.आदित्य कुमार शर्मा, हेडमास्टर कमल सरेचा, डॉ लोकेश दुबे एवं समन्वयक श्रीमती रीत मोंगा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिससे पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व करतल ध्वनि से अभिवादन किया। तदोपरांत बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। कक्षा पहली से 9वीं एवं 11वीं सैनिक स्कूल सहित में कक्षा में प्रथम स्थान एवं विषय विशेष में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी पुरस्कार दिए गए। इसी कड़ी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की ओर से कटनी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सैनिक छात्र आदर्श राज को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सायना स्कूल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को भी स्वर्ण पदक, रजत पदक, कांस्य पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सायना के प्राचार्य डॉ.आदित्य कुमार शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह समारोह केवल अंकों का उत्सव नहीं है बल्कि संकल्प, समर्पण और संस्कार का उत्सव है। इसमें हमारे शिक्षकों की मेहनत के साथ साथ अभिभावकों का हमारे प्रति विश्वास भी है जिसमें सायना परिवार खरा उतरा है। लेकिन अब शिक्षा के मायने बदल रहे हैं। नई शिक्षा नीति के कारण आ रहे परिवर्तनों को स्वीकार करते हुए पठन पाठन की शैली भी बदलनी होगी। हमें नई चुनौतियों का सामना करते हुए गतिविधि आधारित शिक्षा को अपनाना होगा। साथ ही हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे टेक्नॉलोजी का सकारात्मक प्रयोग करते हुए आदर्श भारत के निर्माण में सहयोगी बनें। सायना के हेडमास्टर डॉ.लोकेश दुबे ने सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। छात्रों की इस सफलता पर सायना की चेयरपर्सन डॉ.श्रीमती निधि पाठक, सचिव श्रीमती निर्मला सत्येन्द पाठक पूर्व महापौर, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक पूर्व राज्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन नें बधाइयाँ दी हैं। इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती बबीता बजाज एवं प्रीति पाठक ने किया। यह कार्यक्रम डी.सी.मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, 5 युवकों की हालत गंभीर

**कटनी।** जिले में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। मझगवां फाटक के आगे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार काफी तेज थी और फाटक पार करने के कुछ ही देर बाद चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। देखते ही देखते कार सीधे पेड़ में जा घुसी। हादसे के वक्त कार में सवार पाँच युवक अंदर ही बुरी तरह फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी घायलों को बाहर निकाला गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार सभी पाँचों युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है।



**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्वाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# कुबरी में ओवरलोड बालू से भरा हाईवा जब्त, अवैध खनन पर की गई कार्रवाई




सोन नदी पर बालू माफियाओं का सिंडिकेट बेनकाब, सफेदपोशों की छत्रछाया में अवैध कारोबार चरम पर

अवैध खनन के प्रमुख बिंदु

**जागरण, मैहर।** अवैध बालू खनन और ओवरलोडिंग को लेकर शनिवार को प्रकाशित दैनिक जागरण की खबर के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और कुबरी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक ओवरलोड हाईवा जब्त किया गया। रामनगर अनुभाग अंतर्गत प्रतिबंधित क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एस.पी. मिश्रा और नायब तहसीलदार रोशन लाल रावत की टीम ने बिना वैध ट्रांजिट पास के बालू से भरे ट्रक क्रमांक स्क्क-66-त्त-1132 को पकड़कर रामनगर थाने में खड़ा कराया। अधिकारियों के अनुसार वाहन अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए पाया गया, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। हालिया कार्रवाई को दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर का असर माना जा रहा है, जिसके बाद प्रशासनिक टीमों ने क्षेत्र में सघन निरीक्षण शुरू किया है। कुबरी और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से अवैध उत्खनन और ओवरलोडिंग की शिकायतें सामने आती रही हैं। इससे पहले भी वन विभाग की सोन घड़ियाल इकाई द्वारा नौ ट्रकों की जब्ती की कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अवैध गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण नहीं हो सका है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा बनी हुई है कि अवैध खनन केवल वाहनों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक संगठित नेटवर्क सक्रिय है। रेत के उत्खनन स्थल से लेकर परिवहन और खपत तक पूरी श्रृंखला में कई स्तरों पर गतिविधियां संचालित होने की बात कही जा रही है। ऐसे में केवल वाहनों की जब्ती को पर्याप्त नहीं माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि यदि स्रोत और नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, तो इस प्रकार की गतिविधियां लगातार जारी रह सकती हैं। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि अवैध खनन के ठिकानों की पहचान कर वहां कड़ी निगरानी रखी जाए और इस पूरे तंत्र में शामिल लोगों की भूमिका तय की जाए। साथ ही परिवहन व्यवस्था पर सख्त नियंत्रण और नियमित जांच से ही स्थिति में सुधार संभव है। कुबरी में हुई इस कार्रवाई ने संकेत दिया है कि प्रशासन अब सक्रियता दिखा रहा है, लेकिन प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक है कि कार्रवाई का दायरा बढ़ाते हुए पूरे नेटवर्क पर निर्णायक कदम उठाए जाएं, ताकि अवैध बालू कारोबार पर स्थायी अंकुश लगाया जा सके।

दैनिक जागरण खबर का असर

### अतिक्रमण हटाने के साथ वैकल्पिक व्यवस्था जरूरी : तुषार अग्रवाल

**मैहर।** शहर में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर स्थानीय स्तर पर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्र में फैले अतिक्रमण से जहां आवागमन प्रभावित हो रहा है, वहीं छोटे व्यापारियों की आजीविका को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। इसी क्रम में भाजपा नेता तुषार अग्रवाल ने अतिक्रमण की समस्या के समाधान के लिए संतुलित और व्यावहारिक पहल की जरूरत बताई है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग हुजूर, जिला रीवा (म.प्र)**

क्रमांक/0237/एसडीओ/एच/रीडर-1/2026
रीवा, दिनांक: 15.04.2026

अपीलार्थी बृजेश कुमार मिश्रा तनय स्व. महावीर प्रसाद मिश्रा निवासी गुलाब नगर सतान, तहसील हुजूर, जिला रीवा द्वारा इस न्यायालय में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 ई. की धारा 44(1) के तहत तहसीलदार तहसील हुजूर, नगर जिला रीवा के न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0190/अ-27/2020-21 में पारित आदेश दिनांक 31-08-2021 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है, जो प्रकरण क्रमांक 0237/अपील/2021-22 बृजेश कुमार मिश्रा बनाम मुस. ऊषा मिश्रा वगैरह मौजा समान विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई तिथि 15-05-2026 नियत है। अपीलार्थी द्वारा निवेदन किया गया है कि उत्तरवादी को जारी रजिस्टर्ड नोटिस संबंधित पते में तामीली नहीं हो पा रही है, समाचार पत्र में प्रकाशन कराया जाकर उत्तरवादी की उपस्थिति कराई जाय।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग हुजूर,
जिला-रीवा (म.प्र.)

RN- 85263

**नाम सुधार सूचना**

मै संतोष वर्मा शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि, मेरे पुत्र सिद्वार्थ वर्मा के आधार कार्ड में उसके नाम की स्पेलिंग Siddhrath Varma लेख है जो कि गलत है, जबकि मेरे पुत्र की अंकसूची में मेरे पुत्र सिद्वार्थ वर्मा के नाम की स्पेलिंग Sidhyarth Varma लेख है जो कि सही है अर्थात् मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसके नाम सिद्वार्थ वर्मा के नाम की गलत स्पेलिंग Siddhrath Varma की जगह अंकसूची में वर्णित सही स्पेलिंग के अनुसार Sidhyarth Varma सुधार किया जाए एवं पढ़ा लिखा व जाना जाए।

RN-85053
संतोष वर्मा

**कार्यालय सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा (म.प्र.)**

जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail-ccfre.rwa@mp.gov.in.Phone-07662-297493

**वित्तीय वर्ष 2026-27 में सामग्री क्रय हेतु ई-निविदा सूचना**

समस्त प्रदायकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वनमंडलाधिकारी, सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा के अधीनस्थ इकाई रीवा ( रोपणी -रीवा, हर्दीशंकर, बैदहा), सतना (रोपणी-रामटेकरी, मुकुन्दपुर, उमरी, परसवाही), सीधी (रोपणी-जोगदहा, बदरखेड़ा, टिकरी), सिंगरौली (रोपणी-निगरी, ओवरी, मोरबा), चित्रकूट (रोपणी-सरभंगा, गहिरा), शहडोल (रोपणी-धनपुरी, विचारपुर, समधिन), अनूपपुर (सीतापुर, अमरकंटक) एवं उमरिया (रोपणी-मझगवां) के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभागीय रोपणियों में पौधा तैयारी एवं रखरखाव कार्य अंतर्गत भवन निर्माण सिंचाई तंत्र, विद्युत सामग्री, स्टेशनरी, साफ सफाई आदि सामग्री क्रय की आवश्यकता है। उक्त सामग्री का प्रदाय कार्य स्थल में किया जाना होगा। उक्त सामग्री के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस ई-निविदा के लिए दिनांक 30/4/2026 से आवेदन ऑनलाइन के माध्यम से वेबसाईट https://mptenders. gov.in के द्वारा ही स्वीकार्य किया जायेगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 20/5/2026 तक है। निविदा की दिनांक 21/5/2026 टेक्निकल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी एवं 21/5/2026 को फाईनेंशियल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी।

जी-12375/26
वनमंडलाधिकारी
सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा

## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों की फीस रिफंड के लिए पीएचक्यू ने बढ़ाई तारीख

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस के जवानों और अधिकारियों के लिए लागू शिक्षण शुल्क प्रतिपूर्ति योजना 2025 के तहत बच्चों की फीस रिफंड के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि अब 31 मई 2026 कर दी गई है। स्पेशल डीजी वेलफेयर अनिल कुमार ने इस संबंध में प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों को निर्देश जारी कर आवेदन स्वीकार करने को कहा है, ताकि अधिक से अधिक पुलिस परिवारों को इस योजना का लाभ मिल सके। कुछ पुलिसकर्मियों ने शिकायत की थी कि उनके दफ्तरों में समय सीमा खत्म होने का हवाला देकर आवेदन लेने से मना किया जा रहा है, जबकि बच्चों की पढ़ाई के लिए नया सत्र अप्रैल माह के बाद शुरू हुआ है। पीएचक्यू ने सभी जिलों के एसपी और पुलिस कमिश्नरों के साथ बटालियनों के कमांडेंट एवं जीआरपी के पुलिस अधीक्षकों को नए आदेश में साफ कर दिया है कि आवेदन स्वीकार न करना कतई उचित नहीं है और हर आवेदन की पावती देना अनिवार्य होगा। यदि कोई पुलिसकर्मी पात्र नहीं है तो उसे कारण बताते हुए सूचित किया जाए, लेकिन आवेदन लेने से इनकार न किया जाए। नए आदेश में यह भी साफ कर दिया गया है कि 31 मई के बाद केवल उन्हीं मामलों पर विचार होगा जिनका रिजल्ट देरी से आया है, बशर्ते फीस जमा करने के 3 महीने के भीतर आवेदन दे दिया गया हो। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में लगभग 1 लाख 6 हजार पुलिसकर्मी कार्यरत हैं।

### नारद जयंती व पत्रकार सम्मान समारोह 11 को

**भोपाल।** विश्व संवाद केंद्र मध्यप्रदेश द्वारा देवर्षि नारद जयंती समारोह 2026 का आयोजन 11 मई 2026 को किया जाएगा। यह कार्यक्रम लिंक रोड नं. 3 स्थित कुक्कुट विकास निगम सभागार (मैनिट चौराहा के पास) में पूर्वांह 11.30 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में संघ की 100 वर्षों की यात्रा एवं मीडिया विषय पर विशेष परिचर्चा आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक पांडेय प्रांत संघ चालक आरएसएस मध्य भारत प्रांत) एवं मुख्य वक्ता प्रखर श्रीवास्तव संपादकीय सलाहकार, दूरदर्शन, नई दिल्ली रहेंगे। कार्यक्रम में संपादक, वरिष्ठ पत्रकार, संवाददाता, उप-संपादक, फोटो पत्रकार और स्तंभ लेखकों सहित पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रबुद्धजन एकत्रित होंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए चयनित पत्रकारों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान शिक्षकों को मैरिट के आधार पर लाभ दें

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान प्राथमिक शिक्षकों को मैरिट के आधार पर लाभ प्रदान करने का राहतकारी निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी प्रवीण कुमार कुर्मी सहित अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, अभिलाषा लोधी व काजल विश्वकर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आयुक्त लोक शिक्षण ने हाई कोर्ट के पूर्व आदेश की मनमानी व्याख्या कर आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान प्राथमिक शिक्षकों को आदिवासी कल्याण विभाग में दो वर्ष से अधिक की गई सेवा का लाभ न देते हुए स्कूल शिक्षा विभाग में नए सिरे से पदस्थाना की व्यवस्था दे दी थी।

### बिल्डर से कुकृत्य करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में गोला का मंदिर इलाके में रहने वाले एक बिल्डर के अपहरण और उसके साथ कुकृत्य मामले में पुलिस ने एक इनामी आरोपी को गौरी यादव को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। चारों आरोपियों पर पुलिस ने 10-10 हजार का इनाम घोषित किया था। जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल की शाम ओमकार सिकरवार, जितेंद्र सिकरवार, गौरव उर्फ गौरी यादव और इंद्रपाल सिंह तोमर ने मिलकर बिल्डर का अपहरण किया था।

# गांवों में अब मर्जी से नहीं जरूरत पर ही लगेंगे हैंडपंप, पीएचई ने बदली व्यवस्था

## नई एसओपी में हैंडपंप लगाने से पहले जमीन का वैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य, ऑनलाइन दर्ज होगा डाटा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में अब हैंडपंप लगाने की प्रक्रिया पूरी तरह बदलने जा रही है। अब किसी भी गांव में केवल मांग होने या जनप्रतिनिधियों के कहने पर हैंडपंप नहीं लगा दिया जाएगा, बल्कि विभाग पहले यह जांच करेगा कि वहां वास्तव में इसकी जरूरत है या नहीं। इस बदलाव के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) ने एक नई एसओपी तैयार की है। इस एसओपी में यह भी तय कर दिया गया है कि नए हैंडपंप लगाने से पहले जमीन का वैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाएगा, ताकि यह पहले ही पता चल जाए कि जमीन के नीचे पानी का स्तर क्या है और वहां हैंडपंप लगाने से पानी कलेगा या नहीं। इसके लिए जियो-हाइड्रोलॉजिकल सर्वे कराया जाएगा। यदि सर्वे की रिपोर्ट नेगेटिव आएगी तो हैंडपंप लगाने के बजाय जलापूर्ति के लिए दूसरे उपाय किए जाएंगे।

### तीन चरणों में होगा निरीक्षण, फिर मिलेगी मंजूरी

एसओपी में हैंडपंप लगाने की प्रक्रिया को तीन चरणों में बांट दिया गया है। सबसे पहले ग्राम पंचायत की मांग पर ब्लॉक स्तर के अधिकारी तीन दिन के भीतर मौके का मुआयना करेंगे। इसके बाद कलेक्टर की अध्यक्षता वाली कमेटी इसकी मंजूरी देगी। निर्माण के दौरान पानी की शुद्धता की जांच तय मानकों के आधार पर होगी और चबूतरा निर्माण से लेकर जल निकासी तक के काम पूरे होने के बाद ही इसे ग्राम पंचायत को सौंपा जाएगा। पंचायत ही इसके रखरखाव की अंतिम जिम्मेदारी संभालेगी। पूरी कवायद का मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि जरूरत और गुणवत्ता के आधार पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करना है।



### पैसे और पानी की बर्बादी रोकने की कवायद

पीएचई की नई एसओपी लागू होने से सरकारी पैसे और पानी दोनों की बर्बादी रोकी जा सकेगी। इससे पहले पीएचई द्वारा हैंडपंप को लिए कराए गए बोर अक्सर फेल हो जाते थे, लेकिन इसकी स्थापना का भारी-भरकम खर्च विभाग को ही चुकाना पड़ता था। सरकार ने अब यह भी साफ कर दिया है कि जिन गांवों में पहले से ही जल जीवन मिशन के जरिए नलों से पानी मिल रहा है, वहां अब नया हैंडपंप नहीं लगाया जाएगा। नियम के मुताबिक यदि किसी इलाके के 300 मीटर के दायरे में प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी पहले से मिल रहा है, तो वहां नए हैंडपंप की मंजूरी नहीं मिलेगी। नई व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए एक खास डिजिटल प्लेटफॉर्म घन भी तैयार किया गया है। इस पोर्टल पर हर हैंडपंप की लोकेशन और उसकी पूरी जानकारी इस पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी, जिससे उनकी निगरानी करना आसान होगा।

### 5.57 लाख हैंडपंप आज भी बने हुए हैं लाइफलाइन

आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश के गांवों में प्यास बुझाने का बड़ा और भरोसेमंद साथी आज भी हैंडपंप ही है। पीएचई के आधिकारिक आंकड़ों और हालिया बजट के अनुसार प्रदेश की ग्रामीण बसावटों में वर्तमान में लगभग 5 लाख 57 हजार हैंडपंप लगे हुए हैं। कंक्रीट के बढ़ते जंगलों और गिरते भूजल स्तर के बीच ये हैंडपंप अब भी सैकड़ों गांवों की लाइफलाइन बने हुए हैं, क्योंकि ये इन इलाकों में जलापूर्ति का एकमात्र साधन हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक हैंडपंपों के बंद होने का आंकड़ा मौसम और भूजल स्तर के साथ बदलता रहता है। सरकारी डाटा के मुताबिक हर साल गर्मियों के दस्तक देते ही औसतन 5 से 8 प्रतिशत हैंडपंप या तो जलस्तर गिरने के कारण दम तोड़ देते हैं या तकनीकी खराबी की वजह से बंद हो जाते हैं। विभाग ने अब इस समस्या का भी डिजिटल समाधान निकाला है। अब हर हैंडपंप की लोकेशन और चालू-बंद होने की जानकारी पोर्टल पर रियल-टाइम उपलब्ध है।

# रोजगार देने में नंबर वन बना मध्यप्रदेश

## इन्वेस्ट इंडिया की रिपोर्ट में राजस्थान और महाराष्ट्र को पछाड़ा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भारत सरकार की नेशनल इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, रोजगार सृजन में देश में मप्र नंबर वन बन गया है।



केंद्र सरकार की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, निवेश को धरातल पर उतारने और उसे युवाओं के लिए नौकरियों में बदलने में मध्यप्रदेश ने आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और महाराष्ट्र जैसे बड़े राच्यों को भी पीछे छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने साल 2025 को प्रदेश में रोजगार और उद्योग वर्ष के रूप में घोषित किया था, जिसका असर अब आंकड़ों में नजर आ रहा है।

### रोड-शो, इन्वेस्टर मीट और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से बदले हालात

प्रदेश सरकार ने पिछले साल से रोजगार बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास शुरू किए थे। इस दौरान देश-विदेश में रोड-शो, इन्वेस्टर मीट और संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के जरिए निवेशकों को लुभाने के प्रयास किए गए। सरकार की यह भी कोशिश रही कि नए उद्योग और कारोबार केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहें, बल्कि छोटे नगरों को भी इसका लाभ मिले।

### युवाओं को स्किल डेवलपमेंट से जोड़ने का भी मिला फायदा

निवेशकों को जमीन, बिजली और कनेक्टिविटी के साथ ही सबसे ज्यादा जरूरत फैक्ट्री या व्यापार में काम करने वाले हुनरमंद स्टाफ की होती है। प्रदेश की आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थाओं को आधुनिक बनाते हुए नए कोर्स शुरू किए गए और विद्यार्थियों का सीधा प्लेसमेंट इंडस्ट्री में कराया गया। इसके अलावा युवा संगम और रोजगार मेलों जैसे आयोजनों ने युवाओं और कंपनियों के बीच की दूरी को कम किया है। वित्तवर्ष 2025-26 के दौरान इन्वेस्ट इंडिया ने देश के 14 राच्यों में करीब 6.1 बिलियन डॉलर के निवेश वाली 60 परियोजनाओं को शुरू करने में मदद की है, जिनसे 31 हजार से च्यादा नौकरियां पैदा होने का अनुमान है।

# फॉगिंग से महाकाल मंदिर में गर्मी से भक्तों को दे रहे राहत

**जागरण, उज्जैन।** देश विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र बाबा महाकाल के दरबार में भीषण गर्मी में भी श्रद्धालुओं का जमावड़ा है। बीते एक सप्ताह से उज्जैन में तापमान 40 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। ऐसे में लोग जरूरी कामों के लिए ही घरों से निकल रहे हैं। हालांकि, हीट वेव के बाद भी महाकाल के भक्तों का उत्साह बना हुआ है। रोजाना एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इन भक्तों को गर्मी से बचाने के लिए महाकाल मंदिर समिति ने पहली बार महाकाल लोक में फॉगिंग सिस्टम लगाया है। फिलहाल इसे मानसरोवर से त्रिनेत्र तक डेमो के रूप में इंस्टाल कराया गया है। अगर ये कारगर रहा तो पूरे महाकाल लोक और मंदिर परिसर में भी इसे लगाने की योजना है। दरअसल त्रिवेणी से मानसरोवर तक करीब 900 मीटर तक भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं को पैदल चलना पड़ता है। इसके लिए मंदिर समिति ने पहले से मेट, धूप से बचने के लिए शामियाने और पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था तो की है, लेकिन इसके बाद भी गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं को ठंडक देने के लिए फॉगिंग की व्यवस्था की गई है। अब श्रद्धालुओं के ऊपर पानी की बौछार पड़ रही हैं, जिससे उन्हें ठंडक मिल रही है। श्रद्धालु मंदिर की इस व्यवस्था से खुश भी नजर आए। महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष पलवड़िया ने बताया कि टेंट, पेयजल और कारपेट की व्यवस्था पहले से थी। अब डेमो के रूप में फॉगिंग सिस्टम शुरू किया है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो इसे बढ़ाकर पूरे महाकाल लोक में इंस्टाल कराया जाएगा।

**मान सरोवर से त्रिनेत्र तक इंस्टाल किया सिस्टम, रोज पहुंच रहे एक लाख भक्त**

# अपनी सल्तनत के लिए एक-दूसरे के खून के प्यासे हो रहे टाइगर

## मां से अलग होते ही हो जाते हैं हमलावर, 9 साल में 9 की मौत



**सवाई माधोपुर, जेएनएन।** राजस्थान के रणथंभौर टाइगर रिजर्व में अब बाघों के लिए 'घर' छोटा पड़ने लगा है। अपनी सल्तनत (टेरिटरी) कायम करने की होड में बाघ एक-दूसरे के खून के प्यासे हो रहे हैं। आलम यह है कि पिछले 9 साल में आपसी भिड़त के कारण 9 बाघ अपनी जान गंवा चुके हैं। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) ने भी इस बढ़ते संघर्ष पर चिंता जताई है। 1980 में नेशनल पार्क का दर्जा मिला देश में टाइगर प्रोजेक्ट की शुरुआत साल 1973 में हुई थी। इसी साल रणथम्भौर राजस्थान का पहला टाइगर रिजर्व बना। साल 1980 में रणथम्भौर टाइगर रिजर्व को नेशनल पार्क का दर्जा मिला। एनटीसीए की गाइडलाइन कहती है कि एक टाइगर को 40 से 50 वर्ग किमी का इलाका चाहिए।

**क्षमता से ज्यादा बाघ, कुनबा बढ़ा तो सिमट गया इलाका:** वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की 2015-16 की रिपोर्ट के मुताबिक, रणथंभौर का क्षेत्रफल और ग्रासलैंड अधिकतम 45 से 55 बाघों के लिए उपयुक्त है। वर्तमान में यहां 77 बाघ, बाघिन और शावक मौजूद हैं।

### दुष्कर्म मामले की समानांतर जांच पर पुलिस को फटकारा

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने दो पुलिस अधिकारियों को फटकारा, जिनमें नर्मदापुरम जिले के एसपी भी शामिल हैं। इन अधिकारियों ने दुष्कर्म मामले की समानांतर जांच की थी। कोर्ट ने कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि एसपीए और डीएसपी रैंक के पुलिस अधिकारियों को कानून की बुनियादी जानकारी नहीं है। यह समानांतर जांच इटारसी शहर के सब-डिवीजनल पुलिस अधिकारी एसडीपीओ, जो डीएसपी रैंक के बराबर होते हैं, उन्होंने एसपी के कहने पर की थी। यह जांच आरोपित के पिता द्वारा दिए गए आवेदन के बाद शुरू की गई थी, जिसमें कहा गया था कि दुष्कर्म की शिकायत झूठी है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इस आदेश की एक प्रति राच्य के डीजीपी को भेजी जानी चाहिए, ताकि उन्हें इस बात से अवगत कराया जा सके कि नर्मदापुरम में पुलिस द्वारा दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों से किस तरह निपटा जा रहा है। आरोपित की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए पाया कि दोनों में से किसी भी पुलिस अधिकारी को यह पता नहीं था कि किसी जांच के चलते हुए समानांतर जांच करना मान्य नहीं है।

# कमजोर सहकारी बैंकों को बनाएं मजबूत: यादव

## अपेक्स बैंक के प्रशासक ने ली बैठक

**विसं, भोपाल।** अपेक्स बैंक के प्रशासक महेन्द्र यादव ने अधिकारियों से कहा है कि राज्य के कमजोर सहकारी बैंकों को मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारियों को और ज्यादा मेहनत करने की जरुरत है। अपेक्स बैंक के समन्वय भवन के सभागार में नवनियुक्त प्रशासक ने राज्य के 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें उन्हें जिला बैंक व प्राथमिक सहकारी समितियां को कैसे सुदृढ़ बनाने के साथ सहकारी आंदोलन को कैसे मजबूत किया जा सके, इस बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता है ऐसे में सभी मुख्य कार्यपालक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसानों को समिति में सम्मान और उन्हें समय पर ऋण व खाद मिले किसानों को समय पर समितियां से खाद्य प्राप्त हो इसके लिए खाद का भंडारण पिक में सुनिश्चित करें उन्होंने कहा की 16 बैंक अभी कमजोर वर्ग की श्रेणी में है। वहां के सीईओ को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है जब तक पैक्स मजबूत नहीं होगी, तब तक सहकारी आंदोलन सुदृढ़ नहीं हो सकेगा पैक्स में आप सभी लोगों को मेहनत के साथ काम करना होगा।

# किसानों की मांगों को लेकर सात को राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करेगी कांग्रेस

## पीसीसी चीफ बोले प्रदेश में किसानों की हो रही उपेक्षा

**जागरण, भोपाल।** अन्नदाता प्राकृतिक आपदाओं से तो परेशान है ही, सरकार के स्तर पर भी किसानों की उपेक्षा हो रही है। बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और जल भराव से किसानों की फसल खराब हो गई। लाखों किसान भारी कर्जे में डूब गए हैं। वहीं मंडी और उपार्जन केंद्रों में भी किसानों से भेदभाव व लूटमार की जा रही है। किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस 7 मई को प्रदेश में बड़ा प्रदर्शन करेगी। बड़वानी से लेकर मुरैना तक राष्ट्रीय राजमार्ग जाम किया जाएगा। इसके बाद भी सरकार ने किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो प्रदेश भर में एक साथ प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को मीडिया से चर्चा में यह बात कही। राजधानी के पॉलीटेक्निक चौराहे से विस्थापित किए जा रहे आदिवासी व अन्य परिवारों से मुलाकात के बाद पटवारी ने कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहाकि गरीबों की बद्दुआ लगेगी। इस पूरी कार्रवाई को महज एक संस्था की जमीन बचाने के लिए प्रशासन की साजिश बताया। उन्होंने कहाकि प्रदेश में 245 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन हुआ, लेकिन किसानों को मजबूरी में कम दामों पर गेहूं बेचना पड़ा।



**प्रदेश में बिगड़ी व्यवस्था:** पीसीसी चीफ ने प्रदेश में हुई विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए कहाकि प्रदेश में पानी तक सुरक्षित नहीं है। नगर निगम का पानी पीने से लोगों की जान जा रही है। दवाइयों की लापरवाही से 26 बच्चों की मौत होना शर्मनाक है। एनजीटी की आपत्तियों के बावजूद क्रूज संचालन किया गया, जिससे लोगों की जान गई। आदिवासी अंचलों में परिवहन व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क हादसों में लगातार जानें जा रही है। प्रदेश में अपराध, भ्रष्टाचार और अत्याचार चरम पर है।

# माफिया के आगे बेबस नहीं होगा वन अमला गिरफ्तारी, एफआईआर से पूर्व मंजूरी जरूरी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** वन व रेत माफियाओं और शिकारियों के खिलाफ मौके पर कार्रवाई के दौरान वनकर्मियों को अब अपनी चिंता करने की जरूरत नहीं है। जंगल या घटना स्थल पर जवाब के तौर पर लिये गए एक्शन का वन कर्मियों के कैरियर पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। आरोपी चाहकर भी अव्वल तो वन अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ सीधी एफआईआर दर्ज नहीं करा सकेंगे, यदि पुलिस एफआईआर दर्ज भी कर लेती है तो वन कर्मियों की गिरफ्तारी अब आसान नहीं होगी। मैदानी पुलिस को वन कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए भी वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में रेत माफियाओं द्वारा वन रक्षक हरकेश गुर्जर की ट्रैक्टर से कुचलकर की गई हत्या पर सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान लेने के बाद एमपी पुलिस जागी है। इस मामले में अदालत द्वारा चंबल अभयारण्य में बढ़ते अवैध रेत खनन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर लगाई फटकार के बाद पीएचक्यू के अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने वन विभाग के मैदानी अमले की सुरक्षा के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव द्वारा सभी एसपी और पुलिस कमिश्नरों को जारी आदेश के मुताबिक, अब ड्यूटी के दौरान वन रक्षकों, वनपालों और उप वन क्षेत्रपालों पर किसी भी अपराध में एफआईआर दर्ज करने या अभियोजन चलाने से पहले राज्य सरकार की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि वन कर्मी बिना किसी डर के माफियाओं और शिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सकें।




### 8 अप्रैल की घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट ने शुरू की सुनवाई

8 अप्रैल को मुरैना के दिमनी इलाके में हुई घटना ने देशभर में वन कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए थे। यहां रेत माफिया ने अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने की कोशिश कर रहे ड्यूटी पर तैनात वनकर्मी हरकेश गुर्जर की ट्रैक्टर से कुचलकर जान ले ली थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकारों को चेतावनी दी थी कि यदि चंबल में अवैध खनन नहीं रुका तो वहाँ अर्धसैनिक बलों की तैनाती कर दी जाएगी। अदालत ने साफ शब्दों में कहा था कि अगर सरकार अपने अधिकारियों की रक्षा नहीं कर सकती, तो मशीनरी का कोई मतलब नहीं रह जाता। इसके बाद पीएचक्यू ने यह नया सर्कुलर जारी किया है।

### बगैर पुख्ता सबूत के नहीं होगी वनकर्मी पर कार्रवाई

पीएचक्यू ने निर्देश में साफ किया है कि चंबल जैसे संवेदनशील इलाकों में अवैध खनन रोकने और वन्य प्राणियों के संरक्षण में लगे वन कर्मियों को बीएनएसएस 2023 की धारा 218 के तहत सुरक्षा दी जाएगी। यदि किसी वन कर्मी की गिरफ्तारी की नौबत आती है, तो भी पुलिस को बेहद सतर्कता बरतनी होगी। नए प्रावधानों के तहत अब किसी वन कर्मी को तब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा, जब तक पुलिस के पास पुख्ता विश्वास करने का कारण न हो। पुलिस को गिरफ्तारी का लिखित आधार भी बताना होगा, जिससे वन अमले को झूठे मुकदमों में फंसाए जाने का खतरा कम होगा। पीएचक्यू ने पुराने आदेशों का भी हवाला दिया है, जिसके तहत वन रक्षकों और उच्च अधिकारियों को आत्मरक्षा के लिए हथियार इस्तेमाल करने की छूट दी है। वनों और वन उपज की सुरक्षा के लिए तैनात कर्मचारी अब संबंधित वन मंडलाधिकारी की सिफारिश पर बंदूक के लाइसेंस ले सकेंगे। अवैध खनन रोकने या आत्मरक्षा में वन कर्मी गोली चलाते हैं, तो भी पुलिस सीधे एफआईआर दर्ज नहीं करेगी। ऐसे मामलों में पुलिस केवल तभी संज्ञान ले सकेगी जब कलेक्टर द्वारा कराई गई मजिस्ट्रियल जांच में यह साबित हो जाए कि हथियार का उपयोग अनावश्यक था।

**योजना** — दूसरे सप्ताह में शुरू होगी ऑनलाइन कोचिंग, परीक्षा जुलाई में संभव

# शिक्षकों को टीईटी से छुटकारा नहीं, पढ़ाई भी कराएगा डीपीआई

**जागरण, भोपाल।** हाईस्कूल और हायर सेकंडरी कक्षाओं का रिजल्ट सुधारने रेमेडियल और एक्स्ट्रा क्लास लेने वाले सरकारी स्कूल के शिक्षक अब खुद ही कोचिंग में बैठे नजर आ सकते हैं। वजह, एक तरफ लोक शिक्षण संचालनालय ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर कर दी है, दूसरी तरफ वह शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को टालने के मूड में भी नहीं है। इतनी दरियादिली विभाग जरूर दिखा रहा है कि स्पेशल कोचिंग लगाकर शिक्षकों को परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी ताकि उनकी पढ़-लिखकर वे नौकरी बचा सकें। सितंबर में सुप्रीम कोर्ट का आदेश आते ही डीपीआई ने टीईटी आयोजित करने का आदेश जारी कर दिया था। इसमें कर्मचारी चयन मंडल ईएसबी के माध्यम से जुलाई-अगस्त में पात्रता परीक्षा प्रस्तावित की गई है। परीक्षा के पहले संचालनालय इसी माह से कोचिंग की तैयारी कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक शिक्षक इसमें सफल हो सकें। यह स्पेशल कोचिंग ऑनलाइन होगी और यू ट्यूब के माध्यम से शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसकी तैयारी भी विभाग ने शुरू कर दी है। इसमें एक लाख से ज्यादा शिक्षकों को यूट्यूब के जरिए टीईटी के मुश्किल प्रश्न हल कराए जाएंगे। टीईटी के लिए विभाग ने सिलेबस भी तैयार कर लिया है। विभाग की तैयारी से तय हो गई है कि शिक्षकों को फिलहाल टीईटी से छुटकारा नहीं मिल सकेगा।



### ऐसे चलेगी स्पेशल कोचिंग

परीक्षा की तैयारी कराने के उद्देश्य से रिमेडियल क्लास के तौर पर होने वाली यह कोचिंग इसी माह दूसरे सप्ताह में शुरू हो सकती है। इसका मॉड्यूल अथवा हॉट टॉपिग विभाग जारी कर सकता है। इस मॉड्यूल के हिसाब से परीक्षा के दायरे में आ रहे सभी शिक्षकों को परीक्षा के लिए खास ट्रेनिंग दी जाएगी। इस ऑनलाइन कोचिंग क्लास की जिम्मेदारी लोक शिक्षण संचालनालय की असेसमेंट शाखा को सौंपी जा रही है। सभी शिक्षकों के लिए यह ऑनलाइन कोचिंग पूरी तरह से निशुल्क होगी। विभाग के शिक्षक प्रशिक्षण की तर्ज पर ही यह क्लासेस भी डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षक अपने स्मार्ट फोन या लेपटॉप के जरिए कोचिंग में शामिल हो सकेंगे।

### हर शिक्षक पर रहेगी नजर

पूरा पाठ्यक्रम और मॉडयूल तैयार करने में जुटे लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षकों की इस कोचिंग की जिम्मेदारी अपने असेसमेंट सेल को सौंपी है। जो पूरी कोचिंग प्रक्रिया की निगरानी करेगी। यह सेल कोचिंग में ऑनलाइन जुड़ने वाले शिक्षकों की हाजिरी पर भी नजर रखेगी। इसका यूट्यूब और अन्य डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के जरिए लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए बकायदा स्टूडियो बनाया गया है, जहां से विषयों के विशेषज्ञ मॉड्यूल के चैप्टर से कोर्स पूरा कराएंगे। इसके लिए पावर पाइंट प्रजेंटेशन का इस्तेमाल भी होगा। वहीं स्मार्ट क्लास में वीडियो भी दिखाए जाएंगे।

### शिक्षक कर रहे हैं विरोध

विभिन्न संगठनों के बैनर तले प्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षक इस टीईटी का विरोध कर रहे हैं। वे पुनर्विचार याचिका का फैसला आने तक टीईटी टालने की मांग भी कर रहे हैं। ऐसे में स्पेशल कोचिंग की तैयारी शिक्षकों के लिए किसी आघात से कम नहीं है। शिक्षकों को डर है कि कहीं टीईटी में फेल होने पर उनकी नौकरी खतरे में न पड़ जाए। विभाग ने इसी डर को दूर भगाने के लिए मिशन मोड पर स्पेशल ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था बनाई है।

### टीईटी पर सरकार की रिव्यू पिटीशन पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 13 को

शिक्षकों के लिए अनिवार्य की गई शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर राज्य सरकार द्वारा दायर रिव्यू पिटीशन पर सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को सुनवाई होगी। सरकार की पुनर्विचार याचिका स्वीकार करने के बाद सुनवाई के लिए 13 मई की तारीख तय की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार व अन्य पक्षकारों के आवेदनों को स्वीकार करते हुए मामले को ओपन कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई के लिए दोपहर 2 बजे का वक्त नियत किया गया है। यह सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अनुमति के अधीन रहेगी। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश के बाद मप्र के शिक्षकों को और उनकी ओर से सरकार को भी अपना पक्ष विस्तार से रखने का मौका मिलेगा। टीईटी को लेकर पूर्व में हुए निर्णय पर न्यायिक पुनर्विचार की राह खुलेगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जुलाई-अगस्त में टीईटी करने का कार्यक्रम भी जारी कर दिया था। इसके खिलाफ प्रदेश भर में शिक्षक सड़कों पर उतर आए थे। भोपाल में भी दो बड़े प्रदर्शन शिक्षकों के हो चुके हैं।

# 62 आईपीएस का तबादला 24 जिलों के एसपी बदले

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने बहुप्रतीक्षित आईपीएस की तबादला सूची देर रात जारी कर दी। इस लिस्ट के अनुसार प्रदेश में 24 जिलों के एसपी बदले गए हैं, जबकि जीआरपी भोपाल और जबलपुर में भी नए एसपी की पदस्थापना की गई है। सीनियर लेवल पर एक स्पेशल डीजी और तीन एडीजी के ट्रांसफर किए गए हैं। स्पेशल डीजी रेल रहे रवि कुमार गुप्ता को अब स्पेशल डीजी ट्रेनिंग के साथ भौंरी पुलिस अकादमी की भी कमान सौंपी गई है, वहीं एडीजी राजाबाबू सिंह को एडीजी रेल के पद पर भेजा गया है। इसके अलावा एडीजी डीपी गुप्ता और सोलोमन यश कुमार मिंज को भी नए दायित्व सौंपे गए हैं। भोपाल के एडिशनल सीपी अवधेश कुमार गोस्वामी को पीएचक्यू में डीआईजी के पद पर भेज दिया गया है, जबकि शैलेंद्र सिंह चौहान को डीआईजी बनने के बाद पहली पोस्टिंग भोपाल के एडिशनल सीपी के रूप में मिली है। तबादला सूची में कुल 62 नाम शामिल हैं। आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में डीआईजी के पद पर प्रमोट हो चुके अफसर ही एसपी बने हुए थे। उन सभी को नई जगह पोस्टिंग दी गई है। सूची जारी करने से पहले सीएम की सीएम और डीजीपी से एक घंटे तक चर्चा भी हुई थी।

### इनके कामकाज में हुआ बदलाव

**स्पेशल डीजी** - रवि गुप्ता
**एडीजी** - राजाबाबू सिंह, डीपी गुप्ता, सोलोमन यश कुमार मिंज।
**डीआईजी** - अमित सिंह, अवधेश गोस्वामी, अमित सांघी, वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रशांत खरे, मनीष अग्रवाल, मनोज कुमार राय, रियाज इकबाल, राहुल कुमार लोढ़ा, सिमाला प्रसाद, असित यादव, विवेक सिंह, शैलेंद्र सिंह चौहान, कुमार प्रतीक, शिवदयाल, मयंक अवस्थी।

# 17 यूनिट रक्त संग्रह कर मानव सेवा का दिया उदाहरण







## मानव एकता दिवस पर संत निरंकारी मंडल सिंगरौली द्वारा तीन चरणों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न

जागरण, वैढ़न

मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मंडल सिंगरौली द्वारा तीन चरणों में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस जनकल्याणकारी अभियान के अंतर्गत कुल 117 यूनिट रक्त संग्रहित कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। शिविर के प्रथम चरण में 24 अप्रैल को ढोटी विंध्यनगर में 53 यूनिट द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को बरगवां में 22 यूनिट तथा तृतीय एवं अंतिम चरण में 03 मई को मोरवा सिंगरौली में 42 यूनिट रक्त का सफलतापूर्वक संग्रहण किया गया। तृतीय चरण के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिंगरौली के पूर्व विधायक राम लल्लू वैश्य रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के चेयरमैन एस. डी.सिंह ब्लड सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ.आर.डी. द्विवेदी एवं संत निरंकारी मंडल सिंगरौली के जिला संयोजक नरेश शाह की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संत निरंकारी मिशन के संस्थापक बाबा हरदेव सिंह के प्रेरणादायक संदेश रक्त नालियों में नहीं नाड़ियों में बहाया जाए से प्रेरित होकर श्रद्धालुओं एवं सेवादारों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। विशेष रूप से तृतीय चरण में महिलाओं सहित अनेक भक्तों एवं स्वयंसेवकों ने निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया जिसमें कुछ दुर्लभ रक्त समूह भी प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि संत निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान सेवा का यह अभियान वर्ष 1986 में दिल्ली से प्रारंभ हुआ था जिसके अंतर्गत अब तक लगभग 14 लाख यूनिट से अधिक रक्त संग्रहित कर जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा चुका है। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में यह सेवा सतत् विस्तार प्राप्त कर रही है। शिविर में प्रत्येक रक्तदाता का हीमोग्लोबिन ब्लड ग्रुप ब्लड प्रेशर एवं वजन की जांच उपरांत ही रक्तदान कराया गया। रक्तदान के पश्चात सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस प्रबंध समिति के सदस्य मनोज प्रताप सिंह ललित श्रीवास्तव सुरेश गिरी एवं भूपेंद्र गर्ग सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान पंकज पांडे एवं वार्ड पार्षद चंद्रिका वर्मा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। संत निरंकारी मिशन की ओर से व्यवस्थापक सुनील मुखी राजेंद्र साहू पूर्व सैनिक गौरव कुमार सीमा यादव सेवा दल संचालक राधेश्याम यादव जोगेंद्र विश्वकर्मा सहित अनेक सेवादारों की सक्रिय भागीदारी रही। शिविर के सफल संचालन में रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के स्टाफ हरिशंकर गुप्ता जय प्रकाश दुबे सूरज प्रकाश सेन सुनीता शाह प्रियंका दुबे एवं रामकली रजक का विशेष योगदान रहा। इस प्रकार तीन चरणों में आयोजित यह रक्तदान शिविर मानव सेवा सामाजिक समर्पण एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# वायरल वीडियो में मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही

**जागरण, वैढ़न।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती गायत्री तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर उमेश कुमार प्रजापति के नेतृत्व में थाना प्रभारी नवानगर निरीक्षक डॉ. अनिल कुमार पटेल व पुलिस टीम को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल वीडियो में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। जानकारी के अनुसार 1 मई से एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा था जिसमे एक व्यक्ति के साथ मारपीट का दृश्य दिख रहा था जिसको संज्ञान मे लेकर देखा गया तो मारपीट का वायरल वीडियो का स्थान थाना नवानगर क्षेत्र का होना पाया गया जिस पर वीडियो को संज्ञान मे लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम गठित कर वीडियो मे जिस व्यक्ति के साथ मारपीट किया जा रहा है उसका पता लगाकर दस्तयाब कर थाना नवानगर लाया गया जिससे उसका नाम पता एवं वीडियो मे मारपीट के संबंध मे पूछताछ किया गया तो अपना नाम अन्नेलाल बैगा पिता अजमेर बैगा 40 वर्ष निवासी घोरौलीकला एन सी एल निगाही गेट के पास थाना नवानगर का होना बताया एवं वीडियो मे मारपीट डेढ माह पहले का होना बताया जिसमे फरियादी ने बताया कि घटना दिनांक को मै अपनी पत्नी देवसिया बैगा के साथ एनसीएल कालोनी निगाही परियोजना के सीएचपी के पूर्व तरफ रेल्वे ट्रेक पर लकड़ी बीनने गया था तभी बजरंग सिक्योरिटी के एम डी सिह तथा सिक्योरिटी गार्ड प्रदीप पटेल एवं मधुकान कंपनी के विनीत पाण्डेय तथा अन्य कई लोग आकर मुझे बोलने लगे की तुम स्कैप की चोरी करने आये हो मैं बोला कि मै लकडी बीनने आया हूँ। तब आरोपियो द्वारा मुझे मां बहन की भद्दी भद्दी गाली एवं जाति सूचक गालिया देते हुये हाकी से मारने लगे कि रिपोर्ट पर अपराध क्र.86/26 धारा 296/115/2 351/3 कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण के दो आरपियो मकरध्वज सिह पिता स्व विक्रमादित्य सिह 55 वर्ष निवासी बजरेग सिक्योरिटी मधुकान थाना नवानगर प्रदीप कुमार पटेल पिता ईश्वरदीन पटेल 50 वर्ष निवासी बजरेग सिक्योरिटी मधुकान को कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। उपरांत गिरफ्तारी के दोनो अभियुक्तो को अभिरक्षा मे लेकर मामले के संबंध पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किये । घटना दिनांक को मारपीट मे प्रयोग की जाने वाली हाकी अभियुक्त मकरध्वज सिह से जब्त किया गया एवं घटना दिनांक को दो नाली बंदूक लिये हुये वीडियो मे दिखने वाले प्रदीप कुमार पटेल से बंदूक जप्त कर बाद उपरोक्त आरोपियो का जिला चिकित्सालय बैढ़न में चिकित्सीय परीक्षण कराकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## ऑनलाइन क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर द्वारा किया जाएगा सम्मानित

**जागरण, वैढ़न।** जिला खनिज प्रतिष्ठान के माध्यम से आकांक्षी डीएमएफप्रोग्राम के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत चले संपूर्णता अभियान 2.0 के प्रति जागरूकता एवं जन सहभागिता वृद्धि हेतु कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश कुमार गोमे के मार्गदर्शन में जिले में 17 मार्च को ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया जिसमें जिला खनिज प्रतिष्ठान आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के संपूर्णता अभियान 2.0 के घटकों से संबंधित 25 प्रश्नों का जवाब निर्धारित 15 मिनट में दर्ज करना था। क्विज प्रतियोगिता में जिले के सभी आयु. वर्ग के व्यक्ति के साथ ही विभिन्न विभागों के फ्रंटलाइन वर्करों के साथ कुल 1821 प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया जिसमें प्रथम स्थान काजल पनिका द्वितीय स्थान राजेश शुक्ला तथा तृतीय स्थान ज्ञानेंद्र अग्रहरि ने प्राप्त किया जिन्हें सिंगरौली कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा आज 4 को कलेक्ट्रेट सभागार में इनाम स्वरूप क्रमशः रुपए 2500 रुपए 2000 रुपए एव 1500 प्रदान किया जाएगा साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य 10 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के कार्य में लापरवाही बरतने पर

# 6 पंचायत सचिवों की वेतन वृद्धि रोकने के दिए निर्देश

## 79 आवास में मात्र 7 हुए पूर्ण

**जागरण, वैढ़न।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश कुमार गोमे ने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरतने वाले 6 पंचायत सचिवों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया है। जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान यह पाया गया कि कई ग्राम पंचायतों में आवास निर्माण की प्रगति अत्यंत निराशाजनक है। इस न्यून प्रगति को देखते हुए सीईओ ने जनपद पंचायत चितरंगी की ग्राम पंचायत माचीकला और जनपद पंचायत बैढ़न की ग्राम पंचायत भंवरखोंह बरहपान तियरा पिपराकुरूंद एवं उर्ती के सचिवों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए उनकी दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि इन पंचायतों में किश्तों के वितरण और कार्य की पूर्णता में भारी अंतर है। उदाहरण के तौर पर बरहपान में 127 लाभार्थियों को प्रथम किश्त तो मिल गई लेकिन केवल 58 आवास ही पूर्ण हो सके हैं। इसी प्रकार तियरा ग्राम पंचायत में स्थिति और भी चिंताजनक है जहाँ 79 प्रथम किश्त के मुकाबले मात्र 07 आवास पूर्ण हुए हैं और द्वितीय से तृतीय किश्त के बीच 44 का बड़ा अंतर देखा गया है। उर्ती और माचीकला जैसी पंचायतों में भी लक्ष्य और पूर्णता के बीच का फासला काफी अधिक है। सीईओ जिला पंचायत ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि शासकीय योजनाओं में सुस्ती और टालमटोल स्वीकार नहीं की जाएगी और दोषियों पर भविष्य में भी सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

## 10वीं और 12वीं की दूसरी परीक्षा का फॉर्म भरने की डेट बढ़कर 4 हुई, 7 को होगी परीक्षा

**जागरण,रीवा।** कक्षा 10वीं और 12वीं की दूसरी परीक्षा 7 मई से आयोजित की जाएगी। भारी संख्या में छात्र-छात्राएं आवेदन फॉर्म भर रहे हैं। इसलिए इसकी तिथि दो बार बढ़ाई गई। पहले 22 अप्रैल तक फॉर्म भरे जाने थे फिर इसे 26 अप्रैल कर दिया गया था और अब तिथि को बढ़ाकर 4 मई कर दिया गया है। परीक्षाओं में शामिल होकर छात्र-छात्राएं अपनी श्रेणी और नम्बर बढ़वाना चाह रहे हैं। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन भरने हेतु 26 अप्रैल तक की सुविधा प्रदान की गई थी। छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु अब 4 मई तक तिथि में वृद्धि की गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के अनुसार हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा 7 मई से 19 मई तक एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय परीक्षा 7 मई से 25 मई तक सुबह 9 से 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र स्वयं एमपी ऑनलाइन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषयए रोल नंबर की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे, जो छात्र कियोस्क में आवेदन नहीं करना चाहते वे अपनी शिक्षण संस्था में नियमित छात्र जिसमें वे अध्ययनरत थे तथा स्वाध्यायी छात्र मुख्य परीक्षा हेतु उनके आवेदन पत्र अग्रेषण करने वाली संस्था में द्वितीय परीक्षा के आवेदन कर सकते हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लाडली लक्ष्मी उत्सव




**जागरण, वैढ़न।** प्रदेशव्यापी निर्देशों के अनुपालन में आज सिंगरौली जिले में लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शासकीय कन्या महाविद्यालय बैढ़न में आयोजित हुआ जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सिंह ने लाडली लक्ष्मी बालिकाओं के साथ आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की शहरी परियोजना टीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं को लाडली लक्ष्मी योजना के विभिन्न लाभों की विस्तृत जानकारी देने के साथ.साथ उनके बेहतर भविष्य के लिए करियर काउंसलिंग भी प्रदान की गई। इससे पूर्व, उत्सव का शुभारंभ लाडली लक्ष्मी पार्क विन्ध्यनगर में एक पौधा लाडली बालिका के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर लाडली लक्ष्मी पथ पर बालिकाओं के साथ सामूहिक गतिविधियाँ और उत्साहवर्धक कार्यक्रम भी संपन्न हुए। जिला मुख्यालय के साथ.साथ यह उत्सव जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी पूरी भव्यता के साथ मनाया गया जहाँ स्थानीय स्तर पर लाडली बालिकाओं का सम्मान कर योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में बालिकाएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# सीए अग्रवाल एंड अग्रवाल एसोसिएट के नए कार्यालय का विधायक ने किया शुभारंभ



**जागरण, वैढ़न।** अग्रवाल एंड अग्रवाल एसोसिएट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के नए कार्यालय परिसर का आज स्थानीय काली मंदिर रोड नगर निगम पार्किंग के अंदर विधायक राम निवास शाह सीडा के नव नियुक्त अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल व श्याम सुंदर अग्रवाल के हाथों फीता काटकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुभारंभ हो गया। अग्रवाल एंड अग्रवाल एसोसिएट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के नए कार्यालय परिसर के शुभारंभ अवसर पर राज्यमंत्री राधा सिंह भी मौजूद रहीं। गौरतलब है कि सीए प्रतीक अग्रवाल और सीए दीपिका अग्रवाल का यह कार्यालय पूर्व में प्रतीक अग्रवाल एंड एसोसिएट के नाम से शहर के बिलौजी क्षेत्र में संचालित हो रहा था। आज स्थानीय काली मंदिर रोड में सीए प्रतीक अग्रवाल और सीए दीपिका अग्रवाल के इस नए कार्यालय का शुभारंभ शिवधाम मंदिर के संचालक और पुजारी डॉ एनपी शास्त्री ने पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चार व दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर शहर के तमाम प्रबुद्धजन मौजूद रहे। शुभारंभ पश्चात विधायक रामनिवास शाह प्राधिकरण अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह राम शिरोमण शहवाल मधु झा ने सीए प्रतीक.दीपिका अग्रवाल को उनके चैंबर में पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। उद्घाटन कार्यक्रम पश्चात प्रदेश की राज्य मंत्री राधा सिंह ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कर सीए अग्रवाल दंपति को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# संजय गांधी अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में मरीजों को मिल रही हैं अत्याधुनिक सुविधाएं

## उप मुख्यमंत्री ने स्थापित अत्याधुनिक मशीनों का लिया जायजा



**जागरण,रीवा।** विंध्य क्षेत्र के सबसे बड़े चिकित्सा केंद्र, संजय गांधी अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में एक नई और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में स्थापित अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से विभाग ने एक माह से भी कम समय में 61 से अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वयं विभाग का निरीक्षण कर इन उपलब्धियों और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उन्नत ईआरसीपी, एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड, कोलैन्जियोस्कोपी और लिथोट्रिप्सी जैसी मशीनों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और विभाग की दक्षता की सराहना की। मध्यप्रदेश के सबसे उन्नत एडवांस्ड गैस्ट्रोएंटरोलॉजी स्किल लैब के माध्यम से अस्पताल ने न केवल अपनी कार्यक्षमता में वृद्धि की है, बल्कि गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए जीवनदायिनी भी सिद्ध हुआ है। सफल रही 61 प्रक्रियाओं में से एक बड़ी संख्या उन जीवन-रक्षक हस्तक्षेपों की है, जिनमें सक्रिय रक्तस्राव से जूझ रहे मरीजों का समयबद्ध एंडोस्कोपिक हीमोस्टेसिस किया गया। यदि ये आधुनिक सुविधाएं यहाँ उपलब्ध न होतीं, तो मरीजों को अन्य बड़े शहरों के केंद्रों में रेफर करना अनिवार्य हो जाता, जिससे उपचार में देरी के साथ-साथ मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ और जान-माल का खतरा भी बना रहता। वर्तमान में यह विभाग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एम. एच. उस्मानी के नेतृत्व और सह-प्राध्यापक डॉ. प्रदीप निगम के सहयोग से अपनी अधिकतम परिचालन क्षमता पर कार्य कर रहा है। अस्पताल अब उन्नत इंटरवेंशनल एंडोस्कोपी सेवाएं प्रदान करने में आत्मनिर्भर हो चुका है। इन सुविधाओं के विस्तार से अब स्थानीय स्तर पर ही जटिल बीमारियों का सटीक उपचार संभव हो पा रहा है, जिससे क्षेत्र के मरीजों को अनावश्यक रेफरल और आर्थिक चुनौतियों से बड़ी राहत मिली है।

# बॉलीवुड नृत्य डांस ड्रामा गेम्स की रंगारंग प्रस्तुति

## एनटीपीसी सिंगरौली में वनिता समाज एवं बाल भवन के वार्षिकोत्सव का आयोजन






**जागरण, शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में वनिता समाज एवं बाल भवन का वार्षिकोत्सव वनिता की कहानी हमारी जुबानीथीम पर अत्यंत उत्साह एवं गरिमा के साथ नगर परिसर स्थित मनोरंजन केंद्र मे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संदीप नायक परियोजन प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी सिंगरौली श्रीमती प्रज्ञा नायक अध्यक्षा वनिता समाज एवं सभी अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलन गणेश वंदना एवं एनटीपीसी गीत से किया गया। अपने स्वागत सम्बोधन में श्रीमती प्रज्ञा नायक ने सभी उपस्थित जनों को कार्यक्रम में उपस्थति के लिए आभार प्रकट किया गया। उन्होने सभी वनिता समाज की सदस्याओं को इस कार्यक्रम में बढ़.चढ़ कर प्रतिभागिता करने के लिए बधाई दी। इस कार्यक्रम में वनिता समाज की सदस्याओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं सभी उपस्थित द्वारा प्रतिभागिताओं का हौसला बढ़ाया गयाद्य साथ ही टाइनी टॉट्स बाल भवन एवं क्रेच के बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गई जिन्होंने दर्शकों का विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया। तदुपरान्त बॉलीवुड नृत्य डांस ड्रामा गेम्स आदि की रंगारंग प्रस्तुति से प्रतिभागिओं द्वारा सभी का का मन मोह लिया गया इस अवसर पर श्रीमती नीतू मिश्रा सचिव वनिता समाज द्वारा वनिता समाज की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप नायक ने वनिता समाज द्वारा प्रस्तुति कौशल को सराहा एवं एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा निरंतर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया एवं वनिता समाज को इसी प्रकार से समाज कल्याण हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के सी.एच.किशोर कुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण रश्मि रंजन मोहंती महाप्रबंधक प्रोजेक्ट विवेक आर्य सीआईएसएफ़ कमांडेंट सिद्धार्थ मण्डल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण वनिता समाज की सदस्याएं एनटीपीसी कर्मचारियों के परिवार जन यूनियन एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण आदि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीतू मिश्रा सचिव वनिता समाज श्रीमती स्वाति गुप्ता सांस्कृतिक सचिव श्रीमती अनीता स्वर्णकार खेल सचिव द्वारा किया गया। श्रीमती वंदना यादव संयुक्त सचिववनिता समाज द्वारा सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## कल से शुरू होगा आरोह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

**जागरण, वैढ़न।** संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार जिलें में छात्र-छात्राओं के ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदुपयोग और खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से आरोह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 26 का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आगामी 5 से शुरू होकर 4 जून तक संचालित होगा। इस दौरान जिले के विभिन्न विकासखण्डों और जिला मुख्यालय पर फुटबॉल, क्रिकेट, खो-खो, बास्केटबॉल, कुश्ती एवं कबड्डी जैसे खेलों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में फुटबॉल एवं क्रिकेट के शिविर आयोजित किए जाएंगे, जबकि खो-खो का प्रशिक्षण काईटराइज पब्लिक स्कूल और बास्केटबॉल का प्रशिक्षण कन्या महाविद्यालय बैढ़न में दिया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड देवसर के एकलव्य विद्यालय बरगवां में कबड्डी और शासकीय उत्कृष्ट उमावि देवसर में कुश्ती का प्रशिक्षण होगा। चितरंगी विकासखण्ड के शासकीय उत्कृष्ट उमावि एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में फुटबॉल और खो-खो का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है, प्रशिक्षण शिविरों में खिलाड़ियों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

एन सी एल
NCL
नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुंषगी कम्पनी)

निविदा सूचना

सीआईएल एवं अनुषंगी कम्पनियों द्वारा सामाग्री, कार्य एवं सेवाओं हेतु निर्गत सभी निविदाएँ www.coalindia.in / सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी, सीआईएल ई-प्रक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं केंद्रीय लोक प्रक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त GeM Portal https://gem.gov.in के द्वारा भी प्रक्योरमेंट किया जाता है।
R-09

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पन्ना जिले में भव्य सामूहिक विवाह

## झिन्ना धाम अजयगढ़ एवं जनपद पंचायत पन्ना में सजे वैवाहिक मंडप

### मुख्य अतिथि रहे पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह

जागरण, पन्ना

सामाजिक समरसता, सहयोग और बेटी के सम्मान को समर्पित प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत पन्ना जिले में आज भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमामय और उत्सवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अजयगढ़ के प्रसिद्ध झिन्ना धाम तथा पन्ना जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित इस विशाल आयोजन में बड़ी संख्या में जोड़ों ने एक साथ वैवाहिक बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के लिए एक सशक्त सहारा बनकर उभरी है। यह योजना न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान करती है, बल्कि बेटियों के विवाह को सामाजिक सम्मान और गरिमा के साथ संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर बेटी को सम्मानपूर्वक जीवन की नई शुरुआत का अवसर देना है।समारोह के दौरान दोनों स्थानों पर भव्य वैवाहिक मंडप सजाए गए थे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह की सभी रस्में पूरी कराई गईं। एक साथ कई जोड़ों के फेरे, जयमाला और अन्य रस्मों का दृश्य अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा। पूरे आयोजन स्थल पर पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन,परिजनों की खुशियां और आशीर्वाद की गूंज ने माहौल को पूर्णतः उत्सवमय बना दिया।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, जनपद पंचायत के अधिकारियों, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमा प्रदान की। सभी अतिथियों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध और सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।योजना के अंतर्गत पात्र कन्याओं को शासन की ओर से आर्थिक सहायता,गृहस्थी का आवश्यक सामान एवं अन्य उपहार सामग्री प्रदान की गई। इस सहायता से नवविवाहित जोड़ों को अपने जीवन की शुरुआत में सहूलियत मिलती है और आर्थिक बोझ भी कम होता है। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सरल, सुरक्षित और सम्मान जनक बनाना है, जिससे समाज में समानता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। सुरक्षा व्यवस्था, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। दोनों ही स्थलों पर कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ, जिसकी जिले भर में सराहना की जा रही है। यह सामूहिक विवाह समारोह न केवल नवदंपत्तियों के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक बना, बल्कि समाज में सहयोग, एकता और बेटी के सम्मान के संदेश को भी मजबूती से स्थापित करता नजर आया। पन्ना जिले में इस प्रकार के आयोजन सामाजिक सरोकारों को सशक्त करने के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सार्थकता को भी प्रदर्शित कर रहे हैं।






# अवैध शराब का परिवहन कर रहे 02 आरपियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही

## आरोपियों के कब्जे से 07 पेटी(63 लीटर) अवैध शराब कीमती करीब 30 हजार रुपये सहित परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकिल की गई जप्त

**जागरण, पन्ना।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं समस्त एस.डी.ओ.पी. पन्ना के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि. सन्तोष यादव को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से दौउवन टोला से गुखौर की ओर अवैध शराब का परिवहन कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हई जहां मुखविर सूचना के आधार पर घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम ने जयकुमार कुशवाहा (उम्र 42 वर्ष), पिता रामकुमार कुशवाहा, निवासी ग्राम गुखौर एवं विक्रम कुशवाहा (उम्र 19 वर्ष), पिता जयकुमार कुशवाहा, निवासी ग्राम गुखौर,थाना देवेन्द्रनगर को मोटरसाइकिल सहित अभिरक्षा मे लिया गया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से कुल 06 पेटी अवैध देशी शराब एवं 01 पेटी इग्लिश गोवा अवैध शराब (लगभग कुल 63 लीटर) बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत ?30000/- है। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित कुल कीमती करीबन ?80000/- का मशरूका जप्त किया गया। मामले में थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्रमांक 211/26, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि. संतोष सिंह यादव, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी यादव, धीरेंद्र सिंह, शंकर प्रताप सिंह बुंदेला, सत्येंद्र बागरी, आरक्षक बृजेंद्र रैकवार, रोहित बागरी, रोहित शिवहरे, महिला आर. दिव्या सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# कंकाली धाम में संपन्न हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन, परिणय सूत्र में बंधे 80 जोड़े

**पवई।** ग्राम पंचायत बनौली स्थित मां कंकाली मंदिर परिसर में 3 मई को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जनपद पंचायत पवई के तत्वावधान में हुए इस भव्य आयोजन में 80 नवयुगल वैदिक मंत्रोच्चार और निकाह की रस्मों के साथ परिणय सूत्र में बंधे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक प्रहलाद लोधी ने कहा, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है। बेटियों के हाथ पीले करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। शासन हर बेटी के सम्मान और स्वाभिमान के लिए प्रतिबद्ध है। बेटियों का सम्मान ही असली विकास है। उन्होंने सभी नवयुगलों को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, आज का यह आयोजन सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सामूहिक विवाह से फिजूलखर्ची रुकती है और गरीब परिवारों को संबल मिलता है। शासन की यह योजना बेटियों के लिए सुरक्षा कवच है। उन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना भी की। सम्मेलन के लिए मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। भव्य मंडप और स्वागत द्वार आकर्षण का केंद्र रहे। सीईओ अखिलेश उपाध्याय के नेतृत्व में सभी विभागों ने व्यवस्थाएं संभालीं। वर-वधु एवं परिजनों के लिए भोजन, पेयजल की समुचित व्यवस्था रही। कार्यक्रम में



जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहनी मिश्रा एसडीएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार जनपद सदस्य सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

# रैकवार समाज की अनोखी पहल, पिता विहीन बच्ची की शादी में समाज बना सहारा



**पन्ना।** गुनौर समाज सेवा और मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश करते हुए गुनौर में रैकवार समाज ने एक अनोखी पहल की। एक ऐसी बच्ची, जिसके पिता नहीं हैं, उसकी शादी को यादगार बनाने के लिए समाज के लोगों ने तन, मन और धन से सहयोग कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। रैकवार समाज संगठन के सभी सदस्यों ने न सिर्फ विवाह समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, बल्कि आर्थिक सहयोग देकर भी परिवार का सहारा बने। इस पहल ने यह साबित कर दिया कि समाज की एकजुटता से किसी भी जरूरतमंद की बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी आसानी से निभाई जा सकती है। समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठजन और युवाओं ने मिलकर विवाह की सभी व्यवस्थाओं में सहयोग किया। इस नेक कार्य की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है और यह पहल अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणा बन रही है। स्थानीय लोगों का कहना है की इस तरह की सामाजिक एकजुटता ही असली मानवता की पहचान है, जो समाज को मजबूत और संवेदनशील बनाती है। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष राम भगत रैकवार उपाध्यक्ष अजय रैकवार सचिव शंकर रैकवार जीतेंद्र रैकवार सहित संगठन के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

## ससुराल पक्ष ने दहेज मांगने के लगाये आरोप




**पन्ना।** पन्ना जिले के सलेहा थाना अंतर्गत ग्राम भाटिया में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है जानकारी के अनुसार सीमा खातून पति अनीश खान द्वारा फांसी पर लटक कर आत्महत्या करने की घटना बताई गई है। जबकि उक्त मामले में मृतका सीमा खातून की मां गुड्डी बाई ने अपने दामाद पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरी पुत्री को दामाद द्वारा मार कर फांसी पर टांग दिया गया है क्योंकि वह उसको काफी दिनों से दो लाख रूपये लाने की मांग कर रहा था। पुलिस द्वारा संबंधित मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है तथा मामले की विवेचना की जा रही है।

# श्रद्धा सुमन अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

**सतना।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद उत्तराधिकारी परिवार समिति के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुसार 3 मई को कार्यक्रम चांदनी टॉकीज, शिव मंदिर के बगल में निवास रत राजेंद्र अग्रवाल के पिता स्वर्गीय चुन्नीलाल अग्रवाल स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्रवक्ता श्रीमती छाया गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद उत्तराधिकार परिवार समिति जिला सतना के पदाधिकारी प्रदेश महासचिव अरुण प्रताप सिंह, पूर्व महापौर श्रीमती ममता पांडे, श्रीमती सावित्री सिंह, श्रीमती छाया गुप्ता,राकेश मिश्रा, कृष्णेंद्र सिंह,प्रदीप मिश्रा,विश्वनाथ अग्रवाल,विश्वनाथ सोनी, उमेश गुप्ता, डॉ अमित पांडे, सुधा अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, रवि प्रकाश गुप्ता, आराधना अग्रवाल, प्रभात मिश्रा, राम दुबे, अभय नामदेव, हरी बाबू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे । राजेंद्र अग्रवाल द्वारा स्वर्गीय चुन्नीलाल अग्रवाल स्वतंत्रता सेनानी जी के जीवन में प्रकाश डाला, तत्पश्चात राष्ट्रगान कर कार्यक्रम का समापन किया ।राजेंद्र अग्रवाल ने इस अवसर पर संग्रहालय का अवलोकन भी कराया।




# कलेक्टर के आदेश की जिले मे उड़ रही धज्जियां, धड़ल्ले से चल रही बोरिंग मशीनें



**पन्ना।** अजयगढ़ गुनौर एवं सुदूर अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से बोर उत्खनन किया जा रहा है। शासकीय कर्मचारी कलेक्टर के आदेश की अनदेखी कर रहे हैं। सुविधा शुल्क के आधार पर अवैध उत्खनन चल रहा है। एक से एक बड़ी और चौंकाने वाली खबरें सामने आ रही है, जहां कलेक्टर के स्पष्ट आदेश के बावजूद बोरिंग मशीन संचालक खुलेआम नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। भीषण गर्मी और गिरते भूजल स्तर को देखते हुए प्रशासन द्वारा बोरिंग पर प्रतिबंध लगाया गया है, ताकि जल संकट को नियंत्रित किया जा सके। लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बोरिंग मशीनें लगातार संचालित हो रही हैं। बिना अनुमति के नए बोर किए जा रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी इस पूरे मामले में कुंभकरणी नींद में दिखाई दे रहे हैं प्रशासन की सख्ती बेअसर नजर आ रही है। कलेक्टर के आदेश के बाद भी न तो कोई ठोस कार्रवाई हो रही है और न ही नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। इससे साफ है कि या तो प्रशासनिक निगरानी कमजोर है या फिर जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं। बढ़ता जल संकट, फिर भी लापरवाही की जा रही है। लगातार गिरते जल स्तर और भीषण गर्मी के बीच इस तरह की लापरवाही आने वाले समय में गंभीर जल संकट को जन्म दे सकती है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। बोरिंग मशीन संचालकों पर कार्रवाई क्यों नहीं? यह दोहरा मापदंड प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। अब सवाल यह है, क्या प्रशासन इस पर सख्त कदम उठाएगा या यूं ही आदेशों की अनदेखी होती रहेगी?

# नारायण मुक्तिधाम का महापौर ने किया अवलोकन

**जागरण सतना।** समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति द्वारा संत समाज के सानिध्य में जन सहयोग से रीवा रोड स्थित नारायण मुक्तिधाम का नवनिर्माण,विस्तार एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है जिसका 2 मई शनिवार को महापौर योगेश ताम्रकार ने अवलोकन किया इस अवसर पर संरक्षक मनोहर डिगवानी अध्यक्ष विनोद गेलानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संस्था के महामंत्री घनश्याम मंघरानी ने बताया विगत दिवस महापौर से सौजन्य भेंट कर मुक्तिधाम परिसर में दोनों मुखाग्नि स्थल का रिनोवेशन खाली पड़ी भूमि पर पेवर ब्लॉक लगवाने एवं पार्किंग में शेड प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य निर्माण कार्य करवाने की मांग की थी जिसका महापौर ने अवलोकन कर निर्माण कार्य करवाने की स्वीकृत प्रदान की।

# बिजली लाईन से सटी पेडो की डालियो की कटाई छटाई

## सुगरहा फीडर में तारों के टकराने से होता था शार्ट सर्किट



**पन्ना।** शाहनगर अगामी मौसम में बदलाव के चलते दिन और रात मे आंधी तुफान से पेड़ टकराने से विद्युत अवरोध उत्पन्न हो रहा था। जिसको लेकर शाहनगर विद्युत वितरण केन्द्र में पदस्थ जेई अजय कुमार के मार्गदर्शन पर रविवार को कटनी से शाहनगर विद्युत लाईन को दुरूस्त कराया गया। सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत लाईन बन्द कर इस कार्य को शुरू कराया गया जो समय रहते दोपहर 2:40 बजे तक विद्युत कर्मीयों ने पूरी लगन और मेहनत से पूर्ण कर लिया ।बिजली लाईन से सटी पेड़ो(वृक्षों) की टहनियों (डालियो) की कटाई छटाई, सुगरहा फीडर में तारों के टकराने से होता था जिससे शार्ट सर्किट होने से विद्युत अवरोध होता था।

# पुलिस की त्वरित कार्यवाही अंधे कत्ल का किया खुलासा

## सास की हत्या करने वाला दामाद 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बृजपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने ग्राम उड़की में हुई महिला की हत्या के प्रकरण का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी दामाद को मात्र 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी संजय राय, निवासी ग्राम उड़की द्वारा थाना बृजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि शाम लगभग 07ः30 बजे उनके दामाद संदीप विश्वास (निवासी ग्राम गोढा उसरार, जिला सतना) ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी सास रीता राय (उम्र 50 वर्ष) पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण रीता राय की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। **पुलिस कार्यवाही मे खुलासा :** घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पन्ना राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बृजपुर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए गए तथा तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की घेराबंदी कर तलाश की गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी संदीप विश्वास को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि पारिवारिक विवाद एवं घरेलू तनाव के कारण उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा आरोपी के मेमोरंडम कथन के आधार पर सामग्री जप्त की गई। घटना में प्रयुक्त डंडा, हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, खून से सनी शर्ट। इस अंधे कत्ल का सफल एवं त्वरित खुलासा करने में थाना प्रभारी बृजपुर उपनिरीक्षक शक्ति प्रकाश पाण्डेय, सउनि रावेन्द्र सिंह, सउनि अयोध्या प्रसाद, प्रधान आरक्षक राजेश अहिरवार, आरक्षक दिलीप शर्मा, सुधीर अरजरिया, संजय, आरक्षक चालक संतोष तथा साइबर सेल टीम पन्ना की सराहनीय भूमिका रही।

# विश्व तेंदुआ दिवस पर अद्भुत संयोग दक्षिण पन्ना में तेंदुए का सफल रेस्क्यू

## वन विभाग ने पाइप में फंसे तेंदुए को सुरक्षित निकालकर वन क्षेत्र में किया रिलीज



**जागरण, पन्ना।** अमानगंज बफर रेंज के समीप दक्षिण पन्ना वनमण्डल की पवई रेंज के राजस्व क्षेत्र अंतर्गत हिनौती ग्राम में एक तेंदुआ देखा गया। आवारा कुत्ते का पीछा करते हुए तेंदुआ एक संकरे पाइप में प्रवेश कर गया। स्थानीय ग्रामीणों ने पाइप के दोनों सिरों को पत्थरों से बंद कर वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दक्षिण पन्ना वनमण्डल का मैदानी अमला एवं पन्ना टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंचे। पाइप के एक सिरे पर सुरक्षित पकड़ के लिए ट्रैप केज लगाया गया तथा दूसरे सिरे को पूरी तरह बंद किया गया। तेंदुए को केज की दिशा में ले जाने के लिए विभिन्न उपाय अपनाए गए, जिनमें पानी के प्रवाह, कांटेदार झाड़ियों आदि का उपयोग शामिल रहा। अंततः पाइप के व्यास के अनुरूप टायरों को आपस में बांधकर रस्सियों की सहायता से धीरे-धीरे पाइप के भीतर बढ़ाया गया, जिससे तेंदुआ नियंत्रित रूप से केज की ओर बढ़ा और सुरक्षित रूप से पकड़ में आ गया। रेस्क्यू के बाद वन्यप्राणी चिकित्सकीय परीक्षण किया गया, जिसमें तेंदुआ स्वस्थ पाया गया। इसके उपरांत उसे उपयुक्त वन क्षेत्र में सुरक्षित रूप से स्थानांतरित कर छोड़ दिया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में पवई रेंज ऑफिसर नितेश पटेल के नेतृत्व में स्थानीय वन अमले का सराहनीय योगदान रहा। इनमें परिक्षेत्र सहायक बी.के. खरे, वनरक्षक रामजी गर्ग, मनीष वर्मा, सचेंद्र मोहन, दिनेश राठौर, सतेंद्र भदौरिया, मनीष यादव, राहुल पटेल,गायत्री सिंह तथा चालक राजेंद्र खटीक की भूमिका उल्लेखनीय रही। वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव गुप्ता के नेतृत्व में पन्ना टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम (उदयमणि सिंह परिहार, अरविंद रैकवार, तफसील खान, अर्जुल पाल) का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस बल भी तत्परता से उपस्थित रहा।


मिल्क कैपिटल
बनने की दिशा में बढ़ते
मध्यप्रदेश के कदम
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
राज्य स्तरीय
दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
4 मई, 2026 | मेला ग्राउंड, ग्वालियर
समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026
समृद्ध पशुपालक - समृद्ध प्रदेश
दुग्ध उत्पादन
• प्रतिदिन 10 लाख लीटर दुग्ध संकलन
• 26 हजार गांवों को जोड़कर 52 लाख लीटर प्रतिदिन संकलन का लक्ष्य
• 226 लाख टन वार्षिक दुग्ध उत्पादन के साथ मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर
दुग्ध प्रसंस्करण में वृद्धि
• इंदौर में प्रतिदिन 30 मीट्रिक टन क्षमता का दुग्ध चूर्ण संयंत्र प्रारंभ
• 5 वर्षों में दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयों में ₹ 3034 करोड़ का निवेश
• 153 नए बल्क मिल्क कूलर स्थापित
नस्ल सुधार एवं स्वास्थ्य
• हिरण्यगर्भा अभियान से नस्ल सुधार
• गोरस मोबाइल ऐप से संतुलित पशु आहार की जानकारी एवं मोबाइल पशु चिकित्सा
• पशु प्रजनन, पशु पोषण और पशु स्वास्थ्य के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि
दुग्ध समितियां
• वर्तमान में 7000+ ग्रामीण दुग्ध सहकारी समितियां कार्यशील
• 1752 नयी दुग्ध सहकारी समितियां गठित
निराश्रित गौ-वंश प्रबंधन
• निराश्रित गौ-वंश के बेहतर प्रबंधन एवं संरक्षण हेतु 6000+ एकड़ भूमि आवंटित
• गौ-शाला निर्माण में निजी भागीदारी
उन्नत तकनीक उत्पादन
• पशु चारा संयंत्रों का आधुनिकीकरण और निर्माण
• डेयरी वैल्यू चैन का डिजिटलीकरण
मध्यप्रदेश में पशुपालकों की आय वृद्धि के लिए दुग्ध उत्पादन और संकलन बढ़ाने, उन्नत नस्ल के पशु तैयार करने और आत्मनिर्भर गौ-शालाओं तथा निराश्रित गौ-वंश के स्थायी आश्रय जैसे हमारे प्रयासों से वह दिन दूर नहीं जब मध्यप्रदेश को देश की मिल्क कैपिटल के रूप से जाना जाएगा।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
D-11015/26
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP



**मैच 45:** कोलकाता सात विकेट से जीता, सनराइजर्स हैदराबाद की जीत का सिलसिला थमा

# इस सीजन में सनराइजर्स पहली बार ऑलआउट, केकेआर की तीसरी जीत

जेएनएन, हैदराबाद

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने स्पिनरों वरुण चक्रवर्ती (36 रन देकर तीन विकेट) और सुनील नरेन (30 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद अंगकृष रघुवंशी के अर्धशतक की बदौलत रविवार को आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। यह इस सीजन केकेआर की लगातार तीसरी जीत भी है। फॉर्म में लौटे वरुण और नरेन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत केकेआर ने धीमी पिच का पूरा फायदा उठाते हुए हैदराबाद की टीम को 19 ओवर में महज 165 रन पर समेट दिया। इसके बाद रघुवंशी (59 रन) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (43) ने दूसरे विकेट के लिए 11 ओवर में 84 रन की साझेदारी निभाई। इससे टीम ने यह लक्ष्य 10 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 169 रन बनाकर हासिल कर लिया। फिन एलेन ने 13 गेंद में 29 रन बनाए। रिंकू सिंह ने 11 गेंद में नाबाद 22 रन बनाकर टीम को सनराइजर्स की लगातार पांच जीत की लय तोड़ने में मदद की। हैदराबाद 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर, जबकि केकेआर सात अंक लेकर आठवें स्थान पर बरकरार है। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने चौथे ओवर में ही अपने 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी एलेन का विकेट खो दिया, तब टीम का स्कोर 49 रन था। इसके बाद रहाणे और रघुवंशी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। पिछले आठ मैचों में शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हुए रहाणे ने सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है। इससे पहले हैदराबाद की टीम आईपीएल के इस सत्र में पहली बार ऑल आउट हुई। उसके लिए ट्रेविस हेड (61 रन) ने लगातार दूसरा अर्धशतक लगाया। केकेआर ने बीच के ओवरों में शानदार वापसी की, जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने अंतिम 10 ओवर में 60 रन बनाकर नौ विकेट गंवाए।

### प्लेयर ऑफ द मैच वरुण तीन विकेट

सुनील नरेन अपने 197वें मैच में आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले खास क्लब में शामिल हो गए। इस क्लब के अन्य सदस्य भुवनेश्वर कुमार (199 मैच में 215 विकेट) और युजवेंद्र चहल (182 मैच में 228 विकेट) हैं। नरेन ने अपने सभी 201 विकेट केकेआर के लिए झटके हैं। आईपीएल में पहली बार खिलाड़ी ने एक ही टीम के लिए 200 विकेट पूरे किए।

### स्कोर बोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद: 166/10 (19 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का. ग्रीन बो. त्यागी | 15 | 10 | 1 | 1 |
| हेड का. ग्रीन बो. वरुण | 61 | 28 | 9 | 3 |
| इशान का. अनुकूल बो. नारायण | 42 | 29 | 4 | 2 |
| क्लासेन का. पॉवेल बो. ग्रीन | 11 | 8 | 1 | 1 |
| स्मरण का. रहाणे बो. वरुण | 4 | 4 | 1 | 0 |
| अनिकेत का. रहाणे बो. वरुण | 6 | 8 | 1 | 0 |
| सलील अरोड़ बो. नारायण | 2 | 6 | 0 | 0 |
| पेट कमिंस का. एंड बो. अनुकूल | 10 | 8 | 0 | 1 |
| शिवांग का. रघुवंशी बो. वैभव | 1 | 2 | 0 | 0 |
| हर्षल पटेल का. वैभव बो. त्यागी | 6 | 5 | 1 | 0 |
| इशान मलिंगा नाबाद | 2 | 6 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 5, **कुल:** 19 ओवर 165 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन:** 1-44, 2-105, 3-117, 4-122, 5-135, 6-139, 7-148, 8-156, 9-156, 10-165, **गेंदबाजी:** सुनील नारायण 4-0-31-2, वैभव अरोड़ा 3-0-25-1, कार्तिक त्यागी 4-0-30-2, कैमरन ग्रीन 3-0-34-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-36-3, अनुकूल रॉय 1-0-8-1.

**कोलकाता नाइट राइडर्स: 169/3 (18.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का. स्मरण बो. साकिब | 43 | 36 | 4 | 1 |
| एलन का. क्लासेन बो. कमिंस | 29 | 13 | 3 | 2 |
| रघुंवशी का. मलिंगा बो. शिवांग | 59 | 47 | 5 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 22 | 11 | 2 | 1 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 3 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 13, **कुल:** 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 169 रन, **विकेट पतन:** 1-49, 2-133, 3-151, **गेंदबाजी:** अभिषेक 2-0-14-0, पैट कमिंस 4-0-47-1, इशान मलिंगा 3.3-0-42-0, शिवांग कुमार 4-0-31-1, हर्षल पटेल 2-0-17-0, साकिब हुसैन 3-0-17-1.

### आक्रामक शुरुआत नहीं भुना पाई हैदराबाद

हैदराबाद ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद हमेशा की तरह आक्रामक शुरुआत की। उसने पावरप्ले में अभिषेक शर्मा (10 गेंद, 15 रन) का विकेट गंवाकर एक विकेट पर 77 रन बना लिए थे। पावरप्ले में टीम के स्कोर का श्रेय ट्रेविस हेड (61 रन) को जाता है। हेड को इशान किशन (29 गेंद, 42 रन) का अच्छा साथ मिला। यह लगातार तीसरा मैच था, जब हैदराबाद ने पहले 10 ओवरों में 100 से अधिक रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के इस विस्फोटक बल्लेबाज ने अभिषेक के साथ पहले विकेट के लिए 3.4 ओवर में 44 रन जोड़े। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए किशन के साथ 61 रन की साझेदारी की। वैभव अरोड़ा के दूसरे ओवर में हेड ने चार चौके जड़े।

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| केएल राहुल (दिल्ली) | 433 |
| अभिषेक (हैदराबाद) | 425 |
| क्लासैन (हैदराबाद) | 414 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरु) | 17 |
| अंशुल कंबोज (चैन्नई) | 17 |
| इशान मलिंगा (हैदराबाद) | 15 |



### बाउंड्री मीटर

807 छक्के
1377 चौके
87 अर्धशतक



सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने एक मैच जिताऊ पारी खेली। उनके बल्ले से 67 रन निकले, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 | 1.043 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 | 1.420 |
| हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 12 | 0.832 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 | 0.510 |
| गुजरात | 9 | 5 | 4 | 10 | -0.192 |
| चेन्नई | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.005 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.895 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 | -0.751 |
| मुंबई | 9 | 2 | 7 | 4 | 0.803 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.106 |

# अंतिम स्थान पर काबिज मुंबई इंडियंस और लखनऊ के बीच भिड़ंत आज

## वानखेड़े स्टेडियम में वापसी करने उतरेगी हार्दिक की मुंबई

जेएनएन, मुंबई

पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को यदि आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अगर मगर की कठिन डगर की उम्मीदें जीवंत रखनी हैं, तो सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सोमवार को 47वें मुकाबले में उसके कप्तान हार्दिक पंड्या और प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पंड्या (146 रन और चार विकेट) और सूर्यकुमार (186) का अब तक का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिससे मुंबई को काफी नुकसान हुआ है। विशेषकर तब जबकि पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। वह हालांकि अब वापसी की राह पर हैं। मुंबई अपने घर में लखनऊ को होस्ट करेगी और दोनों टीमों की निगाहें अहम दो अंक हासिल करने पर होंगी। लखनऊ पिछले पांच मैचों में लगातार हार झेल चुकी है, तो वहीं मुंबई ने पिछले पांच में से चार मैच गंवाए हैं। मुंबई नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसकी आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं। मुंबई को अगर मगर से क्वालिफाई करने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे और साथ ही अन्य टीम के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी। मुंबई और लखनऊ का इस सत्र में प्रदर्शन एक जैसा रहा है। यह दोनों ही टीमें बल्लेबाजों की सामूहिक विफलता से जूझ रही हैं, जिसने अंतिम चार में पहुंचने की उनकी संभावनाओं को काफी हद तक धूमिल कर दिया है।



### जॉश इंग्लिस का आना लखनऊ के लिए बड़ी राहत

लखनऊ की बल्लेबाजी इस सीजन में औसत रही है, ऐसे में जॉश इंग्लिस का टीम में आना बड़ा बूस्ट माना जा रहा है। पिछले सीजन में पंजाब की कामयाबी में उनका अहम रोल रहा था। उन्होंने मुंबई के खिलाफ भी क्वालिफायर-2 में जसप्रीत बुमराह को अटैक करते हुए शानदार पारी खेली थी। आईपीएल 2025 में इंग्लिस ने 11 पारियों में 278 रन बनाए, औसत 30.9 और स्ट्राइक रेट 163 रहा, जिसमें एक अर्धशतक (73) शामिल था। मुंबई के खिलाफ उनके स्कोर 38(21) और 73 (42) रहे हैं। खास बात ये है कि उन्होंने बुमराह के खिलाफ 18 गेंदों में 34 रन (7 बाउंड्री) बनाए और एक बार भी आउट नहीं हुए।

### बल्लेबाजी यूनिट इस बार रही नाकाम

लखनऊ की गेंदबाजी लगातार अच्छा कर रही है, लेकिन बल्लेबाजी हर बार उन्हें निराश कर रही है। पिछला मैच इसका बड़ा उदाहरण रहा, जहां टीम 155 रन का टारगेट भी चेज नहीं कर पाई। पूरे सीजन में लखनऊ का रन रेट सिर्फ 8.1 रहा है, जो सबसे कम है। केकेआर (8.9), गुजरात (9.3), सीएसके (9.3), दिल्ली (9.6) उनसे आगे हैं। पावरप्ले में भी लखनऊ का रन रेट 7.9 है, जो सबसे कम है। मिडिल ओवर्स (7-16) में भी उनका रन रेट 7.6 है। टीम ने इस सीजन में सिर्फ 55 छक्के लगाए हैं, जो सबसे कम है, और 50+ की साझेदारी भी सिर्फ 4 बार हुई है।

### तिलक और हार्दिक की मुश्किलें जारी

मुंबई ने पिछले मैच में पहले 10 ओवर तक अच्छी शुरुआत की, लेकिन तिलक वर्मा और हार्दिक के क्रीज पर आने के बाद रन गति धीमी पड़ गई। सूर्या के आउट होने के बाद ये दोनों मैच पर पकड़ नहीं बना पाए। तिलक ने नौ पारियों में 193 रन बनाए (औसत 24.1, स्ट्राइक रेट 162, एक शतक 101*), लेकिन स्पिन के खिलाफ उनका प्रदर्शन कमजोर रहा। छह पारियों में सिर्फ 39 रन, पांच बार आउट, औसत 7.8 और स्ट्राइक रेट 108। वहीं पेस के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 186 है। उनके स्ट्राइक रेट में भी बड़ा फर्क दिखता है। दूसरी तरफ हार्दिक ने आठ पारियों में 146 रन बनाए (औसत 20.9, स्ट्राइक रेट 136), और उनका स्ट्राइक रेट समय के साथ गिरता गया।

# बार्सिलोना लगातार दूसरी बार ला लिगा खिताब के करीब

## लेवांडोव्स्की और टोरेस के गोल से ओसासुना को 2-1 से हराया



**बार्सिलोना, जेएनएन।** रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और फेरान टोरेस के गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-1 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बार्सिलोना ने इस तरह से दूसरे नंबर पर काबिज रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली है। इस सप्ताहांत के बाद प्रतियोगिता में केवल चार दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। बार्सिलोना को लगातार दूसरी बार ला लिगा का खिताब जीतने से रोकने के लिए रियाल मैड्रिड को अपने अगले मैच में एस्पेनयोल के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। मैड्रिड की जीत से खिताब की जंग एक और सप्ताह तक खिंच जाएगी, जब बार्सिलोना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड की मेजबानी करेगा। मैच में तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। लेवांडोव्स्की ने 81वें मिनट में हेडर से गोल करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई, जबकि टॉरेस ने पांच मिनट बाद दूसरा गोल दागा। राउल गार्सिया ने 89वें मिनट में ओसासुना के लिए गोल किया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम देने के बावजूद वालेंसिया पर 2-0 से जीत हासिल की। उसने आर्सेनल के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मैच को ध्यान में रखते हुए जूलियन अल्वारेज, अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियानो सिमोन को विश्राम दिया। विलारियल ने लेवांटे को 5-1 से हराकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

## कोस्त्युक ने जीता तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब

जेएनएन, मैड्रिड

यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने रूस की मीरा एंड्रीवा को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। यह कोस्त्युक का तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब है। कोस्त्युक ने फाइनल में पहले सेट में संघर्ष करने के बाद एंड्रीवा को 7-5, 6-3 से हराया। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण किया था और तब से उनके बीच युद्ध चल रहा है। यही कारण था कि दोनों खिलाड़ियों ने मैच के बाद नेट पर हाथ नहीं मिलाया और ना ही पुरस्कार समारोह में एक साथ फोटो खिंचवाई। विश्व में 23वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कोस्त्युक मैच जीतने के बाद क्ले कोर्ट पर गिर पड़ीं और अपने चेहरे पर हाथ रख लिया। बाद में उन्होंने दर्शकों की तालियों के बीच कलाबाजी भरी बैकफ्लिप की। वहीं एंड्रीवा कोर्ट के किनारे अपनी सीट पर बैठ गईं और तौलिए से अपना चेहरा छिपाकर रोने लगीं।



मैड्रिड ओपन के फाइनल में मीरा एंड्रीवा को हराया

## अर्जुन तेंदुलकर ऑक्र्स अंधेरी से जुड़ें इरा जाधव सबसे महंगी महिला खिलाड़ी

**मुंबई, जेएनएन।** ऑक्र्स अंधेरी ने टी-20 मुंबई लीग के पुरुषों और महिलाओं की नीलामी के दौरान अर्जुन तेंदुलकर को 10 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया, जबकि 16 साल की इरा जाधव को आकाश टाइगर्स ने इसी कीमत पर खरीदा। महिलाओं के पहले सत्र की नीलामी के बाद पुरुषों की नीलामी हुई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के दोनों वर्ग के टी-20 टूर्नामेंट आईपीएल के खत्म होने के बाद अगले महीने होने वाले हैं। 26 साल के तेंदुलकर ने पिछले कुछ सत्र में घरेलू क्रिकेट में गोवा का प्रतिनिधित्व किया है। कुल 363 महिला खिलाड़ियों की बोली लगी, जिसमें तीन टीमों ने 50 खिलाड़ियों को चुनने के लिए कुल 1.47 करोड़ रुपए खर्च किए। इस लीग में भारत के कई स्टार खिलाड़ी भी शामिल होंगे, जिन्हें आइकन खिलाड़ी का नाम दिया गया था और नीलामी से पहले उनकी फ्रेंचाइजी ने उन्हें बरकरार कर लिया था। इस सूची में सूर्यकुमार यादव (ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट), श्रेयस अय्यर (सोबो मुंबई फाल्कंस), और अजिंक्य रहाणे (नॉर्थ मुंबई पैंथर्स) शामिल हैं।

### खेल एक नजर

## शिमकेंट में उपविजेता रहे भारत के मानस धामने

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के युवा खिलाड़ी मानस धामने अपने पहले एटीपी चैलेंजर एकल फाइनल में खिताब जीतने से चूक गए और उन्हें रविवार को कजाकिस्तान के शिमकेंट में खेले गए एक कड़े मुकाबले में बेल्जियम के बुवैसर गदामौरी से हार का सामना करना पड़ा। इस 18 साल के भारतीय खिलाड़ी ने दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 6-7(8), 4-6 से हारने से पहले अपनी प्रतिद्वंद्वी के सामने कड़ी चुनौती पेश की। धामने ने पहले सेट में अपने अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को टाई-ब्रेक तक खींच लिया और यहां तक कि सेट प्वाइंट भी हासिल किया, लेकिन गदामौरी 10-8 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी दूसरे सेट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया और बेल्जियम के खिलाड़ी ने निर्णायक बढ़त हासिल करके खिताब अपने नाम कर दिया। फाइनल में हार के बावजूद धामने का प्रदर्शन अच्छा रहा और वह पहली बार शीर्ष 400 में जगह बनाने के लिए तैयार हैं। वह सोमवार को जारी होने वाली नई रैंकिंग में संभवतः अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 384वें स्थान पर पहुंच जाएंगे।

### दीक्षा मॉरिशस में खिताब की दौड़ में

**पोर्ट लुईस (मॉरिशस), जेएनएन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर बोगी मुक्त तीन अंडर 69 के शानदार कार्ड से लेडीज यूरोपीय टूर पर एमसीबी लेडीज क्लासिक-मॉरिशस में खिताब की दौड़ में शामिल हो गईं। एलईटी पर दो बार की विजेता दीक्षा ने पहले दौर में 68 का स्कोर किया और दूसरे दौर के बाद वह सात अंडर पर पहुंच गईं हैं जिससे वह संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। वहीं चार भारतीय खिलाड़ियों में से तीन ने कट हासिल किया।

## थॉमस कपः फ्रांस से 0-3 से हारा भारत, कांस्य पदक से संतोष किया

**होर्सेंस (डेनमार्क), जेएनएन।** भारत की फिर से खिताब जीतने की उम्मीदें थॉमस कप फाइनल्स के सेमीफाइनल में फ्रांस से 0-3 से मिली हार से निराशा में बदल गई और उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। लक्ष्य सेन का नहीं खेलना भारत को भारी पड़ा और एच एस प्रणय भी आयुष शेट्टी और किदांबी श्रीकांत की तरह हार गए। प्रणय को दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी टोमा जूनियर पोपोव के हाथों 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस पूरी तरह से एकतरफा मुकाबले में भारत एक भी गेम जीतने में नाकाम रहा। 2022 की चैंपियन टीम भारत ने सेमीफाइनल में पहुंचकर एक पदक पक्का कर लिया था। इस तरह इस पदक से 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदकों में इजाफा हुआ। फ्रांस इस जीत के साथ डेनमार्क के 2016 में पहला खिताब जीतने के बाद फाइनल में पहुंचने वाला दूसरा यूरोपीय देश बन गया। आयुष को शुरुआती एकल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से और फिर दूसरे एकल में किदांबी श्रीकांत को दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स लैनियर से हार मिली। लक्ष्य सेन की दाहिनी कोहनी में सूजन थी, जिसके बाद 20 साल के आयुष को शुरुआती एकल में उतारा गया। पर आयुष फ्रांस के पोपोव की रणनीति का मुकाबला करने में नाकाम रहे और 39 मिनट में 11-21, 9-21 से पराजित हो गए। इसके बाद सभी की नजरें श्रीकांत पर थीं कि वह मैच बराबर करें, लेकिन दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद भी 16-21, 18-21 से हार गए।

### सिटी स्पोर्ट्स

## अयान का अर्धशतक और अदीब की हैट्रिक से जीती सेंट माइकल



**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच अयान और अदीब के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने अर्जुन अकादमी बीना को तीन विकेट से शिकस्त दी। बीना में खेले गए इस टूर्नामेंट में पहले बल्लेबाजी करते हुए अर्जुन अकादमी ने 147 रन बनाए। सेंट माइकल के अदीब ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक समेत चार विकेट झटके। वहीं मूसा को दो, जबकि हमजा और जकी को एक-एक सफलता मिली। जवाब में सेंट माइकल ने सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर यिा। अयान ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। साहिल ने 35, जबकि रेहान और अदीब ने 20-20 रन का योगदान दिया।

## मध्यप्रदेश की तनिष्का ने स्वर्ण व नितिका आकरे ने जीता रजत





**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने पहली इंडियन इंडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स एवं पोल वॉल्ट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और रजत पदक अर्जित किया। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता दो व तीन मई को भुवनेश्वर में आयोजित की गई। अकादमी की तनिष्का दायमा ने 3.40 मीटर की ऊंचाई के साथ स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं नितिका आकरे ने 3.90 मीटर का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इससे एक दिन पहले कुलदीप कुमार ने पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में 5.41 मीटर की ऊंचाई पार कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने इस प्रदर्शन के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी स्थापित किया। वहीं देव मीणा ने 5.20 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**सतना।** शासकीय सेवाओं में नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार) वर्ष 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट एूंतकेण्उचण्हवअण्पद के माध्यम से किए जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

### उत्कृष्ट कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 15 तक

**सतना।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर प्रदान किए जाएंगे। योजना के तहत चयनित कृषकों को क्रमशः 50 हजार रूपये, 25 हजार रूपये और 10 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस पुरस्कार के लिए वे कृषक आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, रेशम पालन, प्राकृतिक खेती, मधुमक्खी पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्रों में नवाचार तकनीकों को अपनाकर फसल उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि की है।






# रेल्वे ट्रैक पर मृत मिला तेंदुआ तिघरा फाटक के पास हुई घटना

## उचेहरा रेंज का मामला, शव का कराया गया पीएम

**जागरण सतना**

रेल्वे ट्रैक पर एक नर तेदुआ का शव पाये जाने पर हड़कम्प मच गया। लोगो ने घटना की जानकारी वन अमले को दी। जानकारी लगते ही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। यह घटना उचेहरा रेंज के अंतर्गत आने वाले तिघरा फाटक के पास की बताई जा रही है।



### चार से पांच वर्ष का बताया जा रहा मृत तेदुआ

बताया जा रहा है कि रेल्वे पटरी पर मृत मिले तेदुए की उम्र तकरीबन 4 से 5 वर्ष के आसपास थी। प्रथम दृष्टया ही यह माना गया था कि तेदुए की मौत पटरी क्रास करने के दौरान ट्रेन की ठोकर लगने से हुई है। हालांकि तेदुए का पीएम कराया गया है। मौके पर वन विभाग द्वारा डाग स्क्वायड भी बुलाया गया था। घटना शनिवार और रविवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। जानकारी लगते ही उचेहरा रेंजर सचिन नामदेव दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुच गये थे। मुकुंदपुर टाइगर सफारी की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि तेंदुआ रेलवे ट्रैक पार करते समय किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वन विभाग द्वारा अन्य संभावित कारणों को भी ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों की पुष्टि हो पाएगी।

> *तिघरा फाटक के आगे उचेहरा तरफ रेल्वे ट्रैक पर तकरीबन 4 से 5 वर्षीय नर तेदुए का शव मिला है। पीएम कराया गया है जिसमें सर में चोट होने से उसकी मौत बताई गई है। यानी ट्रेन की ठोकर लगने से तेदुए की मौत हुई है।*
>
> ***सचिन नामदेव रेंजर उचेहरा जिला सतना***

## दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार, सभापुर पुलिस ने कार्यवाही कर दबोचा

**जागरण सतना।** दुष्कर्म के एक फरार आरोपी को सभापुर थाना प्रभारी शंखधर दुबे ने गिरफ्तार कर लिया है यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी प्रेमलाल कुर्वे डीएसपी चित्रकूट राजेश बंजारे के मार्गदर्शन मे सभापुर पुलिस द्वारा की गई है।

### ये थी घटना

पुलिस ने बताया कि 29 अप्रैल को 4 लडकों द्वारा एक मूकबधिर लडकी के साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी। जिसको लेकर दो आरोपियों किसन सिंह और अभय नंद द्विवेदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया जबकि दो अप्रैल को अमन गुप्ता को भी जेल भेजा जा चुका है। इसी घटना का एक फरार आरोपी विकास उर्फ गोलू गुप्ता निवासी ग्राम बिहरा थाना कोटर को भी गिरफ्तार किया गया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु ईनाम उद्धोषणा करायी गयी है एवं आरोपी की संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जा रही है । आरोपी के आश्रय दाताओं की भी जांच की जा रही है और उनके विरुद्ध भी विधि संगत कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन वसूली पर सवाल, पार्षद ने पत्र लिख कर जांच की उठाई मांग

**जागरण सतना।** न्यू रामनगर नगर परिषद में वाहन वसूली को लेकर उठे सवाल अब आधिकारिक शिकायत तक पहुंच गए हैं। मामले को लेकर नगर परिषद के एक पार्षद द्वारा लिखित पत्र जारी कर कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग की गई है जिसके बाद नगर परिषद और प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि नगर परिषद क्षेत्र में वाहनों से प्रतिदिन करीब चार हजार रुपए तक की वसूली की जा रही है। आरोप है कि वसूली गई पूरी राशि नगर परिषद के राजस्व खाते में जमा नहीं हो रही। सूत्रों के अनुसार प्रतिदिन की वसूली में से केवल सीमित राशि ही कार्यालय में जमा किए जाने की बात सामने आ रही हैए जबकि शेष राशि को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है जिससे शासन के राजस्व को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। मामले को गंभीर मानते हुए नगर परिषद के एक पार्षद ने पत्र लिख कर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी रीवा संभाग के संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन जिला कलेक्टर एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कराने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि यदि जांच में राजस्व गड़बड़ी सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। फिलहाल मामला चर्चा में है। अब सबकी नजर प्रशासनिक जांच और संबंधित विभाग की कार्रवाई पर टिकी हुई है।



श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय,
अनुविभाग रामनगर जिला मैहर म0प्र0

विषय– नगर परिषद् न्यू रामनगर में वाहन पार्किंग 4000/– (चार हजार) में बाहरी व्यक्ति से ठेका मे देकर वसूली का कार्य कराया जा रहा है कार्यालय में 200 या 400 जमा किया जाता है इसकी जाँच करा कर कार्यवाही किये जाने बावत्।

मान्यवर,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जिनकी ड्यूटी लगी है वाहन पार्किंग वसूली में उनसे न कार्य कराकर बाहरियों व्यक्तियों से विगत 2 वर्षों से अध्य[illegible] दीपा मिश्रा के माध्यम एवं उनके पति के कैलाश मिश्रा के द्वारा यह वाहन वसू[illegible] कार्य कराया जा रहा है कार्यालय में पहले 200 व 400 रुपये अब वर्तमान में 150 जमा किया जाता है और बांकी पैसों का आपसी में बटवारा किया जाता है जिस[illegible] शासन की राशि का दुर्पियोग किया जाता है विगत दो वर्षों की वाहन वसूली बज[illegible] बैठकी की जाँच कराई जाए इसमें गड़बड़ी पाई जाती है तो उनके खिलाफ दण्डनी[illegible] कार्यावाही की जाए और शासन की राशि जमा कराई जाए। एक दिन की वसू[illegible] 4000/– रु. प्रतिदिन के हिसाब से ठेका मे बाहरी व्यक्ति को दिये हैं।

अतः श्रीमान् जी से विनय है कि मौका मे जाँच कर दोषि पाये जाने [illegible] खिलाफ कार्यवाही की जाए जिससे शासन की राशि शासन के खजाने में जमा [illegible] सके।

प्रतिलिपः
01. श्रीमान् प्रमुख्य सचिव महोदय मुख्यमंत्री कार्यालय बल्लभ भवन भोपल।
02. श्रीमान् आयुक्त महोदय संभाग रीवा म0प्र0।
03. श्रीमान् कालेक्टर महोदय जिला मैहर म0प्र0।

दिनांक– 02/5/26

सोनू साकेत
पार्षद वार्ड क्रमांक-09
नगर परिषद् [illegible]
जिला सतना (म0प्र0)

# खेतों में नरवाई जलाने पर 8 किसानों को नोटिस जारी

## नागौद एसडीएम ने की कार्यवाही

**जागरण सतना।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा 9 मार्च 2026 को जारी आदेश के तहत धान एवं गेहूं की कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर के आदेश के उल्लंघन पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी नागौद जितेन्द्र वर्मा द्वारा 8 किसानों को नोटिस जारी किया गया है। इन किसानों में अनुविभाग नागौद अंतर्गत ग्राम शहपुर के रामप्रसाद ढीमर, ओमप्रकाश ब्राम्हण, रामप्रकाश ब्राम्हण, जीवनलाल नाई, जयलाल नाई, विश्वनाथ तथा ग्राम खखरौधा के अवधेश कुर्मी और नरेश कुर्मी शामिल हैं। अनुविभागीय दण्डाधिकारी नागौद ने जारी नोटिस में बताया गया कि डाटा के आधार पर संबंधित किसानों द्वारा अलग-अलग दिनाकों एवं आराजी नम्बर में तहसील नागौद अंतर्गत में नरवाई जलाने की घटना दर्ज की गई। मैदानी जांच में यह मामला सत्य पाया गया। जांच में सामने आया कि किसानों द्वारा अपने-अपने खेतों में नरवाई जलाई गई, जो कि शासन के आदेश का उल्लंघन है। प्रशासन ने इसे दण्डनीय अपराध मानते हुए संबंधित व्यक्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में संबंधित किसानों को 6 मई 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित तिथि पर उपस्थित न होने या संतोषजनक जवाब न देने पर एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए दंडात्मक आदेश पारित किए जाएंगे।

# कमिश्नर ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

**जागरण सतना।** कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने रविवार को रामपुर बघेलान की उपज मंडी पहुंच कर उपार्जन केंद्र की गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं को भी देखा। इस मौके पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस भी उपस्थित रहे। कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने रामपुर बघेलान उपज मंडी के उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान किसानों से बातचीत की। उन्होंने समितियों उपार्जन केंद्र संचालन कर रहे स्व सहायता समूह से कहा कि स्लॉट बुकिंग के समय अनुसार किसानों से उनकी उपज खरीदकर उसी दिन उसका इन्द्रराज करे, ताकि किसानों को उसकी उपज का मूल्य शीघ्र भुगतान किया जा सके। उन्होंने उपार्जन केंद्र से खरीदे गए गेहूं का ट्रांसपोर्टेशन भी समय पर करने के निर्देश दिए। रामपुर बघेलान मंडी में 3 उपार्जन केंद्रों पर खरीदी की जा रही है। कमिश्नर रीवा और कलेक्टर ने बचबई ग्राम पंचायत के रेऊरा स्थित सेलो उपार्जन केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां किसानों के लिए छाया, पेयजल सहित अन्य सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। रेऊरा सेलो से 4 स्व सहायता समूह के उपार्जन केंद्र और 3 समितियों के उपार्जन केंद्रों को संबद्ध किया गया है। उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुभाष मिश्रा, एलआर जांगड़े, जिला प्रबंधक नान पंकज बोरसे, केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंधक एससी गुप्ता, सहायक आयुक्त सहकारिता प्रभाकरण प्रकाश, जिला आपूर्ति अधिकारी सम्यक जैन भी उपस्थित रहे।











# भाजपा जिलाध्यक्ष ने मण्डलों में ली संगठनात्मक बैठकें

**जागरण सतना।** भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे ने भरजुनाए कोटर एवं सेमरवारा में आयोजित हुईं मण्डलों की संगठनात्मक बैठकों में हिस्सा लेते हुए आने वाले समय में होने वाले कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की ! इसके अतिरिक्त जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह ने जैतवाराए श्रीकृष्ण द्विवेदी ने सिंहपुर एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शांतिस्वरूप अग्रवाल ने बिरसिंहपुर मण्डल में आयोजित बैठकों में हिस्सा लेते हुए संगठनात्मक कार्यक्रमों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए । भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे ने बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र के बूथों में टिफिन बैठकों का आयोजन कर संगठनात्मक कार्यों को गति प्रदान करेंगे। टिफ़िन बैठकों के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से ऐसी बैठकों का आयोजन कर हम जमीनी स्तर पर संगठन को एक नई मजबूती प्रदान करेंगे। जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह ने जैतवाराए श्रीकृष्ण द्विवेदी ने सिंहपुर एवं वरिष्ठ नेता शांतिस्वरूप अग्रवाल ने बिरसिंहपुर में आयोजित मण्डलों की बैठकों में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष श्रीमती ममता पांडे, श्रीमती आकांक्षा सिंह, मनीष त्रिपाठी, परशुराम गुप्ता, रामकृष्ण तिवारी, प्रमोद द्विवेदी, ध्रुवराज सिंह, धनंजय सिंह, विष्णु पांडे,शिवाकांत गौतम,सूरज गौतम, रमाकांत द्विवेदी, शीतल पांडे, प्रदीप पांडे, मुकेश पांडे, दिनेश सिंह,राहुल द्विवेदी, प्रीति शर्मा,ओम प्रकाश द्विवेदी, रजनीश मिश्रा,रमाकांत द्विवेदी,प्रमोद द्विवेदी,शांति भूषण पांडे जी,राम लोटन सतनामी,रघुनाथ प्रसाद गौतम,विनीत केसरवानी, राज रूप दहिया,हृदय लाल गौतम,संजय गौतम,भगवान दिन यादव,माया शुक्ला,रेणु साकेत,आरती केसरवानी, गीता कोल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नाबालिग बालिका को पन्ना से खोज कर लाई पुलिस

**जागरण सतना।** एक नाबालिग बालिका को उचेहरा पुलिस पन्ना से खोज लाई है यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश , एएसपी प्रेमलाल कुर्वे एवं रघु केशरी एसडीओपी नागौद के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी उचेहरा एवं टीम द्वारा की गई है। पुलिस ने बताया कि गुम हुई नाबालिक बालिका को मुडवारा जिला पन्ना से 12 घन्टे के अन्दर दस्तयाब कर सुरक्षार्थ उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया ।02 मई को फरियादी दुलीचन्द्र साहू पिता जुगुलकिशोर साहू उम्र 41 वर्ष निवासी इटमा कला थाना उचेहरा जिला सतना के द्वारा अपने नाबालिक पुत्री जो कि सुबह के 9 बजे मजदूरी करने के लिये कहकर गई जो वापस घर नही आई जिसकी पता तलास किया जो कोई पता नही चला कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट करने पर थाना उचेहरा में अप.क्र 171/26 धारा 137(2) बीएनएस का अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया जाकर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अपृहत बालिका की पता तलास कर 12 घन्टे के अन्दर पन्ना से दस्तयाब कर पूछताँछ उपरान्त उसके परिजनों को सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया।






# वर्षो पुराना सीमांकन विवाद सुलझा

**जागरण सतना।** तहसील रघुराजनगर अंतर्गत हल्का डेलौरी के कोरगवां गांव में जमीन के सीमांकन को लेकर दो पक्षों के बीच कई वर्षों से विवाद चला आ रहा था लंबे समय से लंबित इस मामले के कारण क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई थी और दोनों पक्ष समाधान की प्रतीक्षा कर रहे थे। इस जटिल मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार सौरभ मिश्रा ने स्वयं निगरानी रखते हुए समाधान के निर्देश दिए उनके प्रभावी नेतृत्व और मार्गदर्शन में हल्का डेलौरी के पटवारी कृष्ण भूषण त्रिपाठी तथा हल्का लालपुर के पटवारी राजा बाबू पटेल ने मौके पर पहुंचकर सीमांकन की प्रक्रिया पूरी की दोनों पटवारियों ने राजस्व अभिलेखों और स्थल निरीक्षण के आधार पर जमीन की स्पष्ट चौहद्दी निर्धारित की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रही जिससे वर्षों से चला आ रहा विवाद तुरंत समाप्त हो गया। तहसीलदार सौरभ मिश्रा की सक्रिय पहल और टीमवर्क के चलते यह मामला शीघ्र सुलझ पाया विवाद समाप्त होने पर दोनों पक्षों ने संतोष जताया और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं– 1505/57, डाक पंजीयन क्र.– रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः– मोबाइल नं रीवा**– 9098357869, 9425018958 **सतना** – 9993315949 **सीधी**–7089620900 **सिंगरौली**–9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com